आपकी आवाज

दैनिक ट्रिब्यून

वर्ष/VOL : 42 अंक : 61 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ आश्विन 29 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 3.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com | मंगलवार, 15 अक्तूबर, 2019 | www.dainiktribuneonline.com



PUNJAB | HIMACHAL PRADESH

www.chitkara.edu.in | www.chitkarauniversity.edu.in

95011 05633

epaper.dainiktribuneonline.com

राहुल गांधी ने नूंह में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए की रैली, लगाया आरोप

जब युवा प्रधानमंत्री मोदी से नौकरी मांगते हैं तो वे उन्हें चांद दिखाते हैं

कहा-देश की अर्थव्यवस्था पटरी पर नहीं लौटी तो सड़क पर आ जाएंगे लोग

सुरेन्द्र दुआ/निस
नूंह/मेवात,14 अक्तूबर

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि देश का युवा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रोजगार मांगता है तो वे उन्हें चांद दिखाने लगते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के संकट और रोजगार की कमी पर मीडिया और प्रधानमंत्री दोनों चुप हैं। वे लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी यहां कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रदेश प्रभारी गुलाम नबी आजाद, प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा एवं अन्य नेता मौजूद रहे।

■ बोले– प्रधानमंत्री मन की बात तो करते हैं, काम की बात कतई नहीं करते

■ कहा– कांग्रेस सरकारें अपने घोषणा पत्र के वादे कर रही पूरे

राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार ने 15 अमीर लोगों का 5.5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया, नोटबंदी, जीएसटी का मकसद गरीबों की जेबों से पैसा निकालकर अमीरों को देना था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात करते हैं, लेकिन काम की बात कतई नहीं करते हैं, जबकि वे (राहुल गांधी) काम की बात करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था बुरी तरह से लड़खड़ाई हुई है, और इसे पटरी पर नहीं लाया गया तो 6 माह बाद लोग सड़क पर आ जाएंगे।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने राफेल, चीन के राष्ट्रपति से बैठक व अन्य मुद्दों को लेकर भी सरकार पर हमले किए। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस सरकारें काम कर रही हैं, वहां चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने मेवातियों से प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने की अपील करते हुए पार्टी प्रत्याशियों को जिताने का आग्रह किया। इस अवसर पर नूंह से प्रत्याशी आफताब अहमद, पुन्हाना से मोहम्मद इलियास, फिरोजपुर झिरका से मामन खान, हथीन से इसराइल खान कोटिया, सोहना से डॉ शमशुदीन व गुरुग्राम से सुखबीर कटारिया मौजूद रहे। सभा में कांग्रेस नेता दीपेन्द्र हुड्डा, पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, पूर्व विधायक शहीदा खान, हबीबुर्रहमान, पीसीसी सदस्य मेहताब अहमद आदि भी मौजूद रहे।

नूंह में सोमवार को कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रदेश प्रभारी गुलाम नबी आजाद, प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा एकता का प्रदर्शन करते हुए। -निस

गुरुग्राम में लोगों के बीच पहुंचे, बगैर कुछ बोले लौट गए

गुरुग्राम (हप्र): कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में रैली करने आए पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का तीन स्थानों पर जोरदार स्वागत हुआ। लेकिन तीनों ही स्थानों पर वे बिना कुछ बोले हाथ हिलाकर आगे चले गए। राहुल गांधी का सबसे पहले राजीव चौक पर पूर्व राज्यमंत्री सुखबीर कटारिया ने अपने समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया। ताऊ देवीलाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के सामने बड़ी संख्या में कटारिया के समर्थकों ने कांग्रेस के पक्ष में नारेबाजी कर फूल मालाओं से राहुल गांधी का स्वागत किया। यहां राहुल गांधी गाड़ी से उतरे और मौजूद लोगों का अभिनंदन स्वीकार कर सभी से हाथ भी मिलाया। उन्होंने बिना माइक हाथ में लिए गाड़ी की ओर लौटते समय सुखबीर कटारिया को जिताकर कांग्रेस का साथ देने की अपील की। इसके बाद बादशाहपुर में भी वे कमलबीर के चुनाव कार्यालय पर कुछ क्षण के लिए ठहरे और सोहना की ओर उनका काफिला बढ़ गया। यहां गाड़ी से उतरकर वे पार्टी प्रत्याशी शमसुद्दीन के मंच पर तो चढ़े लेकिन लोगों के अनुरोध के बाद भी उन्होंने कुछ बोलने से इनकार कर दिया।

मुख्यमंत्री खट्टर की भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में रैलियां, बयान के विरोध पर बोले

मैंने सैलजा को राधा थोड़े ही कह दिया, यह तो कहावत है

नांगल चौधरी में आयोजित भाजपा की सभा में जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं भाजपा प्रत्याशी डॉ. अभय सिंह व अन्य नेता। -हप्र

हिसार/उकलाना, 14 अक्तूबर (हप्र/एस)

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को उकलाना से भाजपा प्रत्याशी आशा रानी खेदड़ के समर्थन में पाबड़ा गांव और नलवा से प्रत्याशी रणबीर गंगवा के समर्थन में आर्यनगर गांव में जनसभाओं को संबोधित किया।

खट्टर ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में ऐसी घोषणाएं की हुई हैं कि वे पूरी ही नहीं हो सकती, क्योंकि उतना बजट ही नहीं है, इसलिए उन्होंने 'न नौ मण तेल होगा और न राधा नाचेगी' कहावत का जिक्र कर दिया। खट्टर बोले, इसका मतलब यह थोड़े ही है कि उन्होंने कुमारी सैलजा को 'राधा' कह दिया। इसी तरह की कहावतें हैं जैसे, न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी, बंदर के हाथ में उस्तरा, लेकिन कौन सी कहावत किस पर फिट हो जाए, इसका बुरा नहीं मानना चाहिए, क्योंकि कहावतें हमारे पूर्वजों ने बनाई हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक चुनाव में 10 दिन पहले जनता यह बता देती थी कि अब हरियाणा में किस दल की सरकार बनेगी। लेकिन ऐसा पहली बार है कि राज्य में एंटी इंकम्बेंसी नहीं बल्कि प्रो इंकम्बेंसी माहौल है। इस मौके पर हरियाणा वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के चेयरमैन श्रीनिवास गोयल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष सुजीत कैमरी, मार्केट कमेटी चेयरमैन धर्मबीर वर्मा, निगरानी कमेटी चेयरमैन रामफल नैन, प्रो.छतरपाल व अन्य मौजूद रहे।

'विरासत, हिरासत और शराफत में से चुनें'

जुलाना/जींद (हप्र): मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज तीन प्रकार की राजनीति करने वाले लोग जनता के सामने हैं। 21 अक्तूबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव में लोगों को इन तीनों में से एक को चुनना है, जो अच्छे लगें वे चुन लें। एक विरासत की राजनीति है,जो कांग्रेस पार्टी कर रही है। तीन माह बाद भी कांग्रेस को गांधी परिवार से अध्यक्ष नहीं मिला है। दूसरी राजनीति हिरासत की है, हरियाणा में 2 पार्टियां हिरासत में बैठे लोग चला रहे हैं। प्रदेश की जनता इन लोगों को जानती है। खट्टर सोमवार को जुलाना की पुरानी अनाज मंडी में भाजपा उम्मीदवार परमेंद्र सिंह ढुल के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

जुलाना में सोमवार को रैली में सीएम मनोहर लाल पार्टी उम्मीदवार परमेंद्र सिंह ढुल से बात करते हुए। -हप्र

नारनौल में सीएम ने कहा

भाजपा ने प्रदेश से किया जातिवाद, भेदभाव खत्म

नारनौल (हप्र): नांगल चौधरी से भाजपा प्रत्याशी डा. अभय सिंह यादव के पक्ष में सोमवार को रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश से जातिवाद, क्षेत्रवाद और भेदभाव खत्म किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए एक ऐसे जनप्रतिनिधि की आवश्यकता है जो जातिगत राजनीति की दलदल से ऊपर विकास की सोच ही सर्वोपरि समझ कर काम करे। इस बीच नारनौल से इनेलो के प्रत्याशी राजेश सिहार ने आज भाजपा प्रत्याशी ओमप्रकाश यादव के न केवल समर्थन की घोषणा की बल्कि मुख्यमंत्री के सामने भाजपा में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री ने राजेश सीहार का पटका पहनाकर स्वागत किया। रैली में भिवानी-महेन्द्रगढ के सांसद धर्मबीर सिंह, सीकर के सांसद स्वामी सुमेदानंद सरस्वती, अलवर के सांसद बाबा बालकनाथ, मुडांवर के भाजपा विधायक मंजीत चौधरी, हरियाणा विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, पूर्व विधायक फूलचंद भिंडा,भाजपा जिला प्रधान शिवकुमार मेहता व अन्य उपस्थित रहे।

करनाल (हप्र): मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने सोमवार को जजपा पर वार करते हुए कहा कि चुनाव के बाद बच्चा पार्टी 'जमानत जब्त पार्टी' हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जो अपनों के नहीं हो सके वे जनता के क्या होंगे। सीएम मंगलसेन ऑडिटोरियम में प्रबुद्ध लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस मुफ्तखोरी और काम नहीं करने की संस्कृति बनाना चाह रही है।

प्रदेश की पगड़ी और लोकतंत्र बचाने की जरूरत : दीपेंद्र

रोहतक, 14 अक्तूबर (निस)

पूर्व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि आज हरियाणा के मान सम्मान की पगड़ी और लोकतंत्र को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचार के सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं और प्रदेश की जनता अच्छी तरह जानती है।

■ बोले– भाजपा ने भ्रष्टाचार के मामले में तोड़ दिए रिकार्ड, 75 पार सीट नहीं भाजपा का घमंड हुआ सौ पार

■ कहा– कांग्रेस सरकार बनने पर भाजपा के घोटालों की होगी जांच

पूर्व सांसद ने कहा कि आप सभी लोगों को पता है कि लोकसभा चुनाव में ओच्छे हथकंडे अपना कर भाजपा ने उन्हें संसद जाने से रोका है, लेकिन अब प्रदेश की जनता विधानसभा चुनाव में भाजपा का हिसाब कर देगी। पूर्व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा सोमवार को किलोई हलके के गांव लाढौत, भैयापुर में जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में भाजपा सरकार ने हरियाणा में कोई काम नहीं किया बल्कि भाईचारा तोड़ने व प्रदेश को तीन बार आग के हवाले करने का काम किया है। अब चुनाव के समय भाजपा 75 पार का नारा लगा रही है, जबकि, सच्चाई यह है कि प्रदेश में बेरोजगारी और भाजपा का घमंड सौ पार कर चुका है। इस दौरान पूर्व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा का जगह-जगह पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

उन्होंने कहा कि यह मेरे राजनीतिक जीवन का अल्पविराम है, पूर्ण विराम नहीं। लोकसभा चुनाव में मुझे अनैतिक ढंग से हराने के कारण लोगों में जबरदस्त रोष है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने पिछले चुनाव के समय भी हरियाणा के लोगों से 154 वादे किए थे, लेकिन एक भी पूरा नहीं किया। इस चुनाव में भाजपा ने पिछले वादों का हिसाब तक नहीं दिया और फिर से वादे कर डाले। लेकिन लोगों को भाजपा की हकीकत पता चल चुकी है।

प्रधानमंत्री मोदी की बल्लभगढ़ में रैली

फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में सोमवार को विजय संकल्प रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रैली में शिरकत करने आए लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए, साथ हैं केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व अन्य प्रत्याशी। -शिव कुमार

मनोहर सरकार ने समर्पित भावना से किया विकास

मोदी बोले, प्रदेश का हर गांव खुले में शौच मुक्त, 32 हजार से ज्यादा बनाए घर

फरीदाबाद, 14 अक्तूबर (हप्र)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां कहा कि केंद्र सरकार का अनुसरण करते हुए मनोहर सरकार व उनकी टीम ने समर्पित भावना से हरियाणा का विकास किया है। बीते पांच वर्षों में हरियाणा में करीब 9 लाख शौचालय बनाए गए हैं, आज हरियाणा का हर गांव खुले में शौच मुक्त हो चुका है, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 32 हजार से ज्यादा घर बनाए गए।

उन्होंने कहा कि 2022 तक हरियाणा और हिन्दुस्तान के हर गरीब के पास अपना घर होगा, इसके लिए हम तेजी से प्रयास कर रहे हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत तो हरियाणा ने कमाल ही कर दिया, यहां बेटियों को पढ़ाया व आगे बढ़ाया जा रहा है, जो देश के अन्य राज्यों के लिए मिसाल बनी हैं। आयुष्मान योजना का पहला लाभार्थी भी हरियाणा में मिला। राज्य के करीब 25 हजार लोग इस योजना के तहत मुफ्त इलाज करा रहे हैं। बीज से लेकर बाजार तक, यहां की सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। वहीं वन रैंक-वन पेंशन के तहत हरियाणा के 2 लाख फौजियों को इसका लाभ मिल चुका है।

हरियाणा से गहरा नाता : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरा हरियाणा से गहरा नाता है, हरियाणा ने मेरी परवरिश करते हुए मुझे जो संस्कार दिए, मैंने हमेशा उन्हें सर्वोच्च मानते हुए देश व प्रदेश का मान बढ़ाया है। देश में नई सरकार बने पांच महीने भी नहीं हुए, मैंने देशहित में अनेक ऐसे कदम उठाये हैं, जिनसे हर हरियाणवी का सिर तो गर्व से उठा ही, भारत का डंका पूरे विश्व में बजा है। उन्होंने कहा कि जब भी मैं हरियाणा आता हूं, तो लगता है कि मैं अपने घर आया हूं। हरियाणा ने मुझे बहुत सिखाया है। मोदी ने लोगों को देशहित से जोड़ते हुए कहा कि विरोध और प्रतिरोध की राजनीति अब नहीं चलेगी। अब देश सिर्फ और सिर्फ विकास चाहता है। भाजपा के घोषणा-पत्र पर मोदी ने कहा कि यह संकल्प पत्र समर्पण का दस्तावेज होता है, हम संकल्प को पूरा करने का काम तेजी से कर रहे हैं।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, संगठन मंत्री सुरेश भट्ट, राव नरबीर सिंह, भाजपा प्रत्याशी सीमा त्रिखा, राजेश नागर, नरेंद्र गुप्ता, दीपक मंगला, मूलचंद शर्मा, नागेंद्र भड़ाना, सोहनपाल छोकर, अजय गौड़, जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, जगदीश नायर, प्रवीन डागर, नोक्षम चौधरी, जाकिर हुसैन, नसीम अहमद, संजय चौधरी, मनीष यादव सुधीर सिंगला, सत्यप्रकाश, नीरा तोमर व अन्य भाजपा नेतागण मौजूद रहे।

सिरसा में तोमर ने की जनसभा, बोले

मोदी-मनोहर ने जो कहा वह करके दिखाया

सिरसा/नारनौंद, 14 अक्तूबर (निस)

पिछले पांच वर्षों में मोदी व मनोहर सरकार ने वो कर दिखाया, जिसकी किसी ने इतनी जल्दी कल्पना नहीं की होगी। वंशवाद व जातिवाद को भाजपा सरकार ने सिरे से नकारा है। केंद्र व राज्य की सरकारों ने जो भी योजनाएं लागू कीं, वे धरातल पर लागू भी हुईं और लोगों को इन योजनाओं का भरपूर लाभ भी मिला। यह बात केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर ने सोमवार को मल्लेकां में ऐलनाबाद व रानियां से भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से पहले प्रदेश में कुछ परिवारों व लोगों की चलती थी। पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का नाम लिए बगैर तोमर ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि प्रदेश का पूर्व मुख्यमंत्री नौकरियों में भ्रष्टाचार कर जेल की सजा काट रहा है। वहीं नारनौंद में तोमर ने भाजपा प्रत्याशी कैप्टन अभिमन्यु के समर्थन में रैली को संबोधित किया, उन्होंने कहा कि राज्य में रिकॉर्ड विकास के पीछे उनका कौशल है।

अमित शाह का गला खराब, इसलिए नहीं की हरियाणा में रैलियां

हिसार, 14 अक्तूबर (हप्र)

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह का गला खराब होने की वजह से सोमवार को वे हरियाणा में प्रचार के लिए नहीं आ सके। उन्हें टोहाना, ऐलनाबाद व नारनौंद में रैलियों को संबोधित करना था। उनके न आने पर केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर रैलियों में पहुंचे। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत गौतम ने कहा कि शाह का गला खराब हो गया और हल्का बुखार भी है, जिसके कारण उनको भाषण देने में दिक्कत थी, इसलिए हरियाणा के कार्यक्रम रद्द करने पड़े। इससे पहले सिरसा के जिला मीडिया प्रभारी कपिल सोनी ने बताया कि ऐलनाबाद के कार्यक्रम में गृह मंत्री इसलिए नहीं आ पाए क्योंकि उनके बीमार होने की सूचना मिली है। वहीं नरवाना के प्रभारी सज्जन गर्ग ने बताया कि अचानक उनको (शाह) महाराष्ट्र जाना पड़ गया, इसलिए वे नहीं आ पाए।

चालती चाक्की — सत्यवीर नाहड़िया

यारी तगड़ी रैलियां, बड्डी-बड्डी खास।
होण लगी इब रोज रै, सभनै इन तै आस।
सभनै इत तै आस, पास अर फैल करावैं।
सभ म्हं चोक्खी भीड़, ठुकाठुक सारी पावैं।
सभ नै लाया जोर, कसुत्ती सभकी त्यारी।
बेरा पाट्टै खेल, दिखे कूणसी थी न्यारी।।

रेवाड़ी और बादशाहपुर में रोचक हुआ चुनावी मुकाबला

बिहार के दो राजनीतिक घरानों की प्रतिष्ठा हरियाणा में दांव पर

दिनेश भारद्वाज/ट्रिब्यून
चंडीगढ़, 14 अक्तूबर

हरियाणा के विधानसभा चुनाव में बिहार के दो दिग्गज नेताओं – लालू प्रसाद यादव और शरद यादव की प्रतिष्ठा भी दांव पर है।

शरद यादव का तो ससुराल भी हरियाणा में है और उनकी बेटी भी हरियाणा के बड़े सियासी घराने की बहू है। वहीं लालू प्रसाद यादव की बेटी की शादी अहीरवाल के बड़े कांग्रेस नेता कैप्टन अजय सिंह यादव के बेटे के साथ हो रखी है। इन दोनों राजनीतिक परिवारों के सदस्यों को प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने टिकट देकर चुनावी रण में उतारा है। रेवाड़ी हलके से लगातार छह बार विधायक रहे कैप्टन अजय सिंह यादव ने अपनी राजनीतिक विरासत बेटे चिरंजीव राव को सौंप दी है। इसी के चलते उन्होंने अपनी परंपरागत सीट पर इस बार खुद चुनाव लड़ने की बजाय बेटे को चुनाव लड़वाने का फैसला लिया। लालू यादव की बेटी अनुष्का राव, कैप्टन यादव की पुत्रवधू और चिरंजीव राव की पत्नी हैं। कैप्टन अजय यादव ने हालिया लोकसभा चुनाव में गुरुग्राम से चुनाव भी लड़ा था, लेकिन केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के हाथों वे शिकस्त खा बैठे। इससे पहले 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के रणधीर सिंह कापड़ीवास ने उन्हें रेवाड़ी हलके से विधानसभा चुनाव में हराया था। कापड़ीवास टिकट कटने के बाद भाजपा से बागी हो गये और निर्दलीय मैदान में उतरे हुए हैं। कापड़ीवास की वजह से रेवाड़ी हलके का चुनाव उलझ गया है और यहां त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है।

■ लालू यादव के दामाद तो शरद यादव के समधी डटे चुनावी रण में

चिरंजीव राव रेवाड़ी से

युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रहे हैं। पिता कैप्टन अजय सिंह यादव फौजी रहे हैं और फौज से रिटायर होने के बाद सियासत में कदम रखा। लगातार छह बार रेवाड़ी से विधायक बनने का रिकार्ड उनके नाम दर्ज है। हुड्डा सरकार में सिंचाई व बिजली मंत्री रहे। वित्त विभाग सहित कई अन्य विभागों को भी संभाल चुके हैं।

कमलवीर सिंह

बिहार के वरिष्ठ नेता शरद सिंह यादव के समधी हैं। भाई राव नरबीर सिंह खट्टर सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे हैं। बंसीलाल सरकार में भी नरबीर मंत्री रह चुके हैं। कमलवीर के दादा राव रामजी लाल अंग्रेजी शासनकाल में नालागढ़ एस्टेट के प्रधानमंत्री रहे। उनके दादा राव मोहर सिंह सांसद व मंत्री रहे। पिता राव महाबीर सिंह भी मंत्री रहे।

चिरंजीव राव के नामांकन-पत्र दाखिल कराने के मौके पर उनके साले व लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव आए थे। बिहार के डिप्टी सीएम रहे तेजस्वी का परिवार भी अपने दामाद के लिए रेवाड़ी में प्रचार कर रहा है। वहीं गुरुगाम जिले की बादशाहपुर सीट पर भी पूरा संग्राम मचा हुआ है। यहां से निवर्तमान विधायक एवं कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह की टिकट भाजपा ने काट दी। उनके बदले पार्टी ने युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मनीष यादव को बादशाहपुर से उतारा है।

वहीं कांग्रेस ने यहां बड़ा दांव चलते हुए राव नरबीर सिंह के भाई कमलवीर यादव को टिकट दे रखी है। कमलवीर यादव पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा सांसद शरद यादव के समधी हैं। शरद यादव की बेटी सुभाषिनी यादव, कमलवीर के बेटे राजकमल राव की पत्नी हैं। माना जा रहा है कि शरद यादव की सिफारिश पर ही कांग्रेस ने कमलवीर को टिकट दिया है। शरद यादव जब जेडीयू अध्यक्ष हुआ करते थे तो उन्होंने कमलवीर को हरियाणा का प्रधान बनाया हुआ था।

आपकी आवाज

दैनिक ट्रिब्यून

वर्ष/VOL : 42 अंक : 61 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ आश्विन 29 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 3.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com | मंगलवार, 15 अक्तूबर, 2019 | www.dainiktribuneonline.com

कोहली टेस्ट रैंकिंग में स्मिथ के करीब पहुंचे -पेज 9

पीएमसी बैंक मामले पर सरकार की नजर -पेज 10

हरियाणा विधानसभा चुनाव में पीएम की पहली रैली, खट्टर को बताया मजबूत कप्तान

डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है भला : मोदी

कहा- बिखरी टीम समेटने को जोर लगा रहा विपक्ष

राजेश शर्मा/देशपाल सौरोत/राजेश नागर
फरीदाबाद, 14 अक्तूबर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को शहीद राजा नाहर सिंह की धरती बल्लभगढ़ से कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार को लेकर वार किये। वहीं, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा के विकास के लिए आज डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। एक इंजन दिल्ली से कमान संभाल रहा है, जबकि दूसरा इंजन हरियाणा में रहकर विकास की रफ्तार बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार ही लोगों का भला कर सकती है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में हरियाणा में भाजपा के कैप्टन की बात करने वाले विपक्षी दल आज अपनी बिखरी टीम को समेटने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। वो खुद को जितना समेटने की कोशिश कर रहे हैं, उतना ही रोज बिखरते जा रहे हैं, जबकि भाजपा के पास मनोहर लाल के रूप में मजबूत और सक्षम कैप्टन है, जिसने 5 साल में हरियाणा को विकास की नयी बुलंदियां दी हैं।

बल्लभगढ़ में विजय संकल्प रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानस्वरूप पगड़ी बांधकर स्वागत करते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर। - शिव कुमार

मोदी ने कहा, अपने-अपने स्वार्थ व अहंकार के कारण अपने-अपने कुनबे की हिफाजत के लिए बिखरने वाले लोग हरियाणा के विकास के बारे में क्या सोच पाएंगे और इस प्रदेश का क्या भला करेंगे।

बल्लभगढ़ के सेक्टर-61 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में आयोजित विजय संकल्प रैली में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. अनिल जैन के अलावा पलवल, फरीदाबाद, मेवात व गुरुग्राम जिलों के 16 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी भी शामिल हुए। गुर्जर ने पगड़ी बांधकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक दलों ने हरियाणा को भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा दिया था। यहां सरकारी भर्ती का मतलब रिश्वतखोरी था और यही कारण था कि इस लूटकांड में फंसे कई नेता जेल की सलाखों के पीछे हैं। लेकिन, मनोहर लाल की सरकार में यह स्थिति बदल चुकी है। अब नौकरी के लिए चक्कर लगाने की नहीं, बल्कि योग्यता की जरूरत होती है। फरीदाबाद के विकास का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि पलवल, बल्लभगढ़, फरीदाबाद में बेहतर यातायात कनेक्टिविटी की सुविधाएं बढ़ी हैं।

पेज II भी देखें

कांग्रेस को 370 से प्यार तो इसे मुद्दा बनाये

अनुच्छेद 370 और 35ए के प्रावधान हटाये जाने का श्रेय देश की 130 करोड़ जनता को देते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को चुनौती दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि कांग्रेसियों को अनुच्छेद 370 से इतना ही प्यार है, तो चुनावों में गांव-गांव जाकर इसे मुद्दा बनाते हुए लोगों को इसके लाभ बताएं। दम है तो चुनावी घोषणा पत्र में 370 को बहाल करने का वादा करें।

राफेल का विरोध धरा रह गया : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राफेल को लेकर विरोध करने वाली कांग्रेस की तमाम कोशिशें धरी की धरी रह गयीं। पहला राफेल वायुसेना को सौंपा जा चुका है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में शहीद होने वाले वीर सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने देश की सुरक्षा के लिए सैनिकों के हाथ खोलकर उन्हें आधुनिक विमानों, हेलीकॉप्टरों, बुलेटप्रूफ जैकेटों, आधुनिक मिसाइलों से मजबूत किया है। जबकि, पिछली सरकारों ने सेना के हाथ बांधे हुए थे।

मुस्लिम पक्ष का आरोप

'हिन्दू पक्ष से नहीं सिर्फ हमसे किये जा रहे सवाल'

नयी दिल्ली, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

अयोध्या विवाद

सुप्रीमकोर्ट में सोमवार को राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद की सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्षकारों ने आरोप लगाया कि इस मामले में हिन्दू पक्ष से नहीं बल्कि सिर्फ हमसे ही सवाल किये जा रहे है। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष 38वें दिन की सुनवाई शुरू होने पर मुस्लिम पक्षकारों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने यह टिप्पणी की।

कोर्ट में धवन ने कहा, 'माननीय न्यायाधीश ने दूसरे पक्ष से सवाल नहीं पूछे। सारे सवाल सिर्फ हमसे ही किये गये हैं। निश्चित ही हम उनका जवाब देंगे।

शेष पेज 10 पर

अभिजीत बनर्जी, पत्नी डुफ्लो, क्रेमर को अर्थशास्त्र का नोबेल

स्टॉकहोम, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

भारतीय-अमेरिकी अभिजीत बनर्जी को वर्ष 2019 के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। उन्हें यह पुरस्कार फ्रांस की एस्थर डुफ्लो, जो उनकी पत्नी है, और अमेरिका के माइकल क्रेमर के साथ संयुक्त रूप से दिया गया है। पुरस्कार 'वैश्विक स्तर पर गरीबी उन्मूलन के लिए किये गये कार्यों के लिये दिया गया।

नोबेल समिति के सोमवार को जारी एक बयान में तीनों को 2019 का पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई। बयान के मुताबिक, 'इस वर्ष के पुरस्कार विजेताओं का शोध वैश्विक स्तर पर गरीबी से लड़ने में हमारी क्षमता को बेहतर बनाता है।'

मुंबई में जन्में बनर्जी (58) ने कलकत्ता विवि और जेएनयू से पढ़ाई की। 1988 में उन्होंने हावर्ड विश्वविद्यालय से पीएचडी की।

अभिजीत बनर्जी

एस्थर डुफ्लो

माइकल क्रेमर

वर्तमान में वह मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अर्थशास्त्र के फोर्ड फाउंडेशन अंतरराष्ट्रीय प्रोफेसर हैं। बनर्जी ने वर्ष 2003 में डुफ्लो और सेंडिल मुल्लाइनाथन के साथ मिलकर अब्दुल लतीफ जमील पावर्टी एक्शन लैब (जे-पाल) की स्थापना की। वह प्रयोगशाला के निदेशकों में से एक हैं। बनर्जी संयुक्त राष्ट्र महासचिव की '2015 के बाद के विकासात्मक एजेंडा पर विद्वान व्यक्तियों की उच्च स्तरीय समिति' के सदस्य भी रह चुके हैं।

बहुत बुरा प्रदर्शन कर रही है भारतीय अर्थव्यवस्था : बनर्जी

न्यूयॉर्क (एजेंसी) : नोबेल के लिए नाम की घोषणा के बाद अभिजीत बनर्जी ने कहा, 'सरकार द्वारा समस्या की पहचान करने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत बुरा (प्रदर्शन) कर रही है।' शहरी और ग्रामीण इलाकों में औसत खपत के अनुमान बताने वाले नेशनल सैंपल सर्वे के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, 'हम जो तथ्य देख रहे हैं, उसके मुताबिक 2014-15 और 2017-18 के बीच आंकड़े थोड़े कम हुए हैं। ऐसा कई सालों में पहली बार हुआ है, तो बहुत बड़ी चेतावनी का संकेत है।'

शिमला में भूकंप का हल्का झटका

नयी दिल्ली (एजेंसी) : शिमला में सोमवार रात 10 बजकर 23 मिनट पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 3 थी और इसका केंद्र शिमला में 5 किलोमीटर की गहराई में था।

खुदरा मुद्रास्फीति 14 महीने के उच्च स्तर पर

नयी दिल्ली (एजेंसी) : सब्जी और दाल महंगी होने से खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में 14 महीने के उच्च स्तर 3.99 फीसदी पर पहुंच गयी। हालांकि, यह आरबीआई के 4 फीसदी के अनुमान के दायरे में है। वहीं, थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति गिरकर 3 साल से अधिक के निचले स्तर 0.33 फीसदी पर रही।

ताऊ बोल्या संदीप जोशी

पार्टियां कर रहीं हैं अनेक वादे

टेंशन ना ले, वोटर जी महाराज 24 तारीख को अपणे आप जमीन पै उतर जैगा।

एटीएस प्रमुखों की बैठक में बोले एनआईए प्रमुख

भारत में पांव पसारने की कोशिश में जेएमबी

नयी दिल्ली, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के प्रमुख वाईसी मोदी ने सोमवार को कहा कि जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) भारत में पांव पसारने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 125 संदिग्धों की सूची विभिन्न राज्यों के साथ साझा की गई है।

एटीएस प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जेएमबी ने झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक और केरल में बांग्लादेशी प्रवासियों की आड़ में अपनी गतिविधियां शुरू कर दी हैं।

एनआईए प्रमुख वाईसी मोदी और एनएसए अजीत डोभाल।

एनआईए के महानिरीक्षक आलोक मित्तल ने कहा कि 2014 से 2018 के बीच जेएमबी ने बेंगलुरु में 20 से 22 ठिकाने स्थापित किए और दक्षिण भारत में पैर पसारने की कोशिश की।

पाक पर सबसे बड़ा दबाव एफएटीएफ का : डोभाल

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि पाकिस्तान पर अपनी धरती से आतंकवादी समूहों पर काबू पाने के लिए सबसे बड़ा दबाव वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) का है। एटीएस प्रमुखों की बैठक में उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में कोई भी देश युद्ध करने की स्थिति में नहीं है, क्योंकि इसमें जानमाल का बड़ा नुकसान होगा और कोई भी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है। डोभाल ने कहा कि एफएटीएफ ने पाक पर इतना दबाव बनाया है, जितना पहले किसी ने नहीं बनाया था।

आतंकवाद के खिलाफ पारदर्शी मीडिया नीति जरूरी

डोभाल ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जंग में धारणा प्रबंधन एक अहम हिस्सा है और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पारदर्शी मीडिया नीति अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जंग में मीडिया बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। जैसा मार्गरेट थेचर (पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री) ने कहा, अगर आतंकवादी कार्रवाई करते हैं और मीडिया चुप रहता है तो आतंकवाद खत्म हो जाएगा। आतंकवादी लोगों को डराते हैं। अगर मीडिया नहीं लिखेगा तो किसी को पता नहीं चलेगा। डोभाल ने कहा, इसलिये एक पारदर्शी मीडिया नीति होनी चाहिए।

कश्मीर में पोस्टपेड मोबाइल फोन सेवा बहाल

श्रीनगर, 14 अक्तूबर (हप्र)

कश्मीर घाटी में सोमवार को सभी नेटवर्क की पोस्टपेड मोबाइल सेवा बहाल कर दी गई। पाबंदियों के चलते 72 दिन से यह ठप थी। सोमवार दोपहर तक करीब 40 लाख मोबाइल फोन पर पोस्टपेड सेवा शुरू हुई।

पी-पेड और इंटरनेट के लिए इंतजार

जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा केंद्र सरकार द्वारा खत्म करने और प्रदेश को 2 केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद 5 अगस्त से यहां पाबंदियां लगा दी गई थीं।

राजस्थान के ट्रक ड्राइवर की हत्या

श्रीनगर (एजेंसी) : जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सोमवार को एक संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिक समेत दो आतंकवादियों ने राजस्थान के एक ट्रक ड्राइवर की गोली मारकर हत्या कर दी और एक बाग के मालिक से मारपीट की। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान शरीफ खान के रूप में की गई है। घाटी में फलों से भरे ट्रकों की आवाजाही शुरू होने से हताश होकर आतंकवादियों ने शीरमाल गांव में यह हमला किया।

epaper.dainiktribuneonline.com

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा बोले

भाजपा का घोषणा पत्र नये झूठ का पुलिंदा

सोनीपत, 14 अक्तूबर (हप्र)

पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा का चुनावी घोषणापत्र नये झूठ का पुलिंदा है। ऐसा ही एक झूठ का पत्र भाजपा ने 2014 के चुनाव में भी जारी किया था। इसमें से पांच साल में एक भी वादा पूरा नहीं किया गया।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा सोमवार को गन्नौर हलके से उम्मीदवार कुलदीप शर्मा के समर्थन में प्रचार रहे थे। उन्होंने गुमड, खुबड़ू, पुगथला, बजाना खुर्द, बजाना कलां, नादीमपुर माजरा, कैलाना, पुरखास राठी समेत कई गांवों में प्रचार किया। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस राज में प्रदेश के चार शहरों को मेट्रो से जोड़ा गया। लेकिन भाजपा ने पिछले पांच साल में एक इंच मेट्रो आगे नहीं बढ़ने दी। इस बार सरकार बनी, तो बहादुरगढ़ मेट्रो को सोनीपत और रोहतक पहुंचाने का काम करेंगे। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस का राज बनने पर प्रदेश से अपराध और अपराधी दोनों का सफाया करेंगे।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को सारी सुविधाएं दी जाएंगी। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि सरकार बनते ही बीपीएल परिवार के घर की महिला को चूल्हा खर्च के नाम पर 2000 रुपये हर महीने देंगे। हरियाणा रोडवेज में महिलाओं का कोई किराया नहीं लगेगा। महिलाएं जब चाहे पीहर जा सकेंगी और जब चाहे ससुराल जा सकेंगी। इस मौके पर उनके साथ कांग्रेस उम्मीदवार कुलदीप शर्मा, प्रदीप सांगवान, मनोज रिढाऊ, सुरेंद्र दहिया, सतप्रकाश शर्मा, जयपाल कादियान, देवेंद्र कादियान, अनूप मलिक मौजूद थे।

झज्जर के गांव लड़ायण में सोमवार को कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील करते पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा। -हप्र

महिला पीहर जावे या ससुराल,बस का भाड़ा देगी सरकार

झज्जर (हप्र) : भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एक बार फिर से चौधर का नारा देते हुए अपने क्षेत्र की जनता की नब्ज टटोली है। उन्होंने कहा है कि हवा का रुख पलट चुका है और अब बहुत जल्द ही हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। जैसे ही सरकार बनेगी चौबीस घंटे के भीतर पहली कलम से जहां किसानों के कर्ज को माफ किया जाएगा, वहीं गरीब की तीन सौ यूनिट तक के बिजली बिल को बिल्कुल माफी किया जाएगा। गांव लड़ायण में जाखड़ खाप के चबूतरे पर 3 गांवों की चुनावी सभा को सम्बोधित किया। महिलाओं के लिए एक घोषणा करते हुए हुड्डा ने कहा कि महिला पीहर जावै,चाहे ससुराल उसका भाड़ा मुफ्त होगा और वह भाड़ा सरकार भरेगी। पूर्व सीएम ने गीता भुक्कल को बहादुर विधायक बताते हुए कहा कि गीता को पड़ने वाला एक-एक वोट उनके खाते में जाएगा और वह यह भी वायदा करते है कि भुक्कल के जीतने के बाद वह सरकार में मंत्री भी बनेगी।

जनसभा में अनिल विज बोले

मोदी ने धारा-370 पर की सर्जिकल स्ट्राइक

अंबाला, 14 अक्तूबर (निस)

भाजपा उम्मीदवार अनिल विज ने सोमवार को कच्चा बाजार, कबीर नगर, क्रास रोड, अग्रवाल निवास समेत कई स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित किया और कहा कि जनता ने लोकसभा चुनावों में भाजपा की झोली में 303 सीटें डाली। जिसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा-370 का सर्जिकल स्ट्राइक कर दिया। जम्मू-कश्मीर देश का अभिन्न अंग है, लेकिन नेहरू द्वारा लगाई धारा-370 के परिणामस्वरूप कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश एक होता हुआ भी एक नजर नहीं आ रहा था। मोदी ने धारा 370 हटाकर देश में एक संविधान लागू किया।

अनिल विज ने कहा कि इस कार्य के अलावा देश में पहली बार ऐसा हुआ है

कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छता की बात की हो। लोगों को 10 करोड़ शौचालय बना कर दिए और लकड़ी व कोयले के जलते चूल्हे के धुएं से माता और बहनों की खराब होती आंखों का एहसास किया। धुएं से मुक्ति के लिए 8 करोड़ लोगों के घर में गैस कनेक्शन मुहैया कराया। इसके अलावा जीरो बैलेंस के 32 करोड़ खाते खुलवाए, जिसमें 80 हजार करोड़ राशि जमा है।

भाजपा का थामा दामन : भाजपा के मीडिया प्रभारी बलकेश वत्स व विजेंद्र चौहान ने बताया कि जनसभा के दौरान प्रदीप गोयल, मनीष अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, सौरभ समेत कई लोगों ने पार्टी ज्वाइन की।

मां प्रेमलता के लिए सांसद बेटे बृजेंद्र सिंह ने घर-घर मांगे वोट/कहा

उचाना में भाजपा के पक्ष में माहौल, जीत के मार्जिन पर हो रही चर्चा

जींद, 14 अक्तूबर (हप्र)

हिसार से सांसद बृजेंद्र सिंह ने सोमवार को अपनी मां एवं भाजपा उम्मीदवार प्रेमलता के लिए सड़क नापी और उचाना पुरानी मंडी, कपास मंडी में घर-घर जाकर संपर्क किया और 21 अक्तूबर को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह उनका गृह क्षेत्र है। उनके पिता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के साथ हलके लोग हर राजनीति के अच्छे, बुरे दौर में खड़े नजर आए है। आज भाजपा के पक्ष में एक तरफा माहौल बन रहा है। यहां पर मॉर्जन जीत का कितना हो इसको लेकर चर्चा लोगों में है। दुष्यंत चौटाला द्वारा जींद को अपनी कर्मभूमि बताए जाने पर बृजेंद्र सिंह ने कहा कि वे जहां भी जाते हैं उसको अपनी कर्मभूमि बताते है, जो उनकी सिरसा है,उसको नहीं बताते। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद जजपा की हालत बेहद नाजुक हो चुकी है। उचाना सहित आस-पास के क्षेत्रों में भाजपा के पक्ष में लोकसभा चुनाव से भी ज्यादा माहौल बना हुआ है।

उचाना मंडी में सोमवार को मां के लिए प्रचार करते सांसद बृजेंद्र सिंह। -हप्र

दूसरी पार्टी छोड़कर ज्वाइन की भाजपा

सांसद बृजेंद्र सिंह की मौजूदगी में बड़ौदा के नरेंद्र, नरेश, सुरेंद्र,भौगरा गांव में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह की मौजूदगी में राजकुमार शर्मा, घनश्याम, केदारा, पं. चरणजीत के नेतृत्व में जजपा छोड़ कर भाजपा को अपना समर्थन दिया। प्रेमलता की मौजूदगी में दलबीर, दिलबाग समेत कई लोगों ने उनका समर्थन किया।

जनसभाओं में रणदीप सुरजेवाला बोले

घोषणा पत्र के सभी वादे करेंगे पूरे

कैथल, 14 अक्तूबर (हप्र)

कांग्रेस प्रत्याशी रणदीप सुरजेवाला ने सोमवार को मार्किट की हर दूकान पर जाकर अपने लिए वोट की अपील की। रेलवे गेट, छात्रावास रोड़, निरवानिया बिल्डिंग, अशोका रोड, भगत सिंह क्लाथ मार्केट में जनसंपर्क किया, इसके बाद शहर में जनसभा को संबोधित किया। सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र के सभी वायदे पूरे करेगी। भाजपा ने जो घोषणा पत्र जारी किया है वो जनता के साथ मात्र एक छलावा है क्योंकि भाजपा ने आज तक 2014 का घोषणा पत्र में किए वायदे भी पूरे नहीं किए। इस घोषणा पत्र ने भी साबित किया है न पहले किया न आगे वादे पूरे करेंगे। भाजपा राज में बाजार सुस्त पड़ा है। दुकानदार के पास काम नहीं है, अर्थव्यवस्था का दीवाला निकल चुका है। भाजपा सरकार में एक मंदी और दूसरी तरफ तालाबंदी का आलम सिर चढ़कर बोल रहा है।

कृष्ण पंवार को दिया समर्थन

पानीपत, 14 अक्तूबर (एस)

इसराना के गांव अहर में ब्राह्मण समाज की एक बैठक मास्टर हवा सिंह डिडवाड़ी की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर फैसला लिया गया कि विधानसभा चुनाव में इसराना से भाजपा उम्मीदवार कृष्ण लाल पंवार का ब्राह्मण समाज समर्थन करता है और चुनाव में उन्हें विजयी बनायेगा।

दूसरी ओर भाजपा के उम्मीदवार कृष्ण लाल पंवार ने आदियाना व बलाना गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया और ग्रामीणों से वोट की अपील की। पंवार ने कहा कि जिस तरह से उन्हें सहयोग मिल रहा है उससे लगता है कि इस बार भारी बहुमत के साथ कमल का खिलना तय है।

जनसंपर्क करते रामबिलास शर्मा बोले

कांग्रेस शासन में अपराध का अड्डा बन गया था महेंद्रगढ़

महेन्द्रगढ़ के गांव खैरोली में सोमवार को जनसभा में लोगों को संबोधित करते शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा। -निस

महेंद्रगढ़, 14 अक्तूबर (निस)

रामबिलास शर्मा ने कहा कि कांग्रेस जो कहती है वह करती नहीं और जो करती है उसके बारे में बताती नहीं। कांग्रेस शासनकाल में महेंद्रगढ़ क्षेत्र प्रॉपर्टी डीलिंग व अपराध का बहुत बड़ा अड्डा बन गया था। किसान का पशुधन भी सुरक्षित नहीं था। जबकि हमने पिछले 5 साल में महेन्द्रगढ़ में विकास के नये आयाम स्थापित करके हर व्यक्ति का उत्थान किया।

रामबिलास शर्मा ने सोमवार को गांव खरौली, बैरावास, गडानियां, पाल, खेड़की, निहालावास व पल्ह गांवों में लोगों को संबोधित किया और यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में महेन्द्रगढ़ क्षेत्र से आये दिन किसानों की भैसें चोरी होती थी। भैंस चोरी रोकने के लिए यहां आंदोलन भी हुये और किसानों को लाठियां भी खानी पड़ी। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के लोग जमीनों पर अवैध कब्जे करते थे तथा भोले-भाले किसानों को सरकार का भय दिखाकर उनकी जमीन कौड़ियों के भाव में खरीदते थे। बाद में करोड़ों का मुनाफा कमाकर उसको बेच देते थे।

8 हजार युवाओं को मिली नौकरी

भाजपा नेता रामबिलास शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया और महेन्द्रगढ़ में 8 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां दी गई। गांवों में दौरे के दौरान शिक्षा मंत्री का जगह-जगह फूल मालाओं व पगड़ा पहनाकर सम्मान किया गया।

समर्थकों से रूबरू अशोक तंवर का हुड्डा गुट पर निशाना

कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने वालों को भुगतना होगा परिणाम

झज्जर, 14 अक्तूबर (हप्र)

छावनी मोहल्ले की खटीक धर्मशाला में सोमवार को अपने समर्थकों से रूबरू कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक तंवर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व उनके गुट से जुड़े रहे कांग्रेस विधायकों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने कांग्रेस में रहकर कांग्रेस को ही नुकसान पहुंचाया है उन्हें अब व्यक्तिगत नुकसान का परिणाम भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि जनता समझदार है और उसे पता है कि कांग्रेस में रहकर धरातल पर किसने काम किया है और किस नेता ने पार्टी को नुकसान पहुंचाया। तंवर यहीं नहीं रुके और कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटाने के लिए हुड्डा गुट में रहकर मुहिम चलाने वाले विधायकों पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं को जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान अपना आशियाना जलने का तो दर्द याद रहा लेकिन वे भूल गए कि ऐसा ही दर्द लेकर ओर लोग भी बैठे हुए हैं। वे इस बात का आकलन करने उन लोगों के घर नहीं गए जिन्होंने उस आग में अपना सब-कुछ खो दिया था। अशोक तंवर ने कहा कि दीपेन्द्र सिंह हुड्डा अब अपने क्षेत्र की जनता से कांग्रेस की सभी सीटें उनकी झोली में डालने की बात कह रहे हैं लेकिन जनता को पता है कि इन चुनावों में किस की झोली भरनी है और किसी खाली रखनी है।

झज्जर के छावनी मोहल्ले में हुये एक कार्यक्रम में एक बुजुर्ग के पांव छूकर उनसे आशीर्वाद लेते अशोक तंवर।-हप्र

सबकी राय के बाद समर्थन पर फैसला

अशोक तंवर जैसे ही धर्मशाला पहुंचे। इसकी सूचना मिलते ही विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशी वहां पहुंच गये और अपने लिए समर्थन मांगा। एक पार्टी के प्रत्याशी ने तंवर के साथ बैठे हुए व समर्थन देने को फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि तंवर ने किसी भी प्रत्याशी को अपना समर्थन देने से साफ इनकार कर दिया और कहा कि वह अपने समर्थकों से फीडबैक ले रहे हैं। जल्द ही रायशुमारी के बाद अच्छे प्रत्याशी का समर्थन कर दिया जाएगा। वह किसी पार्टी का समर्थन करने की बजाय केवल साफ छवि के प्रत्याशी व जनता में पहचान रखने वाले प्रत्याशी का ही समर्थन करेंगे। इस मौके पर उनके साथ कुलताज सिंह, उदयभान पूनिया और महाबीर कटारिया भी मौजूद थे।

फरसे पर नोटिस

'चुनाव आयोग की मर चुकी है आत्मा'

सोनीपत, 14 अक्तूबर (हप्र)

आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष नवीन जयहिंद ने एक बार फिर चुनाव आयोग को निशाने पर लिया और कहा कि आयोग की आत्मा मर चुकी है, वह भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहा है।

नवीन जयहिंद खरखौदा व सोनीपत में पार्टी उम्मीदवारों के लिए जनसंपर्क करने पहुंचे थे। चुनाव आयोग द्वारा भेजे गए नोटिस पर नवीन जयहिंद ने कहा कि चुनाव आयोग को मेरा फरसा तो दिखाई दे गया, लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की गदा दिखाई नहीं दे रही है। अगर फरसा हथियार है, तो गदा भी हथियार है।

उन्होंने कहा कि फरसा एक धार्मिक चिन्ह है, जो एक सिंबॉलिक रूप में हम जनता के बीच लेकर जा रहे हैं, ताकि जनता को याद दिला सके कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने किस तरह से सरेआम गर्दन काटने की बात कही थी। अगर चुनाव आयोग को मुझ पर कोई कार्यवाही करनी है तो बेशक करे।

जनसंपर्क अभियान के दौरान उनके साथ खरखौदा से उम्मीदवार इंजीनियर बिंदू व सोनीपत से उम्मीदवार विमल किशोर मौजूद रहे।

किरण चौधरी बोलीं- खत्म करेंगे ट्रैफिक कानून

जनता को जुमले नहीं विकास चाहिए

तोशाम में सोमवार को पगड़ी पहनाकर किरण चौधरी का स्वागत करती एक महिला। -हप्र

भिवानी, 14 अक्तूबर (हप्र)

पूर्व मंत्री एवं तोशाम से कांग्रेस प्रत्याशी किरण चौधरी ने कहा कि तोशाम की जनता ने जुमलेबाज भाजपा सरकार को उखाड़ फैंकने का मन बना लिया है। जनता को भाजपा के जुमलेबाज नेताओं ने बहकाने की कोशिश की लेकिन जनता ने उन्हें जता दिया कि उन्हें जुमले नहीं बल्कि विकास चाहिए।

किरण चौधरी ने गांव कोहाड़, ढाणी माहू, निगाना खुर्द, पटौदीकलां, सण्डवा, पटौदीखुर्द, हसान, भारीवास, ढाणी मिरान व बागनवाला में सभाओं को सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपाइयों ने क्षेत्र में वैरभाव व भाईचारा बिगाड़ने के प्रयास किये थे जिसे जनता ने पहचान लिया है। कांग्रेस सरकार बनने पर भाजपा सरकार द्वारा बनाये तानाशाही वाले ट्रैफिक कानून को खत्म किया जाएगा।

खजाना खाली

किरण चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से आज प्रदेश का खाजाना खाली पड़ा हुआ है। भाजपा सरकार ने 5 साल तक पेट्रोल-डीजल, फसल बीमा, व विभिन्न तरह के टैक्स बढ़ाकर जनता को लूटा। अब हालात यह है कि कर्मचारियों को तनख्वाह देने के लिए पैसे नही हैं। भाजपा सरकार में महंगाई आसमान छू रही है और जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों की वजह से प्रदेश का किसान, गरीब, मजदूर, व्यापारी वर्ग परेशान हैं।

पूंडरी रणधीर गोलन ने कहा-36 बिरादरी हमारे साथ

निर्दलीय को इनेलो का समर्थन

कैथल, 14 अक्तूबर (हप्र)

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि 36 बिरादरी ने उन पर जो भरोसा और विश्वास जताया है, वे उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। रणधीर सिंह गोलन ने सोमवार को गांव मोहना, चूहड़माजरा, साकरा, पबनावा, पूंडरी व फतेहपुर में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने जनसभाएं की, जिसमें गोलन ने कहा कि उन्होंने राजनीति को हमेशा सेवा का माध्यम समझा है और वे लोगों के दुख-सुख में हमेशा उनके साथ खड़े रहे हैं। यही वजह है कि आज 36 बिरादरी उनके साथ है।

रणधीर सिंह गोलन के समर्थन में सोमवार को इनेलो प्रदेश प्रवक्ता जोगीराम, अजमेर गोलन व डा. सुलतान सिंह सहित गणमान्य लोग आए और उन्होंने उन्हें भारी मतों से जितवाने का आश्वासन दिया।

वहीं ढांड के नवादा मौहल्ला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान साहु परिवार ने गोलन को अपना समर्थन दिया। मोहना में सरपंच सोनू वोहरा ने अपने समर्थकों सहित तथा सुक्चाबीर मोहना ने रणधीर सिंह गोलन को अपना समर्थन दिया। इस मौके पर कुलदीप सिंह मोहना, स. गुलाब मोहना, राम गुर्जर मौजूद थे।

कैथल के गांव मोहना में सोमवार को रणधीर गोलन को समर्थन देते सरपंच सोनू वोहरा और अन्य लोग। -हप्र

दुष्यंत का पंच जीटी रोड के 5 विधानसभा क्षेत्रों में जजपा नेता ने की ताबड़तोड़ सभाएं/कहा

बदलाव में जुटी देवीलाल की फौज, चौंकाने वाले होंगे परिणाम

चंडीगढ़, 14 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

जननायक जनता पार्टी (जजपा) के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद दुष्यंत सिंह चौटाला ने सोमवार को जीटी रोड बेल्ट पर मोर्चाबंदी की। एक ही दिन में 5 विधानसभा हलकों – नारायणगढ़, सढ़ौरा, शाहबाद, नीलोखेड़ी और पुंडरी में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में रैलियां की। इन रैलियों में दुष्यंत ने कहा कि ताऊ देवीलाल की फौज बदलाव के लिए जुट चुकी है। ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर पहुंच रहे लोग इस बात का गवाह हैं कि इस बार विधानसभा चुनाव में बदलाव लाएंगे। प्रदेश में परिवर्तन आंधी चल रही है।

भाजपा घबराहट में

शाहाबाद मारकंडा (निस) : दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश की हर सीट पर जजपा का तूफान है। भाजपा अब की बार 75 पार नहीं बल्कि यमुनापार होगी। पार्टी प्रत्याशी रामकरण काला की लैंडमार्क ग्राउंड में सोमवार को विशाल रैली में दुष्यंत चौटाला ने यह बात कही। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा घबराहट में है और मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके कहा है कि जेजेपी का मतलब जमानत जब्त पार्टी है। लेकिन अब हरियाणा की जनता ने अंगड़ाई ली है और 24 अक्तूबर को परिणाम चौंकाने वाले होंगे।

सरकारी निगरानी में होगा खनन

यमुनानगर (हप्र) : साढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र से जजपा प्रत्याशी कुसुम शेरवाल द्वारा आयोजित जनसभा में दुष्यंत चौटाला ने वादा किया कि हमारी सरकार आने पर भाजपा राज में पनपे खनन माफिया पर शिकंजा कसा जाएगा और खनन का काम सरकारी निगरानी में होगा।

गुजरात के युवाओं को एसडीओ लगायेगी भाजपा

नीलोखेड़ी (निस) : दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि भाजपा सरकार हरियाणा के बीटेक पास युवाओं को चपड़ासी लगाएगी तथा गुजरात के बीटेक पास युवाओं को एसडीओ लगाएगी। प्रदेश में एसडीओ भर्ती में जो पार्टी हमारे युवाओं की अनदेखी करेगी, ऐसी पार्टी को प्रदेश की सत्ता से बेदखल करके ही दम लेंगे। रामलीला मैदान में जनसभा में पार्टी प्रत्याशी भीम सिंह जलाला के पक्ष में दुष्यंत ने मतदान का आह्वान किया।

पेपर बिकते हैं

नारायणगढ़ (निस) : जजपा प्रत्याशी राम सिंह कोड़वा के समर्थन में जनसभा में दुष्यंत ने कहा कि भाजपा झूठा प्रचार कर रहे हैं कि सरकारी नौकरी के लिए न तो पर्ची और न ही खर्ची लगती है जबकि सरकार में पेपर बिकते पाए गए।

शाहाबाद में सोमवार को जजपा प्रत्याशी रामकरण काला की जनसभा को संबोधित करते दुष्यंत चौटाला और अन्य।-निस

कंपनियों में हरियाणा के युवाओं को आरक्षण का वादा

जजपा नेता ने वादा किया कि पार्टी के सत्ता में आने पर सरकारी व निजी कंपनियों में हरियाणा के युवाओं के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी। बुजुर्गों को 5100 रुपये प्रतिमाह पेंशन देंगे। हर गांव में आरओका पानी मिलेगा। रोजगार मेरा अधिकार कानून बनाया जाएगा। प्रदेश में न्यूनतम मजदूरी 14 हजार रुपये मासिक की जाएगी। हर मां को बच्चों के पालन-पोषण के लिए 2000 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी।

पूंडरी के आढ़तियों ने किया भाजपा प्रत्याशी वेदपाल का समर्थन

पूंडरी की अनाज मंडी में सोमवार को भाजपा प्रत्याशी वेदपाल का स्वागत करते लोग। -हप्र

कैथल, 14 अक्तूबर (हप्र)

भाजपा के प्रदेश महामंत्री और पूंडरी से भाजपा प्रत्याशी वेदपाल एडवोकेट का जनसंपर्क अभियान आगे बढ़ने के साथ ही उनका समर्थन भी बढ़ता जा रहा है। पूंडरी की अनाजमंडी में उन्हें आढ़तियों का समर्थन मिला। वेदपाल ने पूंडरी की अनाज मंडी से संपर्क अभियान चलाया और आढ़तियों से डोर-टू-डोर संपर्क किया। अनाज मंडी के आढ़तियों ने वेदपाल को अलग-अलग दुकानों के बाहर उनके वजन के बराबर सेब, केलों व लड्डुओं से तोल कर उन्हें अपने समर्थन का आश्वासन दिया। डोर-टू-डोर संपर्क अभियान के दौरान पूंडरी अनाज मंडी के प्रधान बाबूबराम, जितेन्द्र टाया व रमेश बरसाना, श्रवण, संजीव, मनोज आदि ने वेदपाल एडवोकेट का समर्थन किया। दूसरी तरफ करोड़ा गांव में जनसंपर्क करते हुए वेदपाल एडवोकेट का बाल्मीकि समाज ने स्वागत किया। करोड़ा गांव के लोगों ने कहा कि चुनाव के समय निर्दलीय प्रत्याशी आंसू बहाकर वोट मांगते हैं और जनता को भावुक कर सहानुभूति बटोरते हैं। जनता निर्दलीय विधायक चुन बैठती है परंतु अबकी बार ऐसा नहीं होने वाला।

पांचवीं पास से पीएचडी तक उम्मीदवार हैं पिहोवा में

सुभाष पौलस्त्य/निस
पिहोवा, 14 अक्तूबर

संदीप सिंह (भाजपा)

स्वामी संदीप ओंकार(आजाद)

मनदीप चट्ठा (कांग्रेस)

नसीब सिंह (लोसुपा)

मनजीत सिंह (इनेलो)

पिहोवा विधानसभा क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर पांचवीं पास से लेकर एमफिल-पीएचडी किये उम्मीदवार चुनाव मैदान में किस्मत आजमा रहे हैं। उम्मीदवारों की इस लिस्ट में वकील भी हैं, शूटर भी। हॉकी खिलाड़ी भी पीछे नहीं। पिहोवा से कांग्रेस ने एक वकील मनदीप चट्ठा को चुनाव मैदान में उतारा है। यह उनका पिहोवा से दूसरा चुनाव है। वर्ष 2014 में भी वह कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। उस वक्त लगभग 36,000 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत अपने पिता पूर्व वित्त मंत्री हरमोहिन्द्र सिंह चट्ठा के साथ की। वह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रहे तथा वर्तमान में वह प्रदेश सचिव भी हैं। वह अनेक धार्मिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं। भाजपा की टिकट से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अर्जुन अवॉर्डी संदीप सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। वह स्नातक हैं तथा डीएसपी की नौकरी छोड़कर भाजपा से चुनाव मैदान में उतरे। राजनीतिक रूप से वह यह पहला चुनाव लड़ रहे हैं। राजनीति क्षेत्र का उन्हें कोई खास अनुभव नहीं है। वहीं जननायक जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे प्रोफेसर रणधीर सिंह सबसे ज्यादा पढ़े लिखे उम्मीदवार है। एमए, एलएलबी, पीएचडी होल्डर हैं। उन्होंने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत चीका के डीएवी कॉलेज में छात्र संघ का प्रधान बनकर की उसके बाद वह डीएवी कॉलेज में ही पॉलिटिकल साइंस के प्रोफेसर रहे। इनेलो की ओर से इनसो के प्रभारी रहे तथा युवा इनेलो के महासचिव भी रहे। लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के उम्मीदवार नसीब सिंह चुनाव मैदान में हैं जो मैट्रिक हैं। यह उनका पहला चुनाव है। खेती-बाड़ी करने वाले नसीब सिंह बसपा के जिला उपाध्यक्ष रहे हैं। बसपा से ही उन्होंने राजनीति की पारी शुरुआत की। इनेलो की ओर से खेती-बाड़ी करने वाले मनजीत सिंह चुनाव मैदान में हैं जो 10वीं कक्षा तक पढ़े लिखे हैं। अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत जिला परिषद का चुनाव लड़कर की। इनेलो युवा महासचिव भी रहे। पार्टियों में यदि बात करें तो बसपा की ओर से खेती-बाड़ी करने वाले ओंकार सिंह 5 कक्षा तक पढ़े हैं। उन्होंने जिला परिषद का 2 बार चुनाव लड़ा। एक बार सांसद का चुनाव भी जनहित कांग्रेस के टिकट पर लड़ा। आजाद उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा पढ़े लिखे उम्मीदवार स्वामी संदीप ओंकार हैं, जो एमए हैं तथा अंतर्राष्ट्रीय शूटर रहे हैं। वह कांस्य पदक विजेता भी हैं। वह जय ओमकार अंतरराष्ट्रीय सेवा आश्रम ,भगवान श्री ब्रह्मा मंदिर, विश्व धर्म संसद, विश्व धर्म सर्व धर्म सनातन धर्म ,विश्व ब्राह्मण ऑर्गेनाइजेशन सहित अनेक संस्थाओं के अध्यक्ष भी हैं। भाजपा के लिए 3 वर्ष काम किया परंतु भाजपा ने टिकट नहीं दिया जिस कारण बागी उम्मीदवार बनकर चुनाव मैदान में हैं। वैसे यहां से 7 उम्मीदवार राजनैतिक दलों से हैं तथा 4 उम्मीदवार आजाद हैं इनके अलावा अन्य 3 आजाद उम्मीदवारों के कार्यालय भी नहीं खुले।

प्रदेश में विपक्ष नाम की कोई चीज बाकी नहीं : सुरेंद्र राणा

अंबाला/नारायणगढ़, 14 अक्तूबर (निस)

भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र ने कहा कि भाजपा ने बीते पांच सालों में प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों के कारण ही आज पूरे प्रदेश में भाजपा की लहर चल रही है। सोमवार को सुरेंद्र राणा मिर्जापुर, खेड़की जटान, औखल, हसनपुर, भुखड़ी, नखडाली, महुआखेड़ी शहपुर नुर्द, बुढ़ाखेड़ा व शकरपुरा सहित दर्जनभर गांवों का दौरा किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील की। कई जगहों पर युवाओं ने बाइक रैली निकाल कर भाजपा प्रत्याश सुरेंद्र का अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज भाजपा 75 प्लस के लक्ष्य को पार करती हुई नजर आ रही है। प्रदेश में विपक्ष नाम की कोई चीज बाकी नहीं रह गई है। इस अवसर पर विवेक गुप्ता मंडल प्रधान सहित नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा शासन में नारायणगढ़ बना अपराध नगरी : शैली चौधरी

नारायणगढ़ के गांव बरौली में सोमवार को आयोजित जनसभा में मौजूद कांग्रेस प्रत्याशी शैली चौधरी। -निस

नारायणगढ़, 14 अक्तूबर (निस)

नारायणगढ़ विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी शैली चौधरी ने हलका नारायणगढ़ के मिल्क, बरौली, मीरपुर, जंगु माजरा, काठे माजरा, बड़ी उज्जल, छोटी उज्जल, सम्भालवा, माजरी, फिरोजपुर, टपरियां, टोका, चेची माजरा, मुगल माजरा, कुल्लड़ पुर तथा नारायणगढ़ की गुरू रविदास धर्मशाला व पंजलासा चौक में जनसभाएं कीं। गांवों में पहुंचने पर शैली चौधरी व उनके पति पूर्व विधायक चौधरी राम किशन गुज्जर का ग्रामीणों ने स्वागत किया। शैली चौधरी ने गांव अम्बली में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव से पूर्व जनता के साथ किए वादों में से एक भी पूरा नहीं किया। प्रदेश के किसान, व्यापारी, कर्मचारी, मजदूर व महिलाएं सभी वर्गों के लोग मौजूदा भाजपा सरकार से परेशान हैं। पूर्व विधायक राम किशन गुज्जर ने कहा कि पिछले 5 वर्ष के भाजपा के शासनकाल में नारायणगढ़ अपराध की राजधानी बन चुका है। नारायणगढ़ क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। हत्या, लूटपाट, बलात्कार, अपहरण आदि घटनाएं नारायणगढ़ क्षेत्र में आम घटनाएं हो चुकी हैं। खनन क्षेत्र से खनन सामग्री लेकर आने वाले ओवरलोड वाहनों के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर खनन के कार्य में लगे लोगों को सरकार से लाइसेंस दिलवाकर खनन का कार्य शुरू किया जायेगा ताकि सरकार को नुकसान न हो और लोगों का धंधा भी चले।

लोसुपा सरकार बनते ही नारायणगढ़ को बनायेंगे जिला : गुलशन सैनी

नारायणगढ़ के गांव गणौली में सोमवार को लोसुपा में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते गुलशन सैनी। -निस

नारायणगढ़, 14 अक्तूबर (निस)

नारायणगढ़ विधानसभा से लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी (लोसुपा) प्रत्याशी गुलशन सैनी ने रविवार को हलका नारायणगढ़ के बड़ा गांव, पिंजौड़ी, नगांवां, नेकनांवा, खेड़की, खानुपर, बाकरपुर, हड़बौन, गणौली, भाल माजरा, चमेल माजरा, मंगत माजरा, गुज्जर माजरा, बधौली, पंजलासा तथा नारायणगढ़ शहर में नबीपुर रोड कालोनी व हूडा सेक्टर-4 मार्किट में जनसभाओं को सम्बोधित किया। गांव गणौली में कांग्रेस व भाजपा को छोड़कर गुरमेल सिंह, कुलवंत सिंह, प्रकाश कुमार, जीत सिंह, बूटा सिंह, सुखदेव सिंह, कश्मीरा राम, सचिन कुमार, प्रीतम सिंह, जसमेर सिंह, सोहन लाल, रणधीर सिंह, सुभाष धीमान, प्रीतपाल सिंह, श्याम लाल, राम नाथ कश्यप, राम करण कश्यप, अभिमान, रमेश कुमार, अमरीक सिंह, रोशन लाल, राम किशन, वीर सिंह व सुरेन्द्र सिंह लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी में शामिल हुए जिनका लोसुपा प्रत्याशी गुलशन सैनी ने पटका पहनाकर स्वागत किया। जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए गुलशन सैनी ने कहा कि लोसुपा की सरकार बनते ही वे हलका नारायणगढ़ में बेरोजगारी की समस्या का समाधान करेंगे, सामान्य अस्पताल में ट्रामा सेंटर बनाया जायेगा, नारायणगढ़ को जिला बनाया जायेगा, हलका नारायणगढ़ में एक विश्वविद्यालय बनवाया जायेगा। उन्होंने ने वादा किया कि बुजुर्गों व विकलांगों को 5 हजार रुपये प्रति माह पैंशन दी जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद एक नीति बनाकर व्यापारियों को टैक्स में छूट दी जायेगी।

किसानों की नहीं, मंत्रियों की आय बढ़ी : महीपाल

रादौर में सोमवार को बसपा प्रत्याशी महीपाल सिंह वर्करों को संबोधित करते हुए।-निस

रादौर, 14 अक्तूबर (निस)

बसपा प्रत्याशी महीपाल सिंह ने आज बताया है कि 16 अक्तूबर को रादौर में आयोजित होने वाली जनसभा को बसपा सुप्रीमो मायावती संबोधित करेंगीं। महीपाल सिंह रादौर में वर्कर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि रादौर के जेएमआईटी कालेज के सामने 16 अक्तूबर को सुबह 10 बजे आयोजित होने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती की रैली हरियाणा की सबसे बड़ी रैली होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 5 साल के शासनकाल में लोगों को बांटने के सिवाय कोई अन्य काम नहीं किया है। लोगों को आपस में बांटने के लिए भाजपा राज में 4 बार प्रदेश को जलाने का काम किया। भाजपा ने किसानों व कमेरा वर्ग के लोगों को वादा किया था कि उनकी आय दुगुनी की जाएगी, लेकिन 5 साल के राज में किसानों की नहीं बल्कि भाजपा के मंत्रियों व विधायकों की आय जरूरी बढ़ी। बसपा प्रत्याशी महीपाल सिंह ने कहा कि बसपा वर्कर घर-घर जाकर लोगों से वोट की अपील करें। उन्होंने कहा कि 16 अक्तूबर को रादौर में आयोजित होने वाली बसपा की रैली को राज्यसभा सांसद राजाराम, बसपा के प्रदेश प्रभारी डा. मेघराज, बसपा के प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश भारती सहित पार्टी के अनेक नेता भी संबोधित करेंगे।

मेरी जीत, 36 बिरादरियों की जीत : सतबीर भाणा

पूंडरी के गांव पाई में सोमवार को हाथ उठाकर ग्रामीण सतबीर भाणा का समर्थन करते हुए।-हप्र

कैथल, 14 अक्तूबर (हप्र)

कांग्रेस उम्मीदवार सतबीर भाणा के समर्थन में हलके के गांव रसीना, डुलयानी, करोड़ा सहित कई गांवों में 36 बिरादरियों के लोगों ने जलपान कार्यक्रम आयोजित किया। गांव रसीना में ग्रामीणों ने भाणा को लड्डुओं में तोला और रिकार्डतोड़ मतों से जितवाने का वादा किया। ग्रामीणों ने कहा कि सतबीर भाणा जमीन से जुड़ा इंसान है, जिसने हमेशा हर वर्ग के दुख-सुख में आगे आकर साथ दिया है। ग्रामीणों के अपने प्रति जताए जा रहे विश्वास, समर्थन, सहयोग का हाथ जोड़कर आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि जीवन भर हलके की जनता की बेटा व भाई बनकर सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि जनहित में जो भी वादे करूंगा, उसे हर कीमत पर पूरा किया जाएगा और जनता की उम्मीद, आशाओं व विश्वास पर खरा उतरूंगा। भाणा ने 21 अक्तूबर को अपने पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि उनकी जीत हलके की 36 बिरादरियों की जीत होगी। पाई, करोड़ा व हजवाना में कई परिवारों ने विभिन्न पार्टियां छोड़कर सतबीर भाण का खुला समर्थन किया।

अब अहंकारियों से निपटने का समय आ गया : रामफल मलिक

कैथल, 14 अक्तूबर (हप्र)

कैथल की नई अनाज मंडी में सोमवार को जजपा प्रत्याशी रामफल मलिक का सम्मान करते व्यापारी। -हप्र

नयी अनाज मंडी में जजपा प्रत्याशी रामफल मलिक का व्यापारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। व्यापारियों ने मलिक को लड्डुओं में तोलकर सम्म्मान किया। मलिक ने व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि सरकार बनने पर किसी भी व्यापारी को तंग नहीं होने दिया जाएगा। अफसरशाही व गुंडाराज पर पूरी तरह लगाम लगा दी जाएगी। मलिक ने मंडी में पल्लेदारों व मजदूरों को भी आह्वान करते हुए कहा कि आप लोगों का सहयोग बहुत जरूरी है आपके आशीर्वाद से जनता ने विधायक बनने का मौका दिया तो गरीब आदमी की हर समस्या का निदान किया जाएगा। मलिक ने कहा कि अब अहंकारियों से निपटने का समय आ गया है।

फिर बुलंद करेंगे जनता की आवाज : नरेश सेलवाल

उकलाना हलके में सोमवार को चुनाव प्रचार के दौरान लोगों से वोट की अपील करते निर्दलीय प्रत्याशी नरेश सेलवाल।-निस

उकलाना मंडी, 14 अक्तूबर (एस)

हलका उकलाना से निर्दलीय प्रत्याशी नरेश सेलवाल ने हलके के गांव बधावड़, खरकड़ा, सरहेड़ा, मतलौडा में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से लोगों का अपार जनसमर्थन उन्हें मिल रहा है कि उससे साफ है वह जनता की आवाज को विधानसभा में फिर से बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरी नीयत व नीति पूरी साफ है। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश सेलवाल ने कहा कि जनसमर्थन व आशीर्वाद के लिए वे हमेशा क्षेत्र की जनता के ऋणी रहेंगे।

असीम गोयल की पत्नी ने संभाला मोर्चा

अम्बाला शहर से भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल की पत्नी नीलू गोयल सोमवार को जन संपर्क अभियान के दौरान। -हप्र

अंबाला शहर, 14 अक्तूबर (हप्र)

एक ओर विधायक असीम गोयल के लिए वोट मांगने के अभियान में उनकी पत्नी नीलू गोयल अपनी महिला मंडली के साथ जी-जान से संपर्क अभियान चलाए हुए हैं वहीं स्वयं प्रत्याशी असीम गोयल ने आज थोक कपड़ा मार्केट में डोर टू डोर समर्थन मांगा।

नीलू गोयल ने चुनावी मोर्चा पूरी तरह संभाल लिया है। आज उन्होंने अंबाला शहर के नसीरपुर और मिलाप नगर क्षेत्र में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों के साथ लोगों से बात की और सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि असीम गोयल को दोबारा जीत मिलती है तो अंबाला शहर हलके का विकास दोगुनी रफ्तार से किया जाएगा।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव पुष्पा गुप्ता, जिला प्रधान सरला कपूर और उनकी टीम मौजूद रही। इसी बीच आज भाजपा के जिला सचिव रितेश गोयल के नेतृत्व में आज कपड़ा मार्केट में भाजपा कार्यकर्ताओं और कपड़ा व्यापारियों ने डोर टू डोर जन संपर्क अभियान चलाते हुए मतदाताओं से संपर्क साधा।

सीएम मनोहर लाल का पुतला जलाया

पंचकूला,14 अक्तूबर(ट्रिन्यू)

ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की संयोजक रंजीता मेहता के नेतृत्व में आज सेक्टर 9 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पुतला फूंका गया। रंजीता मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है, उससे सिर्फ सोनिया का नहीं बल्कि पूरे नारी समाज का अपमान हुआ है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की भाषा और व्यवहार से हरियाणा के लोग पहले से त्रस्त रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर की गई टिप्पणी से हरियाणा की आधी आबादी आहत हुई है। लोग 21 अक्तूबर को मतदान के जरिए मुख्यमंत्री को जबाव देने वाले हैं। मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की ऐसी ओछी भाषा भारतीय जनता पार्टी की मानसिकता को दर्शाती है। कांग्रेस नेता रंजीता मेहता कहा कि मुख्यमंत्री पहले भी महिलाओं को लेकर ऊटपटांग बातें करते रहे हैं। लेकिन वोटरों का कांग्रेस के प्रति बढ़ते झुकाव को देखकर उनकी घबराहट बढ़ गई है।

निर्दलीय चित्रा सरवारा को आप का समर्थन

अंबाला छावनी में सोमवार को आजाद उम्मीदवार चित्रा सरवारा प्रचार के दौरान समर्थन देने वालों का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए। -मैनी

अंबाला, 14 अक्तूबर (निस)

इनेलो के बाद अब आम आदमी पार्टी ने अंबाला छावनी में आजाद प्रत्याशी चित्रा सरवारा को समर्थन दिया है। आदमी पार्टी अंबाला छावनी के प्रधान गगनदीप सिंह कपूर ने अपनी पूरी टीम का खुला समर्थन देने की घोषणा की है। विधानसभा चुनाव में पूरा सहयोग देने का ऐलान करते हुए गगनदीप सिंह कपूर ने कहा कि चित्रा सरवारा ने अंबाला छावनी के लोगों से जुड़ी अनेक ज्वलंत समस्याओं को न केवल प्रमुखता से उठाया है। भाजपा की वर्तमान सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल विज की ओर से अम्बाला छावनी में करवाए गए 1850 करोड़ रुपए के विकास कार्यों पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि बेहतर होता कि यहां दिल्ली मॉडल पर मोहल्ला क्लीनिक बनाए जाते और दिल्ली की तर्ज पर ही सफाई व्यवस्था के साथ-साथ सरकारी स्कूलों की दशा भी सुधारी जाती। वहीं भाजपा अम्बाला छावनी महेश नगर मंडल के बूथ नम्बर 91 के प्रधान संजीव नारद और बूथ नम्बर 92 के प्रधान सतीश अग्रवाल ने अपने साथियों समेत भाजपा को अलविदा कहकर चित्रा सरवारा को समर्थन का ऐलान किया है। उनके अलावा भाजपा कार्यकर्ता हेमंत गुप्ता, दर्शन लाल, हैप्पी, महेन्द्र और कृष्ण लाल,राजिंदर सिंह पप्पू भी शामिल है।

कांग्रेस का घोषणा पत्र ढकोसला : लतिका शर्मा

पिंजौर, 14 अक्तूबर (निस)

कालका से भाजपा उम्मीदवार एवं निवर्तमान विधायक लतिका शर्मा ने सोमवार को पिंजौर, कालका क्षेत्र में प्रचार करते हुए कई जनसभाएं की। इस अवसर पर व्हाइट हाउस हॉल में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए लतिका शर्मा ने विपक्ष पर जोरदार हमला किया।

उन्होंने कहा कि गत वर्ष कैबिनेट ने पिंजौर-कालका को नगर निगम से अलग कर नगर परिषद बनाने का लगभग निर्णय ले लिया था लेकिन निगम पार्षद और मौजूदा इनेलो प्रत्याशी उसके विरुद्ध कोर्ट से स्टे ले आए जिससे परिषद गठन का मामला लटक गया।

लतिका शर्मा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को ढकोसला करार देते हुए कहा गत लोकसभा चुनावों की भांति कालका की जनता कांग्रेस के लोक-लुभावने घोषणा पत्र को भी पूरी तरह से नकार देगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के फिर बनने के बाद इलाके में व्यापक विकास कराया जाएगा। जनसभा में श्याम लाल बंसल, संजीव कौशल, सुनील धीमान मौजूद थे।

कर्मचारियों से किये सारे वादे पूरा करेंगे : मलौर

अंबाला शहर, 14 अक्तूबर (हप्र)

कांग्रेस प्रत्याशी जसबीर मलौर ने दावा किया है कि जनता से मिल रहे भारी समर्थन के चलते अंबाला शहर विधानसभा की जनता इस बार उन्हें जिता कर नया इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि जनता ने उनके चुनाव प्रचार की कमान खुद अपने हाथ ले ली है। मलौर ने आज अंबाला शहर हल्के के डेरा नूनगरए सौंटा खासपुरा, सेगता, चोड़मस्तपुर, बिडंगा, जिला बार एसोसिएशन, मानव चौक सर्व कर्मचारी संघ, मानव चौक डोर टू डोर, कचहरी रोड, लायलपुर बस्ती, रणजीत नगर, बलदेव नगर, लखनौर साहब, शहर के रामपुर मोहल्ला, हरी पैलेस में जनसंपर्क अभियान चलाया। जिला बार और सर्च कर्मचारी संघ के सदस्यों को संबोधित करते हुए मलौर ने कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका की लोकतंत्र में अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि वकील और कर्मचारी समाज के ताने-बाने का अहम हिस्सा है। मलौर ने कहा इन वर्गों के समर्थन के बिना न कोई सरकार बनती है और न ही चलती है। उन्होंने विश्वास दिलाया कांग्रेस का घोषणा पत्र में किये एक-एक वादे को पूरा किया जाएगा। उन्होंने 15 अक्तूबर को गांव बलाना में जनसभा में आने का निमंत्रण दिया। इस रैली को प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा व पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़ संबोधित करेंगे।

भाजपा को माफ नहीं करेंगे बेरोजगार : शर्मा

पंचकूला, 14 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार योगेश्वर शर्मा का कहना है कि प्रदेश का बेरोजगार युवा राज्य की भाजपा सरकार को कभी माफ़ नहीं करेगा। युवाओं को पिछले 5 सालों में पर्याप्त रोजगार नहीं मिला। उन्होंने कहा कि जिले में कोई नया उद्योग नहीं आया, जो एचएमटी पहले से ही चल रही थी उसे भी बंद करने का काम इस भाजपा सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि रोजागर मांगने वालों पर इस सरकार ने उन पर पानी की बौछारें करवाने के साथ-साथ उन पर लाठीचार्ज करवाया। सेक्टर 19 में डोर टू डोर कर वोट मांगें व लोगों ने उन्हें अपनी समस्याएं बताईं।

क्लासीफाइड

खोया एवं पाया

मैं, राजीव कांत पुत्र अमी चंद निवासी 40ए, कीर्ति नगर, अम्बाला कैंट, घोषित करता हूं कि मुझसे राजेश कुमार जिंदल पुत्र निहाल चंद निवासी पुराना सिनेमा बरनाला (पंजाब) के नाम पर खसरा नं. 17/6/1/1, भूमि रकबा 225 वर्ग फुट वाले प्लाट की मूल रजिस्ट्री नं. 4556/1, दिनांक 16.08.1988 महेश नगर, अम्बाला कैंट में कहीं गुम हो गई है। मैं प्लाट का कब्ज़ेदार हूं। यदि किसी को मिले तो कृपया सम्पर्क करें : 8929102030. (CL19098448)

जानकारी हेतु अधिसूचित किया जाता है कि मेरा सीबीएसई द्वारा जारी वर्ष 2007 रोल नं. 2600849 का सीनियर सैकण्डरी परीक्षा तथा वर्ष 2005 रोल नं. 2131189 का मुख्य सैकण्डरी परीक्षा का मूल योग्यता परीक्षा प्रमाणपत्र वास्तव में गुम हो गया है। उम्मीदवार -Twisha sharma पुत्री सौरभ शर्मा निवासी 7, न्यू कैलाश नगर, मॉडल टाउन, अम्बाला शहर, 9896942805. (CL19098499)

सार्वजनिक सूचना

मैं, Poonam पत्नी दल सिंह निवासी 514, निकट एचडीएफसी बैंक, गोहाना (सोनीपत), ने अपना नाम सभी उद्देश्यों के लिए Punam Devi से बदलकर Poonam रख लिया है। (CL19098383)

मैं, Paramjeet Kaur पत्नी महिन्द्र सिंह निवासी # 155, वहावा राम कालोनी, पानीपत, ने अपना नाम बदलकर Paramjit Kaur रख लिया है। सम्बन्धित नोट करें। (CL19098452)

मैं, मो. सलीम पुत्र मो. यासीन निवासी 76, रहमिया कालोनी, छछरौली, यमुनानगर, अपने पुत्र इरशाद को मेरे कहने -सुनने से बाहर होने पर अपनी चल -अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन -देन करने पर मेरा परिवार जिम्मेवार नहीं होगा। (CL19098485)

मैं, प्रवेश रानी पत्नी रमेश कुमार निवासी गांव हथलाना, जिला करनाल, ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम तनिष्का से बदलकर तनिष्का चौधरी रख लिया है। (CL19098488)

मैं, प्रवेश रानी पत्नी रमेश कुमार निवासी गांव हथलाना, जिला करनाल, ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम अनुष्का से बदलकर अनुष्का चौधरी रख लिया है। (CL19098489)

मैं, रामचन्द्र (1389348 वाई) पुत्र जयलाल निवासी नौरंगाबास, चरखी दादरी। मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम Kumari Renu व जन्मतिथि 03.08.1991 गलत है। सही नाम Renu Kumari व जन्मतिथि 03.05.1992 है। (CL19098508)

मैं, हरपाल सिंह पुत्र सरदूल सिंह निवासी 3468/2, राम बाग रोड, अम्बाला छावनी, अपने पुत्र परमिन्द्र सिंह, जिसको मैंने दैनिक ट्रिब्यून दिनांक 21.04.2012 के माध्यम से अपनी चल -अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था, इस बेदखली को मैं निरस्त करता हूं, क्योंकि ये अब मेरे कहने -सुनने में है। अब से परमिन्द्र सिंह मेरी तमाम चल -अचल सम्पत्ति का कानूनी वारिस है। संबंधित नोट करें। (CL19098515)

मैं, सतेन्द्र पुत्र श्री रामकुमार गांव दहा, जिला करनाल, यह बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अंकुश, जो शादीशुदा है व उसकी पत्नी अंजली, दोनों मेरे कहने -सुनने से बाहर हैं। मैं इनको अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेन -देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार का इनसे कोई संबंध नहीं रहा। (CL19098516)

मैं, शमीम अहमद पुत्र मोह. इलयास निवासी गांव बदली, तहसील पुन्हाना, जिला नूह, ने भविष्य के सभी उद्देश्यों हेतु अपना नाम शमीम अहमद से बदलकर मौलवी शमीम अहमद पुत्र मोह. इलयास रख लिया है। (CL19098519)

न्यायालय सूचना

आज्ञा से- सविता चमोली
अपर, कुटुम्ब न्यायालय, देहरादून
समक्ष-अपर कुटुम्ब न्यायालय देहरादून

प्रकीर्ण वाद सं. 286
वर्ष 2019

श्रीमती अमनदीप कौर पत्नी मंजीत सिंह पुत्री परविन्द्र सिंह (पोला सिंह) निवासी मकान नं. 79-ए, विंग नं. 5 प्रेमनगर, देहरादून, उत्तराखंड।

आवेदिका/वादिनी

बनाम

श्री मंजीत सिंह पुत्र श्री जसपाल सिंह निवासी दुर्बुजी, जिला रूपनगर, पंजाब।

—प्रतिवादी

चूंकि उपरोक्त नामांकित वादिनी ने अपर कुटुम्ब न्यायालय में सीआरपीसी की धारा 125, अंतर्गत प्रकीर्ण वाद सं. 286/2019 श्रीमती अमनदीप कौर बनाम श्री मंजीत सिंह वास्ते गुजारे भत्ते की घोषणा हेतु इस न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया है, जिसमें दिनांक 18.10.2019 की तिथि नियत की गयी है।

अतः प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद के संबंध में आपको कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो आपसे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 18.10.2019 को प्रातः 10 बजे उपरोक्त न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, आपके उपस्थित न होने पर उक्त वाद एकपक्षीय रूप से निस्तारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 20.09.19 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

आक्षा से
मुंसरिम/प्रबंधक,
देहरादून।

CL19098397

आवश्यक सूचना

दि ट्रिब्यून ट्रस्ट का इस समाचारपत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचारपत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। पाठकों से विनती है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

21 को भाजपा का 'चालान' काटे जनता : वरुण मुलाना

अंबाला, 14 अक्तूबर (निस)

मुलाना से कांग्रेस प्रत्याशी वरूण मुलाना ने कहा कि जिस भाजपा के शासनकाल में वाहनों के चालान 50-50 हजार के हुये हैं, उसे सबक सिखाने के लिये आने वाली 21 तारीख सबसे सुनहरा मौका है। इसलिये लोग इसमें चूक न कर दें और भाजपा का उस दिन वोट की चोट से ऐसा चालान काटें कि यह कहीं की न रहे। मुलाना आज हलके में प्रचार के दौरान दर्जनों गांवों के दौरे पर थे। वरूण मुलाना ने भाजपा को आड़े हाथों लिया और कहा कि जिस पार्टी के पास उधार का प्रत्याशी हो वह जीत के सपने कैसे देख रही है। उन्होंने किसानों की दुर्दशा और रविदास मंदिर पर हुये हमले पर भाजपा को खूब घेरा। उनका कहना था कि पिछली सरकार ने किसानों को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। किसानों को अपनी फसल का पैसा लेने के लिये जल समाधि तक लेने को मजबूर होना पड़ा। नोटबंदी में सरकार के नेताओं ने खूब चांदी कूटी। ऐसी स्थिति में लोगों को भाजपाइयों को सीधा जवाब देना चाहिये। इस अवसर पर बराड़ा ब्लाक प्रधान करण राणा, जगदिश्वर सिंह, सहीपाल टोबा, नैब सिंह, सच्चिन सिंह आदि भी उनके साथ मजबूत रहे।

राजबीर बराड़ा के लिये मांगा समर्थन

भाजपा के लिये जाटलैंड में आये रामपाल माजरा

अंबाला, 14 अक्तूबर (निस)

मुलाना हलके के जाट मतदाताओं को साधने के लिये आज रामपाल माजरा जाट बाहुल्य गांवों में आये और लोगों से भाजपा प्रत्याशी राजबीर बराड़ा को वोट का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने लोगों के बीच इस बात को रखा कि आखिर उन्होंने इनेलो को क्यों अलविदा कर दिया।

उन्होंने बल देकर कहा कि लोग भाजपा की नीतियों को समझें और अब बिना किसी जाति भेद के भाजपा के हक में मतदान करें। माजरा ने तेजा मोहड़ी से अपना प्रचार शुरू किया। तेजा मोहड़ी गांव जाट बाहुल्य गांव है और परिसीमन से पहले इस गांव का अपना एक वजूद था।

उसके बाद वे माजरी, धन्यौड़ा, मोहड़ा, धुराला, केसरी, मुलाना, नुर्द, काकरकूंडा, गगनपुर व राउमाजरा आदि गांवों में दौरे किये। ये सभी गांव मुलाना हलके की जाटलैंड के नाम से जाने जाते हैं। रामपाल माजरा ने इन गांवों के लोगों को बताया कि उन्हें भाजपा में क्यों अपना विश्वास कायम रखना चाहिये।

ज्ञानचंद गुप्ता का देहात में विकास की रफ्तार तेज करने का वादा

पंचकूला के बरवाला क्षेत्र के एक गांव में सभा के दौरान मंच पर मौजूद भाजपा प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता।

पंचकूला, 14 अक्तूबर(ट्रिन्यू)

भाजपा प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में बरवाला क्षेत्र में 15 सालों से अधूरे कामों को पूरा कराया। शहर की तरह गांवों में भी मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव जीतने के बाद गांवों में विकास की गति को और तेज किया जायेगा। वह आज बरवाला क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित जनसभाओं में बोल रहे थे। उन्होंने आज गांव नग्गल, बतौड़, भरैली, ढंढारू में चुनाव प्रचार कर वोट की अपील की। उन्हें बरवाला स्थित रामदासिया भवन में सम्मानित किया गया। इस दौरान गांव नग्गल, बतौड़ में कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा, जिनका ज्ञानचंद गुप्ता ने पटका पहनाकर सम्मान किया। बतौड़ में महाराणा प्रताप संगठन के जिला प्रधान कृष्ण पाल राणा समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर 16 अक्तूबर को गांव बतौड़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं आज भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में जन चेतना साइकिल यात्रा सेक्टर 8 स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय से निकाली गई। साइकिल यात्रा को भाजपा व्यापार कोष्ठ के जिला संयोजक रोहित सेन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अंबाला सिटी में सोमवार को समर्थक आजाद उम्मीदवार निर्मल सिंह का चुनाव प्रचार के दौरान स्वागत करते हुए। -प्रदीप मैनी

जजपा के भाग सिंह दमदमा मामले की सुनवाई अब 18 को

पिंजौर, 14 अक्तूबर (निस)

कालका से जजपा प्रत्याशी भाग सिंह दमदमा का नाम वोटर लिस्ट से डिलीट होने के मामले में सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई अब 18 अक्तूबर को होगी।

भाग सिंह ने बताया कि सरकार ने अदालत में जवाब दाखिल नहीं किया, इसलिए कोर्ट ने 4 दिन बाद मामले की सुनवाई तय की है। गौरतलब है कि जब भाग सिंह दमदमा कालका एसडीएम ऑफिस में अपना नामांकन करने गए थे तो वहां उन्हें बताया गया कि वोटर लिस्ट से उनका नाम डिलीट हो चुका है।

इस आधार पर बाद में कालका चुनाव अधिकारी ने उनका नामांकन भी रद्द कर दिया था, लेकिन कवरिंग कैंडिडेट के रूप में उनकी पत्नी किरण चौधरी जजपा की उम्मीदवार बन गई हैं। भाग सिंह पत्नी किरण के लिए कालका-पिंजौर में वोट मांग रहे हैं।

रागिनी गाकर महिलाओं ने की करुणदीप की जीत की कामना

पंचकूला, 14 अक्तूबर(ट्रिन्यू)

पंचकूला विधानसभा क्षेत्र से इनेलो उम्मीदवार करुणदीप चौधरी की जीत के लिये महिलाओं ने रागिनी गाकर कामना की। सेक्टर-11 के पार्क में महिलाओं ने एकत्रित होकर कई रागनियां गायीं। जानकारी के अनुसार करुणदीप चौधरी ने भानू, डबकोरी, बतौड़ में दौरा किया। उन्होंने कहा कि उनके मन में पंचकूला के विकास के लिये कई योजनायें हैं जिन्हें विधायक बनने के बाद सिरे चढ़ायेंगे।

पंचकूला शहर को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त बनाना, इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देना, छात्राओं के लिए स्पेशल बस, सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाना, अस्पताल अपग्रेड करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

चंद्रमोहन ने किया विशेष पार्किंग का वादा

पंचकूला, 14 अक्तूबर(ट्रिन्यू)

कांग्रेस के उम्मीदवार चंद्रमोहन और उनकी पत्नी सीमा बिश्नोई ने आज बार एसोसिएशन में पहुंचकर वकीलों से समर्थन मांगा। चंद्रमोहन के समक्ष वकीलों ने पार्किंग की समस्या को भी उठाया, जिस पर उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद स्पेशल पार्किंग की व्यवस्था कराई जायेगी। चंद्रमोहन ने कहा कि उनके पिता चौ. भजन लाल ने पंचकूला को जिला बनाया था। पहले भी काम किये हैं और आगे भी काम करेंगे।

भाजपा को जनता के हितों से सरोकार नहीं : दिल्लूराम

हलका गुहला के दसेरपुर में सभा को सम्बोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी दिल्लूराम बाजीगर। -निस

सीवन,14 अक्तूबर (निस)

हलका गुहला से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे दिल्लूराम बाजीगर ने आज ब्लाक गुहला के दसेरपुर, चाणचंक, डेरा बाजीगर, मटकालिया, कल्लरमाजरा, संयू माजरा, हेमू माजरा, लालपुर, बेगपुर, सुलतानिया, हंसु माजरा सहित ब्लाक सीवन के दर्जनों गांवों का दौरा किया व सभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का ढिढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार का जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है। जबकि कांग्रेस पार्टी 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। जनता को फिर से कांग्रेस का राज याद आने लग गया है। कांग्रेस के राज में शांति व भय मुक्त माहौल था। दिल्लूराम ने जनता से अपील की कि यदि भ्रष्टाचार वाली भाजपा सरकार से मुक्ति पानी है तो आने वाली 21 अक्तूबर को हाथ के निशान वाला बटन दबा देना। इस अवसर पर उनके साथ काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकत्र्ता कार्यकर्ता मौजूद थे।

पंचकूला विधानसभा सीट

विकास के नाम पर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास

सुरेंद्र सिंह सांगवान/ट्रिन्यू
पंचकूला, 14 अक्तूबर

पंचकूला हलके से सभी प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। विकास के नाम पर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा के ज्ञानचंद गुप्ता चुनाव जीतने पर पंचकूला को स्मार्ट सिटी तो कांग्रेस के चंद्रमोहन पेरिस बनाने का वादा कर रहे हैं। असली टक्कर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी में ही है। इस विधानसभा सीट पर वैसे तो 14 प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं लेकिन असली टक्कर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के बीच ही है। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के उम्मीदवार और निर्दलीय जहां भाजपा सरकार की विफलताओं को मतदाताओं के सम्मुख रख रहे हैं वहीं भाजपा प्रत्याशी विकास को प्रमुख मुद्दा बना रहे हैं। कांग्रेस के चंद्रमोहन जहां चुनाव जीतने पर पंचकूला को पेरिस बनाने की बात कर रहे हैं वहीं भाजपा के ज्ञान चंद गुप्ता स्मार्ट सिटी बनाने का वादा कर रहे हैं। हालांकि अप्रत्यक्ष रूप से दोनों ही उम्मीदवार मौका मिलने एक दूसरे पर तंज कसने से नहीं चूकते। गुप्ता सवाल करते हैं कि 10-15 साल चंद्रमोहन किन फिजाओं में गुम रहे तो चंद्रमोहन कहते हैं रेहड़ी-फड़ी वालों से वसूले 300-300 रुपये विधायक बनने पर वापस करायेंगे। राजनैतिक क्षेत्रों में कुमारी सैलजा के हाल के दौरे के बाद चंद्रमोहन की स्थिति में सुधार होने की चर्चा है। बाहरी कालोनियों और आशियाना के मतदाताओं की संख्या करीब 60 हजार बताई गई है। कालानियों में चंद्रमोहन का दबदबा माना जा रहा है तो शहर में गुप्ता का। शहरी मतदाताओं की संख्या करीब 80 हजार है। देहात में 40 हजार से अधिक मतदाता हैं। हालांकि कुल मतदाता दो लाख से अधिक हैं लेकिन मतदान कितने प्रतिशत होगा यह तो 21 को ही पता चलेगा। लेकिन हर प्रत्याशी एक-दूसरे के वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश में हैं। मुकाबले को तिकोना बनाने के लिये आप उम्मीदवार योगेश्वर शर्मा कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उनके पक्ष में प्रदेश अध्यक्ष नवीन जयहिंद हलके का दौरा कर चुके हैं। वैसे इनेलो के करणदीप चौधरी, जेजेपी के अजय गौतम, स्वराज इंडिया की मधु आंनद, जनरल समाज पार्टी के राहुल कुमार शर्मा, निर्दलीय मुखत्यार सिंह, सुनीता आदि प्रत्याशी विधायक के सपने को साकार करने के लिये एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं।

epaper.dainiktribuneonline.com

ट्रिब्यून ने आयोजित की प्रिंसिपल्ज़ मीट

नए पाठ्यक्रम और कक्षा प्रस्तुति के महत्व पर बल

चंडीगढ़, 14 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

चंडीगढ़ में सोमवार को प्रिंसिपल्ज़ मीट में भाग लेते विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल और गणमान्य। -दैनिक ट्रिब्यून

द ट्रिब्यून समाचारपत्र समूह ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के सहयोग से आज यहां एक स्थानीय होटल में 'आउटकम-बेस्ड एजुकेशन : स्टूडेंट-सेंट्रिक फोकस फार फ्यूचर रेडीनेस' विषय पर प्रिंसिपल्ज़ मीट का आयोजन किया, जिसमें ट्राइसिटी के स्कूलों के 80 प्रिंसिपलों ने भाग लिया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर आरएस बावा ने इस अवसर पर स्कूल स्तर पर पाठ्यक्रम प्लानिंग का महत्व रेखांकित करते हुए कहा कि उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि कक्षा में प्रस्तुति किस प्रकार की है और प्रत्येक विद्यार्थी इसे अपनी महत्वाकांक्षाओं के अनुसार कैसे ग्रहण करता है।

द ट्रिब्यून के एसोसिएट एडीटर रूपिंदर सिंह ने मीट में कहा कि सामान्यता प्रिंसिपलों पर प्रशासकीय कार्यों का दबाव बना रहता है, किंतु सार्थकता विद्यार्थियों से अधिकाधिक बातचीत में है। विद्यार्थी के जीवन में स्कूल शिक्षा से रखी गई आधारशिला सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि हमें भविष्य के लिए सुसज्जित रहने की आवश्यकता है और हममें से अधिकांश इसके लिए तैयार नहीं हैं, क्योंकि पाठ्यक्रम स्तरीय नहीं है। उन्होंने कहा कि द ट्रिब्यून लोगों की आवाज़ है और आपने ही इस आवाज को आकार दिया है।

हिमाचल विश्वविद्यालय के पूर्व डीन कालेज तथा डायरेक्टर एंड कंट्रोलर एग्ज़मिनेन्ज के के.बजाज ने इस अवसर पर आउटकम बेस्ड लर्निंग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा का पहले से कहीं अधिक सामाजिक महत्व है। टीचरों की भूमिका को परिभाषित करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें अच्छे और महान का भेद अवश्य दिखना चाहिए, जिसे विद्यार्थी अकसर परिलक्षित कर देते हैं। आउटकम बेस्ड एजुकेशन की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें ध्यान प्रत्येक स्तर पर विद्यार्थी के प्रदर्शन को मापने पर रहता है।

समय की आवश्यकता : इस अवसर पर सतलुज ग्रुप ऑफ स्कूल, पंचकूला के डायरेक्टर और प्रिंसिपल कृत सेराई ने कहा कि स्कूल पाठ्यक्रम में परिवर्तन के लिए नयी शिक्षा नीति की प्रतीक्षा की जा रही है। शिवालिक पब्लिक स्कूल मोहाली के प्रिंसिपल अनूप किरण ने कहा कि पठन में आउटकम बेसड एप्रोच समय की आवश्यकता है। मीट में जीएनपीएस सेक्टर-36 के प्रिंसिपल गुरनाम कौर, सौपिंस स्कूल, पंचकूला के डा. ज्याता, ज्ञान ज्योति ग्लोबल स्कूल मोहाली के प्रिंसिपल ज्ञान ज्योति, आंचल इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-41 के प्रिंसिपल मंजू सूद और डीसी मोंटेसौरी सीनियर सैकेंडरी स्कूल, मनीमाजरा के प्रिंसिपल रेणु वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए और नई अवधारणाओं को अपनाने पर बल दिया।

स्टाल लगाने की अनुमति का मामला नहीं सुलटा

निगम अब मुख्य वास्तुकार से लेगा राय

रंजू ऐरी डडवाल/ट्रिन्यू
चंडीगढ़, 14 अक्तूबर

त्योहारों के मौसम में विभिन्न मार्केटों में दुकानों के आगे दुकानदारों द्वारा स्टाल्स लगाए जाने की अनुमति दिये जाने का मामला आज भी नहीं सुलझा। दुकानदार दिवाली से तीन दिन पहले निगम से पर्ची कटा कर अपनी दुकानों के आगे स्टाल लगाते रहे हैं । इस संबंध में आज नगर निगम ने अधिकारियों की बैठक बुलाई हुई थी जिसमें स्टाल्स लगाए जाने संबंधी फैसला लिया जाना था लेकिन आज भी निगम कोई फैसला नहीं ले सका। दिवाली को अब केवल 13 दिन बचे हैं व निगम हाईकोर्ट के आदेशों के बाद अब फूंक फूंक कदम रख रहा है। निगम ने अब इस संबंध में मुख्य वास्तुकार से राय मांगी है। इससे पूर्व स्टैंडिग कैंसिल ने स्टाल लगाने की अनुमति दिए जाने का मामला निगम पर छोड़ दिया था। निगम मुख्य वास्तुकार से यह जानना चाहता है कि क्या बाजारों में लगे हुए पेवर ब्लॉक पर स्टाल की मंजूरी दी जा सकती है। वहीं कानूनी राय में भी पार्किंग और दुकानों के कॉरिडोर में स्टाल को मंजूरी न देने के लिए कहा गया है

उल्लेखनीय है कि करवाचौथ के लिए मेंहदी के स्टाल सामुदायिक केन्द्रों में लगाये जाने का निर्णय निगम ले चुका है। इससे पूर्व दशहरा पर भी स्टाल्स नहीं लगाए गए थे जिससे न केवल वेंडर्स, व्यापारियों को नुक्सान उठाना पड़ा बल्कि निगम को भी वित्तीय नुक्सान हुआ। निगम हर वर्ष त्योहारों के मौसम में स्टाल्स लगाने के एवज में पैसे लेकर स्टाल्स लगाए जाने की अनुमति देता आया है लेकिन इस बार मामला हाईकोर्ट में होने के चलते वह किसी किस्म का रिस्क नहीं लेना चाहता।

व्यापारी परेशान, नुकसान होने का खतरा

पहले व्यापार मंडल के चेयरमैन चरणजीव सिंह ने अपने बयान में कहा था कि बाजारों में स्टाल लगाने की मंजूरी न मिलने से इस बार व्यापारी काफी परेशान हैं। कई व्यापारियों ने माल मंगवा लिया है पर अब उन्हें नुकसान होने का खतरा है। कई व्यापारी ऐसे भी हैं जिन्होंने माल नहीं मंगवाया है। वहीं व्यापार मंडल के महासचिव संजीव चड्ढा ने कहा था कि व्यापारियों को गैर रजिस्टर्ड वेंडर्स नहीं माना जा सकता है। पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने गैर रजिस्टर्ड वेंडर्स को हटाने के निर्देश दिए हैं ऐसे में व्यापारियो को अपनी दुकानों के बाहर स्टाल लगाने की मंजूरी देनी चाहिए। ऐसा न करके नगर निगम खुद ही फेस्टिवल मौसम को खत्म कर रहा है। कांग्रेसी पार्षद व निगम में विपक्ष के नेता देवेंद्र सिंह बबला ने भी प्रशासक को पत्र लिख कर स्टाल्स लगाने की अनुमति दिए जाने की मांग की है।

खबर है...

हलवाइयों, बेकरी की दुकानों पर छापेमारी

राजपुरा में सोमवार को सेहत विभाग की टीम एक बेकरी की दुकान पर छापेमारी करते हुए। -निस

राजपुरा (निस) : सेहत विभाग पटियाला की टीम ने मिशन तंदुरुस्त पंजाब के तहत त्योहारों के सीजन को प्रमुख रखते हुए राजपुरा शहर में हलवाइयों व बेकरी की दुकानों पर छापेमारी करके अलग-अलग खाद्य पदार्थों के 11 सैंपल भरकर लैबोरेटरी में जांच के लिए भेजे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल सर्जन पटियाला से जिला सेहत अफसर सतिन्द्र सिंह, फूड सेफ्टी अफसर पुनीता शर्मा की टीम ने राजपुरा टाउन की मेन मार्केट में स्थित बिहारी स्वीट्स, बीकानेर मिष्ठान भंडार, आनंद स्वीट्स के अलावा बेकरी की दुकानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने दो सैंपल खोया, दो सैंपल गुलाब जामुन, मिल्क केक, बर्फी, रसगुल्ला, दूध सहित 11 सैंपल भरकर सील करते हुए लैबोरोटरी जांच के लिए भेज दिये। जिला सेहत अफसर सतिन्द्र सिंह ने कहा कि इलाके के सभी हलवाइयों को साफ-सफाई रखने व शुद्ध सामान तैयार करने की नसीहत दी गई जबकि जो सैंपल जांच में फेल हो जाएंगे तो फूड सेफ्टी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

फादर एंथोनी मामले में 2 आरोपी भगोड़े करार

मोहाली (निस) : फादर एंथोनी के 6 करोड़ 65 लाख रुपए खुर्द -बुर्द करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियो निर्मल सिंह व सुरिंदर पाल के संबंध में सोमवार को एडिशनल जिला सेशन जज मोनिका गोयल की अदालत ने सुनवाई उपरांत दोनों आरोपितों को भगोड़ा करार दे दिया। जानकारी के अनुसार स्टेट क्राइम सेल द्वारा इस मामले में अमनदीप सिंह कंबोज निवासी चीमा बाग सनौर रोड पटियाला, गुरविंदर सिंह उर्फ गैरी निवासी गांव भटियां पटियाला, एएसआई जोगिंदर सिंह, एएसआई राजप्रीत सिंह ,एएसआई दिलबाग सिंह, हवलदार अमरीक सिंह, मुखबिर सुरेंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह ,मोहम्मद शकील, संजीव कुमार रविंद्र कुमार, निर्मल सिंह, सुरेंद्र पाल शर्मा चिड़ी को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अदालत में चार्जशीट दायर की है। पुलिस द्वारा इस मामले में 4 करोड़ 51 लाख 50 हज़ार बरामद कर लिए गए थे।

दुष्कर्म के दोषी युवक को 7 साल कैद

मोहाली (निस) : इंडस्ट्रियल ऐरिया फेज-8 में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के दोषी पड़ोसी गोविंद नाम के युवक को न्यायालय ने 7 साल कैद की सजा सुनाई। जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की के पिता ने इस संबंध में थाना फेज-1 की पुलिस को दी शिकायत दी थी कि लोहड़ी वाले दिन गोविंद लड़की को बहला कर अपने साथ ले गया और दुष्कर्म किया। थाना फेज-1 की पुलिस ने गोविंद के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था।

पिंजौर गार्डन में मनाया पर्यटन दिवस

पिंजौर (निस) : यादवेंद्र गार्डन पिंजौर में सोमवार को पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में पर्यटन निगम द्वारा स्कूली बच्चों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। इसी कड़ी में जेबी स्मार्ट किड्स स्कूल के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में घूमर डांस करके सबका मन मोह लिया। पर्यटन निगम प्रबंधक सुनीत शर्मा और पर्यटन अधिकारी नीरज गुप्ता ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया।

चंडीगढ़ में सोमवार को दक्षिण मार्ग सेक्टर-23 में एन चो में पास फेंके गये कूड़े के ढेर। इससे आसपास दुर्गंध तो फैलती ही है शहर के सिटी ब्यूटीफुल होने के नाम पर भी धब्बा लगता है। -प्रदीप तिवारी

आने वाले समय में 5 ट्रिलियन होगी देश की इकोनॉमी : अनुराग ठाकुर

बोले-जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर बनें युवा

चंडीगढ़, 14 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

चंडीगढ़ में सोमवार को पंजाब विश्वविद्यालय के लॉ आडीटोरियम में आयोजित पीयू के स्थापना दिवस समारोह में बोलते अनुराग ठाकुर।

पंजाब विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे केंद्रीय वित्त एवं कारपोरेट मामले के राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 2024-25 तक देश की इकोनॉमी 5 ट्रिलियन होगी क्योंकि नरेंद्र मोदी सरकार हर वो फैसला ले रही है जिससे अर्थव्यवस्था को गति मिल सके। कारपोरेट टैक्स को घटाकर 30 से 15 फीसदी कर दिया है जिससे विदेशी निवेशक भारत का रुख करेंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे जॉब सीकर न बने बल्कि ज़ॉब क्रिएटर बनें, स्टार्टअप लगायें जिसे सरकार ने 100 फीसदी टैक्स छूट दे रखी है। अनुराग ने कहा कि 7-8 साल पहले कौन सोच सकता था कि ओला, फ्लिपकार्ट, ओयो जैसी कंपनियां 40 हजार करोड़ की टर्नओवर वाली कंपनियां हो जायेंगी, इसलिये युवा जोखिम उठायें। ठाकुर ने कहा कि पीयू ने निस्संदेह हर क्षेत्र में बड़ी महान हस्तियां दी हैं, पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विशिष्ट अतिथि पंजाब के वित्त मंत्री मनप्रीत बादल ने कहा कि वे 25 साल से सार्वजनिक जीवन में हैं वो कभी भी किसी शिक्षण संस्थान को ना नहीं कहते। इससे पूर्व कुलपति प्रो. राज कुमार ने मेहमानों का स्वागत करते हुए पीयू के इतिहास व उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया।

किराएदारों पर किया हमला, एक काबू

पंचकूला/चंडीगढ़, 14 अक्तूबर (नस)

पंचकूला के सेक्टर 21 में एक मकान में रह रहे किराएदारों पर हमला कर जख्मी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सेक्टर 20 आशियाना निवासी राजीव उर्फ पप्पी के रूप में हुई। महेशपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दी थी कि 10 अक्तूबर की रात को कुछ लोगों ने उसके घर में घुस कर उसके दो किरायेदारों को डंडों व ईंट आदि से हमला कर घायल कर दिया था।

किरायेदारों के शोर मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए थे। पुलिस ने राजीव को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

रिवाइज्ड बजट में प्रशासन ने मांगे 246 करोड़

चंडीगढ़, 14 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

चंडीगढ़ प्रशासन ने रिवाइज्ड बजट में केन्द्र सरकार से 246 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट मांगा है। प्रशासन ने वित्तीय संकट में पड़े नगर निगम के लिए 125 करोड़ रुपये, भूमि अधिग्रहण के मामलों के लिए 60 करोड़ रुपये और बाकी की राशि स्मार्ट सिटी और बिजली खरीद, परिवहन सुविधाओं के विस्तार और इंजीनियरिंग विभाग की परियोजनाओं के लिए मांगी है। उल्लेखनीय है कि 2019-20 के लिए प्रशासन को 4,753.12 करोड़ रुपये का बजट केन्द्र से मिला था। इसमें से राजस्व के तहत 4,351.49 करोड़ रुपये और पूंजीगत प्रमुख के तहत 401.63 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे । प्रशासन ने जो बजट भेजा था उसमें से केंद्र ने 103.4 करोड़ रुपये की कटौती की थी। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने ऊर्जा के लिए प्रशासन को 958.14 करोड़ रुपये का बजट दिया था। जबकि प्रशासन की योजनाओं में 33 केवी के 66 केवी उप-स्टेशन के निर्माण, भूमिगत केबल बिछाने और स्मार्ट बिजली मीटरों की स्थापना करके बिजली के बुनियादी ढांचे में सुधार करना शामिल है। शिक्षा में बजट में 809.37 करोड़ रुपये आवंटित किए गए जबकि प्रशासन ने जो सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करने की योजना बनाई है उनके लिए अतिरिक्त राशि की आवश्यकता है।

वित्तीय संकट में पड़े नगर निगम के लिए चाहिए 125 करोड़ रुपये

जाम की समस्या से निपटने के लिये बैठक

ज़ीरकपुर, 14 अक्तूबर (निस)

शहर की सड़कों पर रोजाना लगने वाले जाम से निपटने के लिए आज ट्रैफ़िक पुलिस की ओर से नगर कौंसिल के आधिकारियों के साथ मीटिंग की गई। मीटिंग में नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी सुखजिन्दर सिंह सिद्धू के इलावा ट्रैफ़िक इंचार्ज इंस्पेक्टर संजीव कुमार शामिल हुए। मीटिंग में ट्रैफ़िक इंचार्ज संजीव कुमार द्वारा नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी को अवगत करवाया गया कि शहर में जाम की समस्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। त्योहारों के दिनों में यह समस्या आम दिनों से ज़्यादा गंभीर हो जाती है। जाम पर काबू पाने के लिए शहर की सड़कों पर लगीं ज़्यादातर ट्रैफ़िक लाईटों बंद पड़ीं हैं जिसके कारण यातायात बेकाबू हो जाता है। नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी सुखजिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि वह शहर के बेहतरी के लिए कोई भी कदम उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि नेशनल हाईवे अथॉरिटी आफ इंडिया के अधिकारी इन लाईटों को कौंसिल की सौंपने के लिए तैयार हैं तो वह इस मुद्दे को कौंसिल की मीटिंग दौरान हाऊस के सामने रख कर विचार करेगें।

रंगमंच

चंडीगढ़ में सोमवार को टैगोर थिएटर में सात्विक आर्ट्स सोसायटी ने नाटक 'ख्वाहिश' का मंचन किया। - रवि कुमार

मोटर मार्केट से ड्रग पैडलर गिरफ्तार

चंडीगढ़/पंचकूला, 14 अक्तूबर (नस)

यूटी पुलिस ने एक पुख्ता सूचना पर ड्रग पैडलर को लाखों रुपये के चिट्टे की खेप के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी बरिंदर (46) धनास में रह कर इलाके में नशा बेचता है। वह दिल्ली से 80 ग्राम हेरोइन की खेप लेकर आया लेकिन सूचना मिलते ही पुलिस ने उसे पंजाब की सीमा के साथ लगते सेक्टर 48 की मोटर मार्केट से काबू कर लिया। बरामद की गई हेरोइन की खेप की बाजार में 4 लाख रुपये बताई गई। बरिंदर को आज जिला अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी बरिंदर पेशे से सेक्टर 48 की मोटर मार्केट में डेंटिंग-पेंटिंग का मेकेनिक है। जांच में आरोपी ने कबूला कि वह दिल्ली से ड्रग्स लाकर चंडीगढ़ में बेचता है। पुलिस आरोपी के शहर में रह रहे जानकारों और सपंर्कों को खंगाल रही है।

सुखना लेक के बाहर अंबेडेड लाइटों का दिखने लगा असर

शहर के अन्य पैडेस्ट्रेयन सिग्नल को बदलने की तैयारी

आदित्य शर्मा
चंडीगढ़/पंचकूला, 14 अक्तूबर

एक पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत चंडीगढ़ में पिछले हफ्ते सुखना लेक के बाहर शुरू की गई एंबेडेड लाइटों को शहर के अन्य पैडेस्ट्रेयन सिग्नल से बदलने की तैयारी हो रही है। सुखना लेक के बाहर अंबेडेड लाइटों का असर दिखने लगा है। प्रशासन का इंजीनियरिंग विंग शहर में ट्रैफिक कंट्रोल करने के साथ-साथ सड़क पर पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए यह प्रोजेक्ट लेकर आया है। चीफ इंजीनियर के अनुसार अगर यह प्रोजेक्ट पूरी तरह सफल होता है तो पूरे शहर के पैडेस्ट्रेयन सिग्नल इससे बदले जाएंगे।

सुखना लेक के बाहर दुर्घटना की आशंका को खत्म करने के लिए प्रशासन ने इन सिग्नल लाइट को लगाने का फैसला किया। बीती 6 अक्तूबर को सलाहकार मनोज परीदा ने सुखना लेक की तरफ जाने के लिए ग्रीन सिग्नल का उद्घाटन किया। ये सिग्नल पैदल चलने वालों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। नहीं तो लेक के बाहर हमेशा भारी ट्रैफिक के बीच पैदल चलने वालों के लिए दुर्घटना का हमेशा खतरा बना रहता था।

जेब्रा क्रासिंग के दोनों तरफ सिग्नल लाइट

इस प्रणाली में जेब्रा क्रासिंग के दोनों तरफ यह सिग्नल लाइट होगी, जिससे ग्रीन सिग्नल होने पर इसमें ग्रीन और रेड लाइट चलती है। प्रशासन को और अच्छा रिस्पांस मिलने की उम्मीद है। प्रशासन के इंजीनयरिंग विंग ने एंबेडेड लाइटों के बारे में पूरी जानकारी ली है। इससे पहले हैदराबाद शहर में इस तरह के सिग्नल लगे हैं।

एबीवीपी ने पीयू में किया रोष प्रदर्शन

चंडीगढ़, 14 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

पश्चिम बंगाल में आरएसएस के कार्यकर्ता और उसके परिवार की हत्या के विरोध में तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ आज पंजाब विश्वविद्यालय के कैंपस में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने रोष प्रदर्शन किया। मुर्शिदाबाद में संघ नेता बंधु प्रकाश, उनकी पत्नी और 8 साल के बच्चे की हत्या कर दी गयी थी। पीयू की एबीवीपी इकाई की सचिव प्रिया ने कहा कि बंगाल के अंदर बढ़ रहे आरएसएस व उनके अन्य संगठनों के बढ़ते प्रभाव को देखकर ममता सरकार बौखला गयी है जिससे राजनीतिक हत्याएं करवाई जा रही हैं। पूर्व सचिव परविंद्र सिंह कटोरा ने बताया कि संघ कार्यकर्ता की हत्या होना व उस घटना को लेकर ममता सरकार का ढुलमुल रवैया उनके अलोकतांत्रिक व्यवहार को दर्शाता है। विश्वविद्यालय संयोजक स्वराज सिंह सिंधु ने हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की। विश्वविद्यालय सह-संयोजक पारस रत्तन ने कहा कि यदि बंगाल सरकार ने इस घटना को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की तो एबीवीपी पूरे देशभर में उग्र आंदोलन छेड़ेगी।

पश्चिम बंगाल में आरएसएस कार्यकर्ता व उसके परिवार की हत्या का विरोध

सार्वजनिक सूचना

सम्पदा अधिकारी, एचएसवीपी के समक्ष
शहरी संपदा का नाम, पंचकूला

विषय : सह-अलाटी श्री अश्वनी कुमार पुत्र स्व. श्री मणि राम गम्भीर की वसीयत रहित मृत्यु होने पर निर्मित मकान नं. 1570, सेक्टर-4, अर्बन एस्टेट, पंचकूला के स्वामित्व का हस्तांतरण।

स्व. श्री अश्वनी कुमार जो कि उक्त प्रापर्टी के सह-अलाटी थे, 17.01.2018 को स्वर्ग सिधार गए हैं और कोई रजि. या गैर-रजि. वसीयत नहीं है तथा वे अपने पीछे निम्न कानूनी वारिस छोड़ गए हैं :- (i) श्रीमती नीलम गम्भीर (पत्नी), (ii) श्रीमती आशा रानी (माता), (iii) कबीर (पुत्र), (iv) रुपिका गम्भीर (पुत्री)

श्रीमती नीलम गम्भीर पत्नी स्व. श्री अश्वनी कुमार निवासी म. नं. 1570, सेक्टर-4, पंचकूला कानूनी वारिस होने के नाते अपने पक्ष में उक्त दर्शायी प्रापर्टी के हस्तांतरण हेतु आवेदन करने के इच्छुक हैं और श्रीमती नीलम गम्भीर (मौजूदा सह अलाटी श्री जतिन्द्र कुमार सहित) के नाम पर रि-अलाटमेंट हेतु विनती की है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में उक्त प्लाट/मकान के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर संपदा अधिकारी एचएसवीपी, पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त संपत्ति एचएसवीपी नीति अनुसार संपदा अधिकारी द्वारा हस्तांतरित/पुनः अलाटमेंट कर दी जाएगी और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

कानूनी वारिस : श्रीमती नीलम गम्भीर, श्रीमती आशा रानी, कबीर, रुपिका गम्भीर

DI-98487 संपदा अधिकारी की ओर से

दैनिक ट्रिब्यून

स्थापना 15 अगस्त 1978

सपनों के सौदागर

उम्मीदों के उफान पर वायदे

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिये सभी राजनीतिक दल ताल ठोककर मैदान में हैं। जनता को लुभाने के लिये अपने-अपने घोषणा पत्र सार्वजनिक कर जनता की अदालत में हैं। राजनीतिक दलों ने अब तक इतने वायदे किये हैं कि जनता अब इन घोषणा पत्रों को गंभीरता से नहीं लेती। देश में शायद ही कोई ऐसा शोध हुआ हो जो मतदाताओं को बता सके कि वास्तव में कितने प्रतिशत वायदों को अमलीजामा पहनाया जा सका। लोकलुभावने वायदों के जरिये दैनिक जीवन की जद्दोजहद में जुटे लोगों को अपने पक्ष में लाने की कोशिश की जाती है। अशिक्षा और गरीबी के चलते मतदाताओं का एक वर्ग राजनीतिक दलों के छोटे प्रलोभनों में फंस भी जाता है। नेता भी जानते हैं कि सत्ता में आये तो सरकारी धन से एक सीमा तक सतही तौर पर दो-चार वायदे ही पूरे कर सकेंगे। हार गये तो कौन पूछने वाला है। कमोबेश सभी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने घोषणा पत्र सार्वजनिक किये हैं, जिसके बूते वोट मांगे जायेंगे। विडंबना यही है कि इन घोषणाओं में दूरदृष्टि नजर नहीं आती। बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में आने वाले दशकों में सड़क, पानी, बिजली और अन्य नागरिक सेवाओं में क्या बदलाव होने चाहिए, इस पर सभी राजनीतिक दल खामोश नजर आते हैं। दूसरे, कोई भी राजनीतिक दल यह नहीं बताता कि खस्ताहाल अर्थव्यवस्था वाले राज्य में राजनीतिक विलासिता वाले वायदे कैसे पूरे हो सकेंगे। सत्ता में आने पर राजनीतिक दलों के आय के नये स्रोत क्या होंगे। ऐसे तमाम व्यावहारिक सवालों पर राजनीतिक दल खामोश हैं। फिर इन वायदों पर जनता की वास्तविक जरूरतों को प्राथमिकता नहीं दी जाती। वायदे या तो अव्यावहारिक होते हैं या फिर संकीर्ण स्वार्थों पर केंद्रित। सही मायनो में वर्ग विशेष, जातीय समूह अथवा सामाजिक समूह को संबोधित वायदों में राज्य हित गौण हो जाते हैं।

भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र-'म्हारे सपनों का हरियाणा' की एक अच्छी बात यह है कि इसको लेकर जनता की राय मांगी गई थी। जनता से सीधे संवाद की कोशिश में करीब पौने दो लाख लोगों ने अपने सुझाव रखे। जिन्हें दो हजार श्रेणियों में बांटकर दो सौ मुख्य सुझावों को संकल्प पत्र में शामिल किया गया। भाजपा के संकल्प पत्र में युवा, किसान, खिलाड़ी व गरीब को प्राथमिकता देते हुए नई तकनीक के जरिये स्वास्थ्य, शिक्षा व सुरक्षा पर जोर दिया गया है। किसान की आमदनी दुगना करने, कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है वहीं कांग्रेस ने लंबे-चौड़े घोषणा पत्र में 24 घंटे में कर्ज माफी का वायदा करते हुए महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों व कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की बात कही है, जो कि चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। साथ ही सरकारी नौकरियों में महिलाओं को तैंतीस फीसदी आरक्षण का वायदा भी है। मुफ्त बिजली, वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने, पंचायती चुनाव में शैक्षिक योग्यता खत्म करने जैसे प्रतिगामी वायदे और साथ ही बेरोजगारी भत्ता देने और पंचायती राज संस्थाओं में पचास फीसदी आरक्षण का भी वायदा है। वहीं निजी उद्योगों में हरियाणा के युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण का भी वायदा है। दूसरी ओर इनेलो ने भी तमाम लोकलुभावन वायदे किये हैं। किसानों को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के आधार पर फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वायदा किया गया है। किसानों व व्यापारियों के कर्जे माफ करने, बेरोजगारी भत्ता, वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने, हर घर को एक रोजगार, निजी कंपनियों में हरियाणा के बेरोजगारों को 75 प्रतिशत आरक्षण का भी वायदा है। एसवाईएल नहर के निर्माण का भी वायदा किया गया है। साथ ही शहीदों के परिवारों को भूखंड देने का भी वायदा है। सवाल है कि जिस रामराज की संकल्पना इन घोषणा पत्रों के जरिये की गई है, क्या उनके लिये वित्तीय संसाधन जुटाने का दमखम इन दलों में है? जब ये दल सत्ता में थे तो इन वायदों में एक-चौथाई भी क्रियान्वित करने में ये दल सफल क्यों नहीं हुए?

आज का विचार

खूबसूरती से मोहब्बत नहीं होती बल्कि जिस इनसान से मोहब्बत होती है वो खूबसूरत लगने लगता है। **-हजरत अली**

एकदा

गुरु की गुरुता

एक बार एक व्यक्ति की उसके बचपन की महिला टीचर से मुलाकात हुई। उसने उनके चरण स्पर्श कर अपना परिचय दिया। उसने पूछा-अभी क्या करते हो?' 'मैं भी एक टीचर बन गया हूं और इसकी प्रेरणा मुझे आपसे ही मिली थी।' वह व्यक्ति बोला। उस टीचर को बड़ा आश्चर्य हुआ और बोली-मुझसे कैसी प्रेरणा मिली थी? वो व्यक्ति कहने लगा कि आपको याद हो, जब में चौथी क्लास में था, तब एक दिन मेरे सहपाठी ने उस दिन उसकी घड़ी चोरी होने की आपसे शिकायत की थी। आपने क्लास का दरवाज़ा बन्द करवाया और सभी बच्चों को क्लास में पीछे एक साथ लाइन में खड़ा होने को कहा था। फिर आपने सभी बच्चों की जेबें टटोली थीं। मेरे जेब से आपको घड़ी मिल गई थी जो मैंने चुराई थी। पर चूंकि आपने सभी बच्चों को अपनी आंखें बंद रखने को कहा था तो किसी को पता नहीं चला कि घड़ी मैंने चुराई थी। उस दिन आपने मुझे लज्जा व शर्म से बचा लिया था। अपने व्यवहार से मुझे यह नहीं लगने दिया कि मैंने एक गलत कार्य किया था। ये सुनकर टीचर बोली, 'मुझे भी नहीं पता था बेटा कि वो घड़ी किसने चुराई थी। मैं जब सबके पॉकेट चेक कर रही थी, उस समय मैंने कहा था कि सब अपनी आंखें बंद रखेंगे और वही मैंने भी किया, मैंने स्वयं भी अपनी आंखें बंद कर रखी थीं। **प्रस्तुति : सुभाष बुड़ावनवाला**

40 साल पहले

दैनिक ट्रिब्यून

सिक्किम जनता परिषद को पूर्ण बहुमत प्राप्त

गंगटोक, 14 अक्तूबर (युन्यू)। सिक्किम के भारत में विलय के बाद यहां हुए दूसरे आम चुनाव में सिक्किम जनता परिषद स्पष्ट बहुमत ले गयी। 32 सदस्यीय विधानसभा की 31 सीटों के लिए जो चुनाव हुआ है, उसमें परिषद को 16 सीटें मिली हैं। परिषद द्वारा समर्थित एक निर्दलीय उम्मीदवार भी सफल हो गया है। सिक्किम जनता परिषद के नेता नर बहादुर भंडारी हैं। पूर्व सत्तारूढ़ दल जनता पार्टी को एक भी स्थान नहीं मिला।

रूस से सामरिक परिवहन विमान लिये जायेंगे

नयी दिल्ली, 14 अक्तूबर (युन्यू) प्रतिरक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए सामरिक परिवहन विमान का मूल्यांकन कर लिया है। वायुसेना के विशेषज्ञों ने चार किस्म के विमानों का अध्ययन किया। ज्ञात हुआ है कि मंत्रालय ने रूस के एएन-32 विमान को पसंद किया है। यद्यपि चारों किस्मों के विमानों की कार्य कुशलता समान है लेकिन एएन-32 से अन्य तीन के मूल्य लगभग तीन गुने अधिक हैं।

विकास के साथ जीवन की गुणवत्ता भी जरूरी

भरत झुनझुनवाला

वित्तमंत्री द्वारा कॉरपोरेट टैक्स में कटौती का क्या विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा? यह देश की कार्य संस्कृति पर भी निर्भर करता है कि नौकरशाही कितनी ईमानदार है। जरूरी है कि विकास के साथ जीवन की गुणवत्ता के लक्ष्य भी हासिल किये जाएं, जिससे अमीरों का पलायन रुके।

बीते बजट में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कंपनियों द्वारा अदा किये जाने वाले आयकर, जिसे कॉरपोरेट टैक्स कहा जाता है, को लगभग 35 प्रतिशत से बढ़ाकर 43 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा था कि अमीरों का दायित्व बनता है कि देश की जरूरतों में अधिक योगदान करें। बीते माह उन्होंने अपने कदम को पूरी तरह वापस ले लिया और कंपनियों द्वारा अदा किये जाने वाले आयकर को घटाकर लगभग 33 प्रतिशत कर दिया है। इस उलटफेर से स्पष्ट होता है कि आयकर की दर का आर्थिक विकास पर प्रभाव असमंजस में है।

यदि आयकर बढ़ाया जाता है तो इसका प्रभाव सकारात्मक भी पड़ सकता है और नकारात्मक भी। यदि राजस्व का उपयोग घरेलू माल की खरीद से निवेश करने के लिए किया गया, जैसे देश में बने सीमेंट और बजरी से गांव की सड़क बनायी गयी तो इसका प्रभाव सकारात्मक पड़ेगा। इसके विपरीत यदि उसी राजस्व का उपयोग राफेल फाइटर प्लेन खरीदने के लिए अथवा सरकारी कर्मियों को ऊंचे वेतन देने के लिए किया गया तो प्रभाव नकारात्मक पड़ सकता है। कारण यह कि राफेल फाइटर प्लेन खरीदने से देश की आय विदेश चली जाती है। जैसे गुब्बारे की हवा निकाल दी जाए। लेकिन इसके पीछे जो आर्थिक गणित है वह यह है कि यदि सरकारी कर्मियों को ऊंचे वेतन दिए जाते हैं तो इसका एक बड़ा हिस्सा विदेशी माल जैसे स्विट्ज़रलैंड की बनी चॉकलेट खरीदने में अथवा विदेश यात्रा में खर्च हो जाता है, जिससे आर्थिक विकास की दर पुनः गिरती है।

देश में मांग उठ रही है कि व्यक्तियों द्वारा देय आयकर में भी कटौती की जाए। इसका भी प्रभाव सकारात्मक पड़ सकता है अथवा नकारात्मक। इतना सही है कि आयकर घटाने से करदाता के हाथ में अधिक रकम बचेगी। जैसे करदाता पहले यदि 100 रुपये कमाता था और उसमें से 30 रुपये आयकर देता था तो उसके हाथ में 70 रुपये बचते थे। यदि आयकर की दर घटाकर 25 प्रतिशत कर दी जाए तो करदाता के हाथ में अब 75 रुपये बचेंगे। वह पहले यदि 70 रुपये का निवेश कर सकता था तो अब 75 रुपये का निवेश कर सकेगा। लेकिन यह जरूरी नहीं कि बची हुई रकम का निवेश ही किया जाएगा। उस रकम को वह देश से बाहर भी भेज सकता है। बताते चलें कि यदि देश में आयकर की दर घटा दी जाए तो भी यह निवेश करने को पर्याप्त प्रलोभन नहीं है क्योंकि अबू धाबी जैसे तमाम देश हैं जहां पर आयकर की दर शून्यप्राय है।

मनिपाल ग्लोबल एजुकेशन के टी. वी. मोहनदास पाई के अनुसार देश से अमीर बड़ी संख्या में पलायन कर रहे हैं। वे भारत की नागरिकता त्याग कर अपनी पूंजी समेत दूसरे देशों को जा रहे हैं और उन देशों की नागरिकता स्वीकार कर रहे हैं। पाई के अनुसार इसका प्रमुख कारण टैक्स कर्मियों का आतंक है। उनके अनुसार आज करदाता महसूस करता है कि उसे टैक्स कर्मियों द्वारा परेशान किया जा रहा है। मानना है कि वर्तमान सरकार कंप्यूटर तकनीक के उपयोग से आयकरदाताओं और टैक्स अधिकारियों के बीच सीधा संपर्क कम कर रही है जो कि सही दिशा में है लेकिन इसके बाद जब जांच होती है अथवा अपील की प्रक्रिया होती है तो करदाता और टैक्स अधिकारियों का आमना-सामना होता ही है।

मूल बात यह है कि वर्तमान सरकार टैक्स अधिकारियों को ईमानदार और करदाताओं को चोर की तरह देखती है। सरकार का यह प्रयास बिल्कुल सही है कि देश में तमाम उद्यमी हैं जो देश के बैंकों की रकम को लूट कर जा रहे हैं अथवा टैक्स की चोरी कर रहे हैं। लेकिन एक चोर को दूसरे चोर के माध्यम से पकड़ना कठिन ही है। मनु स्मृति में कहा गया है कि 'राजा के कर्मी मुख्यतः चोर और फरेबी होते हैं और वे जनता का धन लूटते हैं, राजा इनसे अपनी जनता की रक्षा करे।' यानी मनु स्मृति के अनुसार सरकार के कर्मी मूलतः चोर होते हैं। लेकिन वर्तमान सरकार की दृष्टि में सरकार के कर्मी ईमानदार हैं और करदाता चोर हैं। अतः कंप्यूटर तकनीक से जो सुधार किया जा रहा है, उससे कर्मियों का मूल भाव बदलता नहीं दिखता है। परिणाम यह है कि टैक्स के आतंक के चलते देश से अमीरों का पलायन जारी है।

अमीरों के पलायन का दूसरा प्रमुख कारण जीवन की गुणवत्ता बताया जा रहा है। देश में वायु की गुणवत्ता गिरती जा रही है। मेरे एक मित्र दिल्ली में रहते थे। उनकी पत्नी का वजन बिना किसी कारण के 45 किलो से घटकर 25 किलो हो गया। इसके बाद उन्होंने दिल्ली को छोड़ा और देहरादून में आकर बसे। बिना किसी दवाई के उनकी पत्नी का वजन पुनः बढ़ गया। वायु की घटिया क्वालिटी के कारण अमीर अपने देश में रहना पसंद नहीं कर रहे हैं।

इसी प्रकार ट्रैफिक की समस्या है, जिसके कारण वे यहां नहीं रहने चाहते हैं। इस दिशा में सरकार का प्रयास उल्टा पड़ रहा है। जैसे सरकार ने कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों द्वारा उत्सर्जित जहरीली गैसों के मानकों में हाल में छूट दे दी है, उन्हें वायु प्रदूषित करने का अवसर दे दिया है। इस छूट का सीधा परिणाम यह है कि बिजली संयंत्रों द्वारा उत्पादन लागत कम होगी और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। लेकिन उसी छूट के कारण वायु की गुणवत्ता में गिरावट आएगी और देश के अमीर यहां से पलायन करेंगे और विकास दर घटेगी, जैसा हो रहा है।

इसी प्रकार सरकार ने गंगा के ऊपर बड़े जहाज चलाने का निर्णय लिया है। सीधे तौर पर बड़े जहाज चलेंगे, ढुलाई का खर्च कम होगा और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। लेकिन इन्हीं बड़े जहाज़ों से गंगा का पानी प्रदूषित होगा, गंगा का सौन्दर्य खंडित होगा और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आएगी। अतः सरकार को किसी निर्णय को लेते समय जीवन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा और पर्यावरण को बोझ समझने के स्थान पर पर्यावरण की रक्षा के इस आर्थिक लाभ का भी मूल्यांकन करना होगा।

तीसरा बिंदु सामाजिक है। अमीर व्यक्ति चाहता है कि उसे वैचारिक स्वतंत्रता मिले। वह अपनी बात कह सके। लेकिन बीते समय में देश में स्वतंत्र विचार को हतोत्साहित किया गया है। जो व्यक्ति सरकार की विचारधारा से विपरीत सोचता है, उसके ऊपर किसी न किसी रूप से दबाव डाला जा रहा है। इन तमाम कारणों से अमीरों को भारत में रहना पसंद नहीं आ रहा है और वह देश से पलायन कर रहे हैं।

वित्तमंत्री द्वारा टैक्स कॉर्पोरेट कम्पनियों द्वारा अथवा व्यक्तियों द्वारा जो आयकर में कटौती की गयी है अथवा जो शीघ्र किये जाने की संभावना है, उससे देश के आर्थिक विकास को कोई अंतर नहीं पड़ेगा क्योंकि मूल समस्या सांस्कृतिक है। देश ने जो नौकरशाही को ईमानदार, पर्यावरण की हानि को आर्थिक विकास का कारक और वैचारिक विभिन्नता को नुकसानदेह दृष्टि से देख रखा है, उसका सीधा परिणाम है कि देश के अमीर देश को छोड़कर जा रहे हैं और देश की आर्थिक विकास की गति धीमी पड़ रही है।

लेखक आर्थिक मामलों के जानकार हैं।

उच्च न्यायालय का अधिकार क्षेत्र

प्राथमिकी दूसरे राज्य में भेजे जाने पर सवाल

अनूप भटनागर

तमिलनाडु की महिला पुलिस अधीक्षक द्वारा महानिरीक्षक स्तरीय अधिकारी पर कार्यस्थल पर उत्पीड़न के आरोपों की जांच को आंच की आशंका में उच्च न्यायालय द्वारा मामला दूसरे राज्य को भेजने पर सवाल उठे हैं। सुप्रीमकोर्ट इन सवालों के जवाब तलाशने की कोशिश में है।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम का कानून बनने के छह साल बाद अब उच्चतम न्यायालय के समक्ष एक रोचक मामला आया है। इस मामले में उच्च न्यायालय ने महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पुलिस महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी के खिलाफ कथित रूप से यौन उत्पीड़न की शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी जांच के लिये दूसरे राज्य को भेज दी। सवाल उठता है कि क्या कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम कानून के तहत शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी उच्च न्यायालय किसी अन्य राज्य में स्थानांतरित कर सकता है?

यह विवाद भारतीय पुलिस सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात महिला अधिकारी से संबंधित है। दोनों ही अधिकारी तमिलनाडु में तैनात हैं। कार्यस्थल पर उत्पीड़न की महिला पुलिस अधिकारी की शिकायत आंतरिक शिकायत समिति के समक्ष विचारार्थ होने के दौरान ही मामला पुलिस में भी पहुंच गया था।

कार्यस्थल में उत्पीड़न की रोकथाम और इस बारे में मिलने वाली शिकायतों के समाधान के लिये ही 2013 में सरकार ने एक कानून बनाया। लेकिन इससे पहले, शीर्ष अदालत ने 1997 में राजस्थान के बहुचर्चित विशाखा प्रकरण में इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिये व्यापक निर्देश दिये थे और कहा था कि इन पर अंकुश के लिये नया कानून बनने तक ये निर्देश प्रभावी रहेंगे। शीर्ष अदालत ने अगस्त 1997 में इस प्रकरण में अपने फैसले में कहा था कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न महिलाओं के मौलिक अधिकारों का हनन है। इन अधिकारों में समता का

अधिकार, कोई भी पेशा अपनाने का अधिकार और गरिमा के साथ जीने का अधिकार भी शामिल है।

न्यायालय ने महिलाओं के संरक्षण के लिये विशेष समिति गठित करने का भी निर्देश दिया था ताकि ऐसी शिकायत का निदान किया जा सके। चेन्नई में पुलिस अधीक्षक स्तर की इस महिला अधिकारी की शिकायत पर तत्काल ही कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम कानून के प्रावधानों के तहत जांच के लिये आतंरिक समिति गठित की गयी थी। महिला अधिकारी का आरोप था कि आईजी रैंक के आईपीएस अधिकारी एक साल से उसका मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न कर रहे हैं।

इस शिकायत में लगाये गये आरोपों की जांच के लिये पुलिस विभाग ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सीमा अग्रवाल की अध्यक्षता में आंतरिक जांच समिति गठित की थी। इस जांच समिति ने आरोपों की गंभीरता को देखते हुए इसे तमिलनाडु की सीबी-सीआईडी को मामला दर्ज करके जांच के लिये भेज दिया था। उसने इसी आधार पर मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी।

महिला अधिकारी ने मद्रास उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर जांच समिति पुनर्गठित करने और आईपीएस अधिकारी का तबादला करने का अनुरोध किया था। इसी बीच, महिला अधिकारी की शिकायत पर तमिलनाडु पुलिस की अपराध शाखा से इस आईपीएस अधिकारी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के कई प्रावधानों के तहत प्राथमिकी भी दर्ज कर ली थी। इस मामले की सुनवाई के दौरान महिला अधिकारी जांच की कार्यवाही और प्राथमिकी को केरल या किसी अन्य पड़ोसी राज्य या दिल्ली स्थानांतरित करने पर सहमत हो गयी थी लेकिन आईपीएस अधिकारी का तर्क था कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न संबंधी कानून के तहत कार्यवाही को स्थानांतरित करने का कोई ठोस कानूनी आधार नहीं है। राज्य सरकार भी इसके पक्ष में नहीं थी। लेकिन, उच्च न्यायालय ने इस मामले की प्रकृति और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए इसे तमिलनाडु से तेलंगाना स्थानांतरित करने का आदेश दे दिया।

इस मामले में विवाद का केन्द्र बने इस आईपीएस अधिकारी का जून महीने में तबादला कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने 28 अगस्त को इस सारे मामले को निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच के लिये तेलंगाना स्थानांतरित कर दिया था। संविधान के अनुच्छेद 226 में उच्च न्यायालय को न्याय के हित में आदेश देने के व्यापक अधिकार प्राप्त हैं।

इसी तरह उच्च' न्यायालय राज्य के भीतर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 407 के तहत उच्च न्यायालय को अपने अधीनस्थ अदालतों में लंबित किसी मामले या अपील को निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच तथा सुनवाई के लिये मुकदमे या प्रकरण अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले किसी भी अन्य जिले में स्थानांतरित कर सकता है। शीर्ष अदालत अगले सप्ताह इस प्रकरण पर विचार कर सकती है।

उलटवांसी

मुफ्तखोरी के दौर में चौपट चरित्र

आलोक पुराणिक

मुफ्तखोर मार्केटिंग उन्नत होगी, तो फ्री के एप्पल फोन और वुडलैंड के जूते भी आफर करेगी। मुफ्तखोरी में सहूलियत तो मिल जाती है, पर कैरेक्टर तबाह हुआ जा रहा है। हर सवाल पर बंदा पूछने लगता है कि मुझे क्या मिलेगा और वो भी मुफ्त।

एक टेलीकाम कंपनी ने घोषणा की कि अब फुल मुफ्तखोरी न करा पायेगी वह कंपनी। अब थोड़े से पैसे खर्च करने को तैयार रहना पड़ेगा ग्राहकों को। ग्राहकों में शोक-सा छा लिया है। हाय मुफ्तखोरी बंद हो रही है।

मुफ्त मिलना हक है। हक पर जैसे चोट हो गयी हो। इन दिनों अखबारों को देखिये, बीच में इतने पैंफलेट मुफ्त में आ रहे हैं। दे दनादन। फिर पैंफलेटों को झाड़िये तो पूरा अखबार इन दिनों तलाशना पड़ता है कि सच में खबरें हैं कहां। अखबारों में पहले पेज पर गाइड देनी चाहिए कि खबरें इतनी हैं और इन पन्नों पर हैं। चिंताओं के लेवल बदल गये हैं जी। पहले बंदे चिंतित होते थे कि इंटरनेट नहीं आता, अब परेशानी इस बात की है, जी हमारी कंपनी वाला मुफ्त में नहीं आता और जिनकी कंपनी मुफ्त वाला इंटरनेट दे रही है, उनका परेशानीयुक्त सवाल यह होता है कि कब तक मुफ्त मिलेगाजी, कुछ महीनों के बाद कहीं पैसे तो न देने पड़ जायेंगे।

भारतीयों के चरित्र को चौपट कर दिया है मुफ्तखोरी ने। अभी कुछ दिन पहले एक नौजवान वफा और बेवफाई पर बहस कर रहा था। मैंने उसे बताया कि बेटे वफा की बात ही न कर उस मुल्क में जहां बरसों-बरसों से चले आ रहे अपने फोन कनेक्शन को लोग एक मिनट में सिर्फ इसलिए शिफ्ट कर देते हैं कि नया कनेक्शन मुफ्त मिल रहा है। मुफ्त मिल जाये तो बरसों पुराने कनेक्शन एक मिनट में निपटा देते हैं, ऐसे माहौल में तू वफा ढूंढ़ता है। नासमझ वफा ढूंढ़ते हैं, समझदार अगला मुफ्त कनेक्शन ढूंढ़ते हैं।

पहले सवाल होता था कि इसके साथ क्या मुफ्त मिल रहा है। अब सवाल होता है कि इसके साथ क्या-क्या कितना-कितना मुफ्त मिल रहा है।

कस्टमर शाणा हो रहा है, क्या नहीं, क्या-क्या पूछ रहा है। बरसों बरस नेता वोटर को मुफ्त के वादे देते आये। फिर उसने पूछना शुरू किया कि क्या ठोस मिलेगा मुफ्त में। किसी ने कहा साड़ी, किसी ने बिंदी। फिर वोटर भी पूछने लगा—क्या-क्या, फिर जवाब आने लगे रंगीन टीवी, मोबाइल, इंटरनेट, चावल, शहद। मुफ्तखोर मार्केटिंग उन्नत होगी, तो फ्री के एप्पल फोन और वुडलैंड के जूते भी आफर करेगी। मुफ्तखोरी में सहूलियत तो मिल जाती है, पर कैरेक्टर तबाह हुआ जा रहा है। हर सवाल पर बंदा पूछने लगता है कि मुझे क्या मिलेगा और वो भी मुफ्त।

मैं दहल जाता हूं उस सीन की कल्पना करके जब कोई बालिका यह कह उठे कि अफेयर के लिए बंटी एप्पल फोन मुफ्त दे रहा है, राजू बता तेरा आफर क्या है। राजू पलटकर जवाब दे-देख बबली अभी मेरी पिंकी और रिंकी से बात चल रही है। रिंकी का आफर बढ़िया है, वह मुझे ब्वॉयफ्रेंड बनाने के लिए तीन एप्पल फोन देने को तैयार है। उससे डील फाइनल हो जाये तो तुझे उसमें से एक दे दूंगा।

मुफ्त के कनेक्शन के लिए बरसों पुराने कनेक्शन तोड़ने वालों के दौर में वफा की उम्मीद भी न कीजिये।

आपकी राय

बैंक पूरी जानकारी दें

आम लोगों के लिए अपनी बचत को सुरक्षित रखने का सबसे आसान तरीका है किसी भी बैंक में बचत खाता खोलकर उसमें अपने पैसे जमा कराना और जब जरूरत हो निकाल लेना। एक आम खाताधारक को शायद ही इस बात की जानकारी होती है कि यदि किसी वजह से वैंक दिवालिया हो जाता है तो उस स्थिति में खाताधारक को केवल एक लाख रुपये तक ही वापस मिलता है। भले ही उसके खाते में रकम कितनी भी ज्यादा हो। बैंक के अधिकारी और कर्मचारी भी आम खाताधारकों को इस बारे में जानकारी नहीं देते। न ही बैंक परिसर में या पास बुक आदि पर इस प्रकार की कोई चेतावनी होती है। बैंकों को इस बारे में प्रत्येक खाताधारक को पर्याप्त जानकारी देनी चाहिए।

विनय मोघे, चिंचवड, पुणे, महाराष्ट्र

हर कोई पहल करे

पॉलिथीन और सिंगल यूज प्लास्टिक एक बहुत बड़ी समस्या है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया जा रहा अभियान तभी सफल होगा जब हर आदमी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, चम्मच, स्ट्रा ही आज सबसे ज्यादा कचरा फैलाते हैं। इनका इस्तेमाल शीघ्र बंद करने का कानून बनाना चाहिए। शहर के हर वैवाहिक भवन, होटल, धर्मशालाओं में शादी-विवाह एवं सभी तरह के आयोजनों पर इस तरह के प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिए। सिर्फ सरकार के भरोसे यह काम संभव नहीं है।

भूपेंद्र सिंह रंगा, पानीपत

लोकतंत्र की विसंगतियां

2 अक्तूबर के दैनिक ट्रिब्यून में विश्वनाथ सचदेव का लेख 'सत्य अहिंसा के मंत्रों के लिए ऋणी मनुष्यता' महात्मा गांधी जयंती पर उनकी विचार अभिव्यक्ति से रूबरू कराने वाला था। सत्य, अहिंसा के पुजारी का श्रम स्वतंत्र भारत के रूप में सामने है। लेकिन विडंबना है कि महात्मा का सपना असत्य हिंसा के रूप में परिवर्तित हो गया है। हत्या, गैंगरेप, महंगाई, गरीबी, भुखमरी हमारी आजादी पर भारी है।

अनिल कौशिक, क्योड़क

संपादकीय पृष्ठ पर प्रकाशनार्थ लेख इस ईमेल पर भेजें :-
dtmagzine@tribunemail.com

पिछले सीजन की तुलना में 3 लाख क्विंटल ज्यादा आमद

धान से ओवरफ्लो हुई मंडी, सड़कों के बाद मैदान भी लबालब

पंजाब में हड़ताल के चलते अंबाला में धान की रही बंपर आवक

अंबाला शहर, 14 अक्तूबर (हप्र)

शहर की अनाज मंडी इन दिनों धान की आवक से बुरी तरह ओवरफ्लो हो चुकी है। हालत यहां तक खराब हो चुके हैं कि मंडी में जाम के बाद हूडा सड़कों पर आवागमन काफी कठिन हो गया है जिससे इनको चौक और जंडली वाले रास्ते पर यातायात जाम होने लगा है। धान की बंपर आवक से हूडा का सेक्टर-8 वाला बड़ा मैदान भी लबालब भर चुका है।

लिफ्टिंग व्यवस्था चरमरा चुकी है। फिलहाल इस मंडी में पिछले सीजन की अपेक्षा 3 लाख क्विंटल से ज्यादा धान की आवक हो चुकी है। आढ़तियों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों कई मुद्दों पर पंजाब की मंडियों के आढ़तियों की हड़ताल के कारण आवक का दबाव सीमांत अंबाला शहर मंडी पर सबसे ज्यादा पड़ने के कारण आवक के पिछले सारे रिकार्ड टूट गए हैं। मंडी में इस समय 12 लाख से ज्यादा बोरी उठान की इंतजार कर रही है।

रिकार्ड आवक का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि मंडी में इन दिनों करीब 1.70 लाख क्विंटल धान रोजाना आ रहा है जबकि गत सीजन में इसकी मात्रा 60 हजार क्विंटल ही थी। मंडी में 15 लाख क्विंटल से ज्यादा धान की आवक हो चुकी है जबकि पिछले सीजन में इसी अवधि में यह आवक करीब 11.80 लाख क्विंटल ही थी हालांकि गत वर्ष खरीद एक अक्तूबर से प्रारंभ हुई थी। मंडी में आई धान में से हैफड ने करीब 7.95 लाख क्विंटल और शेष करीब 7 लाख क्विंटल डीएफएससी ने खरीदी है। अभी भी करीब 5.25 लाख क्विंटल धान यानी करीब 12 लाख बोरी मंडी से उठानी शेष है। आढ़तियों का कहना है कि आवक ज्यादा होने और लिफ्टिंग कम होने के कारण मंडी में धान रखने की जगह नहीं है जिसके चलते धान हूडा सड़कों के बाद हूडा ग्राउंड पहुंचाना पड़ा है।

अंबाला के हूडा सेक्टर-8 का सोमवार को धान से लबालब मैदान। -हप्र

> एकाएक बहुत ज्यादा आवक होने के कारण मंडी धान के सीजन में काफी छोटी पड़ गई है। उठान लगातार करवाया जा रहा है लेकिन आवक कहीं ज्यादा है। शीघ्र ही स्थिति नियंत्रण में आ जाएगी।
> -आशा रानी, सचिव मार्केट कमेटी अंबाला

स्कूटी सवार महिला समेत 2 लोगों से नशा बरामद

राजपुरा, 14 अक्तूबर (निस)

सिटी पुलिस ने स्कूटी सवार एक महिला मनजीत कौर वासी बठिंडा व उसके पीछे बैठे अन्य आरोपी शुभम उर्फ राहुल बंसल निवासी बठिंडा के पास से 100 नशीली गोलियां बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है जबकि उनके खुलासे के आधार पर उनके अन्य 3 साथियों करमजीत सिंह, छिंदा सिंह वासी बठिंडा व अमनदीन सिंह वासी मानसा को भी गिरफ्तार कर लिया जिन्हें हिरासत में लेकर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने उक्त सभी को सोमवार को अदालत में पेश किया जहां से उन्हें 4 दिन के पुलिस रिंमाड पर भेजा है।

डीएसपी राजपुरा एएस ओलख ने बताया कि सूचना के आधार पर चौड़ा बाजार के सामने नाकाबंदी की हुई थी। वहां से गुजर रही स्कूटी सवार महिला के थैले की जांच की तो उसमें पुलिस को 100 नशीली गोलियां बरामद हुई। इस बीच स्कूटी के पीछे बैठे व्यक्ति की जांच की तो उसके हाथ में हथकड़ी लगी दिखी। उक्त महिला मनजीत कौर व शुभम वासी बठिंडा को हिरासत में लेकर पूछताथ की तो उन्होंने बताया कि वह दो लाख रुपये लेकर दिल्ली से अफ्रीकन नागरिक के पास से हेरोइन लेने के लिये गये थे। वहां शुभम को पुलिस ने पकड़ लिया था जहां से शुभम चकमा देकर हथकड़ी सहित फरार हो गया। वे नशीली गोलियों के ग्राहकों को नये बस स्टैंड पर देने जा रहे थे।

स्पोर्ट्स कार्नर

ट्रिब्यून ट्रस्ट फुटबाल टूर्नामेंट शुरू

लड़कों में सौपिन्स, लड़कियों में कॉर्मल कान्वेंट छाये

चंडीगढ़, 14 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

आज यहां ट्रिब्यून मॉडल स्कूल में चतुर्थ ट्रिब्यून ट्रस्ट फुटबाल टूर्नामेंट का आगाज सादे परंतु भव्य समारोह के साथ हुआ। इस टूर्नामेंट में लड़कियों एवं लड़कों की 14 टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन खेले गये मैचों के परिणाम इस प्रकार रहे। लड़कों के मैच में सैपिंस स्कूल ने किड्स आर किड्स स्कूल को 4-1 से हराया, जिसमें सौपिन्स के उत्कर्ष ने 2 गोल दागे। दूसरे मैच में श्री गुरु हरकिशन मॉडल स्कूल ने कुंदन स्कूल को 3-2 से हराया जबकि न्यू पब्लिक स्कूल ने डीएवी पब्लिक स्कूल को 1-0 से चित्त किया। लड़कों के चौथे मैच में इन्फेंट जीसस कॉन्वेंट स्कूल ने सेंट पीटर्स स्कूल को 3-0 से शिकस्त दी। इन्फेंट जीसस के अनमोल ने 2 गोल दागे। इसी तरह लड़कियों के पहले मैच में न्यू पब्लिक स्कूल ने अंकुर पब्लिक स्कूल को 2-0 से हराया। न्यू पब्लिक स्कूल की याशिका और अदिति ने क्रमशः एक-एक गोल दागा। लड़कियों के दूसरे मैच में कॉर्मल कॉन्वेंट स्कूल ने किड्स आर किड्स को 5-1 से हराया जबकि ट्रिब्यून मॉडल स्कूल की टीम ने श्री गुरू हरकिशन मॉडल स्कूल को 4-3 से हराया। ट्रिब्यून स्कूल की आयुषी ने 2 गोल दागे जबकि दिशा और शिवांशी ने क्रमशः एक-एक गोल दागा।

चंडीगढ़ सेक्टर-29 स्थित ट्रिब्यून मॉडल स्कूल में चतुर्थ ट्रिब्यून ट्रस्ट फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन बैलून हवा में उड़ाकर करते छात्र एवं प्रिंसिपल वंदना सक्सेना। -दैनिक ट्रिब्यून

नालागढ़ कॉलेज ने जीता क्रिकेट मुकाबला

बीबीएन (निस) : नालागढ़ कॉलेज ने सोलन कालेज के साथ हुए क्रिकेट मुकाबले में 8 विकेटों से मैच अपने नाम कर लिया है। नालागढ़ कालेज में खेली जा रही अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन मेजबान नालागढ़ कालेज का मुकाबला सोलन कालेज की टीम के साथ हुआ। प्रतियोगिता में विजेंद्र ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कालेज प्राचार्य सुनीता सिंह सहित प्राध्यापक विशेष रूप से उपस्थित रहे। सोलन कालेज की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सोलन टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 15 ओवर में पूरी टीम 52 रनों पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नालागढ़ कालेज की टीम की शुरुआती बल्लेबाजी कुछ खास नहीं रही। वैभव ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों पर 21 रन बनाए और टीम को आसानी से जीत दिलाई। दोपहर बाद दूसरा मुकाबला पांवटा साहिब व नाहन कालेज की टीम के मध्य खेला गया जिसमें पांवटा साहिब की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 119 रन बनाए। इसमें नाहन की टीम के गेंदबाज अभिषेक ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए। नाहन कालेज की टीम लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी है।

खबर है...

तनाव मुक्ति सत्र आयोजित किया

चंडीगढ़/पंचकूला (नस) : चंडीगढ़ रेजिडेंट्स एसोसिएशन वेलफेयर फेडरेशन (क्राफेड) के तनाव मुक्ति अभियान के तहत चंडीगढ़ पुलिस के जवानों एवं अफसरों के लिए पुलिस स्टेशन सेक्टर 34 में तनाव मुक्ति का सत्र रखा गया। यह सत्र क्राफ्ड के मुख्य प्रवक्ता एवं योग गुरु डॉ अनीश गर्ग द्वारा लिया गया। डॉ. अनीश गर्ग ने पुलिसकर्मियों को अपने दिन प्रतिदिन के जीवन में तनाव मुक्ति रहने के उपाय बताए । कार्यक्रम में थाने के एसएचओ बलदेव कुमार एवं क्राफेड के चेयरमैन हितेश पुरी ने स्मृति चिन्ह देकर डॉ. अनीश गर्ग का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में क्राफ्ड की तरफ से सुरेंद्र शर्मा, महासचिव रजत मल्होत्रा, सुशील मल्होत्रा एवं स.कुलदीप सिंह गिल ने हिस्सा लिया।

चौधरी राम कुमार बने पंचकूला के प्रभारी

बीबीएन (निस) : हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव चौधरी राम कुमार को विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत पंचकूला जिला का प्रभारी नियुक्त किया गया है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं दून के पूर्व विधायक राम कुमार ने कहा कि 16 अक्तूबर को कालका व पंचकूला में पूर्व विदेश मंत्री आनंद शर्मा दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

जंगल में मिला महिला का शव

बीबीएन (निस) : शीतलपुर लंडेवाल के जंगल में लगभग 100 फुट गहरे नाले में एक महिला का गला सड़ा शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी फकीरचंद जंगल में घास लेने गया तो उसे किसी चीज की बदबु आई। पुलिस को मौके पर बुलाया गया। पता चला कि शव 7-8 दिन पुराना है। महिला की उम्र 35 साल से 40 साल के बीच में लग रही है। एएसपी एनके शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिर्पोट के बाद ही हत्या के कारण का पता चल पायेगा।

सांप के डसने से युवक की मौत

अंबाला शहर (हप्र) : शहर हलके के गांव लखनौर में खेतों में काम कर रहे एक युवक को सांप ने काट लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 20 वर्षीय मनीष राणा के रूप में हुई है। वह जिला परिषद सदस्य एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनदीप राणा का चचेरा भाई था। परिजन उसे सिविल अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने के बाद विधायक असीम गोयल, स्वयं मनदीप राणा व अन्य भाजपा पदाधिकारी सिविल अस्पताल में पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी।

हत्यारोपी को 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

बीबीएन (निस) : मामूली बहस के बाद युवक को पत्थरों से पीट पीट कर हत्या के आरोपी को पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। हत्याकांड के बाद पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया है। पुलिस ने हत्या में प्रयोग किये पत्थरों को बरामद कर लिया है। डीएसपी नालागढ़ चमन लाल ने बताया कि पुलिस ने हत्या आरोपी अमनदीप को अदालत में पेश किया जहां से उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

सोनूशाह हत्याकांड होटल मैनेजर को जेल भेजा

रिमांड में हत्यारों का सुराग नहीं उगलवा पाई पुलिस

चंडीगढ़/पंचकूला, 14 अक्तूबर (नस)

बुडैल में दिनदहाड़े 40 वर्षीय सोनूशाह की गोली मार कर हत्या करने के बाद फरार हुए 4 हत्यारों का पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिला। उधर, हत्यारोपियों की मदद करने वाले होटल मैनेजर धर्मेन्द्र को आज जेल भेज दिया गया। सोनू शाह हत्याकांड को देख रही क्राइम ब्रांच धर्मेन्द्र से 11 दिन के पुलिस रिमांड के दौरान भी हत्यारों के बारे में कुछ खास नहीं उगलवा पाई। सुराग के नाम पर पुलिस के पास सिर्फ हत्यारों की सीसीटीवी फुटेज है जिसमें वे सोनू शाह की हत्या करने के बाद हत्यारे गली में से भागते दिखाई दे रहे हैं। क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर रंजीत सिंह ने कहा कि पुलिस को होटल मैनेजर धर्मेन्द्र के पास से देसी कट्टा और कारतूस बरामद हुए लेकिन हत्या करके भागे 4 आरोपियों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। वहीं, पुलिस की टीमें दूसरे राज्यों में दबिश देकर छानबीन में जुटी हैं। इंस्पेक्टर ने कहा कि धर्मेन्द्र के दोस्त और मोहाली में किंग पैलेस होटल के संचालक चंदन से भी पूछताछ में आरोपियों के बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली। धर्मेन्द्र को पुलिस ने सोनूशाह की हत्या के कुछ दिन बाद काबू किया था और उसके कब्जे से बंदूक भी मिली थी जिसमें 3 गोलियां भी थी। पुलिस ने हत्यारों का पता लगाने के लिए धर्मेन्द्र का अदालत से 4 दिन का रिमांड हासिल किया लेकिन जब बात चंदन से पूछताछ की आई तो पुलिस ने अदालत से धर्मेन्द्र का और 7 दिन का रिमांड लेकर कई जगहों पर दबिश दी। बावजूद इसके आरोपी गिरफ्त में नहीं आ सके।

बैंक में सवा 4 लाख जमा कराने जा रहे युवक को लूटा

मोहाली, 14 अक्तूबर (निस)

फेज-7 स्थित सेंट सोल्जर स्कूल के पास सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे ऑटो सवार चार लुटेरों ने बैंक में कैश जमा करवाने जा रहे एक्टिवा सवार युवक ब्रिजेश को लूट लिया। ब्रिजेश सेक्टर- 70 स्थित करियाना दुकानदार विजय सचदेवा के पास काम करता है। सचदेवा की दूध की एजेंसी भी है जिसका 4 लाख 20 हजार कैश ब्रिजेश फेज-7 स्थित एक्सिस बैंक में जमा करवाने जा रहा था। ब्रिजेश का कहना है कि उसने एक्टिवा पर लुटेरों का पीछा करना चाहा परंतु वे फरार हो गए। दुकानदार विजय सचदेवा ने मटौर पुलिस को बुलाया। विजय सचदेवा ने बताया कि ब्रिजेश उनके पास 5 साल से काम कर रहा है। दोपहर ब्रिजेश बैग में कैश लेकर एक्टिवा की डिग्गी में रख सेंट सोल्जर स्कूल के पास पहुंचा तो पीछे से ऑटो में आए चार में से एक युवक ने उसके सिर में डंडा मारा। बैलेंस बिगडने से वह नीचे गिर गया। एक युवक ने उसकी एक्टिवा की डिग्गी में पड़ा कैश से भरा बैग निकाला और ऑटो में बैठ भाग गया।

> मामला संदिग्ध लग रहा है। दुकान मालिक व ब्रिजेश से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे भी चैक करवाए जा रहे हैं व कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही हैं। ब्रिजेश ने वारदात करवाई हो सकती है, जिसकी जांच की जा रही है।
> राजीव कुमार, एसएचओ मटौर

घर के बाहर स्कूल बस की चपेट आया मासूम, मौत

जीरकपुर, 14 अक्तूबर (निस)

जीरकपुर थाने के पीछे बिशनपुरा क्षेत्र में एक निजी स्कूल बस की चपेट में आकर डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। हादसा घर के सामने ही हुआ। बच्चे की पहचान पियांश पुत्र संजय कुमार निवासी बिशनपुरा के रूप में हुई है। हादसे के बाद आरोपी चालक बस सहित मौके से फरार हो गया। पियांश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, जो 3 लड़कियों के बाद हुआ था। एएसआई सतनाम सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे पियांश की मां दुकान से कुछ लेने के लिए गई थी। उसके पीछे पियांश बाहर निकल गया। घर के सामने गली में जब पियांश निकल रहा था तो वह एक निजी स्कूल की बस की चपेट में आ गया। चंडीगढ़ पीजीआई में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के चाचा नरेश कुमार के बयान पर बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

संघ के नागरिक सम्मेलन में कर्मचारी नेताओं ने किया आग्रह

अपनी जिंदगी से जुड़े सवालों पर करें वोट

अंबाला शहर, 14 अक्तूबर (हप्र)

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने सरकार की वादा खिलाफी व जन सेवाओं के विस्तार तथा रोजगार की सुरक्षा को लेकर नागरिक सम्मेलन का आयोजन सेक्टर 8 की मार्केट में किया, जिसमें नागरिक सम्मेलन में कर्मचारी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जिसकी अध्यक्षता चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान राम गोपाल ने व मंच का संचालन संघ के जिला सचिव महावीर पाई ने किया। सम्मेलन में सर्व कर्मचारी संघ के राज्य महासचिव सतीश सेठी व प्रेस प्रवक्ता इंद्र सिंह बधाना ने जनता से विधानसभा चुनावों में भावनात्मक मुद्दों के बजाय अपनी जिंदगी से जुड़े रोजी-रोटी जैसे असल सवालों पर वोट करने की अपील की। साथ ही सभी राजनीतिक दलों व उनके उम्मीदवारों से शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, जन स्वास्थ्य, आवास व रोजगार जैसे सवालों पर पक्ष को स्पष्ट करने की अपील की।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि देश की जनता भूखी मर रही है, किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं और जनता इलाज के लिए तड़प रही है तो देश हित का नारा जनता के साथ एक बहुत बड़ा धोखा है। संघ के महासचिव ने कहा कि प्रदेश में जनसंख्या के हिसाब से 10 लाख पक्के कर्मचारी होने चाहिएं, जबकि मुश्किल से अढाई लाख पक्के व एक लाख से ज्यादा कच्चे कर्मचारी हैं। नागरिक सम्मेलन में प्रस्ताव पारित कर भाजपा से 2014 के घोषणा पत्र में कर्मचारियों से किये वादों को पूरा न करने का जवाब भी मांगा गया।

नेताओं ने दिया भरोसा, स्टैंड किया स्पष्ट

नागरिक सम्मेलन में कांग्रेस के उम्मीदवार जसबीर मलौर, जजपा के उम्मीदवार हरपाल सिंह कम्बोज, बसपा के रविंद्र सिंह व आजाद उम्मीदवार निर्मल सिंह मोहड़ा के प्रतिनिधि हिम्मत सिंह ने उपस्थित होकर अपनी पार्टी व उम्मीदवार का कर्मचारियों व जनता की मांगों और मुद्दों पर अपना स्टैंड स्पष्ट किया। सभी ने भ्रष्टाचार की जननी आउटसोर्सिंग नीति को खत्म करने का जहां भरोसा दिया, वहीं कर्मचारियों की रेगुलाराइजेशन, पंजाब के समान वेतनमान व पुरानी पेंशन बहाली की मांग को पूरी तरह से जायज बताया। उक्त के इलावा सर्व कर्मचारी संघ के नेता रविंद्र शर्मा, कृष्ण सागर, महेश गोयल, कांता रानी, नछतर सिंह इत्यादि ने संबोधित किया।

विदेशी नागरिकों ने जाना स्लम स्कूलों का दर्द

बीबीएन 14 अक्तूबर (निस)

जर्मनी, इटली व जापान से आये 3 विदेशी नागरिकों ने बद्दी के स्लम एरिया में चल रहे स्कूलों के बारे में जाना। जापान के एक शिक्षक टेक, इटली की एक छात्रा एना व जर्मनी की छात्रा रिबेका ने बद्दी के आलम क्षेत्र के ओमेक्स के पास चल रहे स्कूल में बच्चों के साथ बातचीत की। इस स्कूल में 77 प्रवासियों के बच्चे पढ़ रहे हैं। उन्हें रुचि संस्था के माध्यम से थोड़ी राहत दी जाती है। इटली की एना ने उनके पोषण के बारे जाना तथा उन्हें विस्तार से भी समझाया। रेबेका ने महिला सशक्तीकरण पर बल देते हुए उन्हें आवश्यक सुझाव दिए। टेक ने शिक्षा प्रणाली पर बच्चों को समझाया और टिप्स दिए।

सध कालेज के खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण

अम्बाला (नस) : सनातन धर्म कॉलेज के शतरंज के खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र में आयोजित अंत कालेज चैस चैंपियनशिप में स्वर्ण जीत कर कालेज के नाम रोशन किया। टीम में भाग लेने वालों में आदित्य, धीरज, कुनाल, विशाल और रोहित शामिल रहे। उनका चयन अन्तर विश्व विद्यालय चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली टीम में किया गया। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र सिंह और प्रवक्ता डॉ नवीन गुलाटी ने बताया कि इससे पहले पुरुष वर्ग में कॉलेज के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त किए हैं।

आर्य गर्ल्स कॉलेज पहुंचा फाइनल में

अम्बाला (नस) : आर्य गर्ल्स कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज टेनिस प्रतियोगिता में डीएवी कॉलेज, यमुनानगर तथा आर्य कन्या कॉलेज के बीच मैच में आर्य कॉलेज की टीम ने बाजी मारी। फाइनल मैच गुरुनानक खालसा कॉलेज, यमुनानगर और आर्य कॉलेज अम्बाला के बीच कल होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अनुपमा आर्य ने किया।

दलाईलामा मानद उपाधि से सम्मानित

राजपुरा स्थित चितकारा यूनिवर्सिटी में सोमवार को दलाईलामा विद्यार्थियों के साथ । -दैनिक ट्रिब्यून

राजपुरा (निस) : चितकारा यूनिवर्सिटी पंजाब कैंपस में आज तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु दलाईलामा का चांसलर डॉ. अशोक चितकारा, कुलपति डॉ. मधु चितकारा और चितकारा विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे तिब्बती छात्रों ने सांस्कृतिक समारोह पेशकर उनका पारंपरिक स्वागत किया। भव्य समारोह में दलाईलामा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि, डाक्टर आफ लिटरेचर से सम्मानित किया गया। उन्हें समाज व मानवता की भलाई, विश्व में शांति व शिक्षा और उनके आध्यात्मिक नेतृत्व के लिए दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। दलाईलामा ने इस अवसर पर कहा कि आज के समय की चुनौती का सामना करने के लिए मनुष्य को सार्वभौमिक उत्तरदायित्व की व्यापक भावना का विकास करना चाहिए। हम सबको यह सीखने की जरूरत है कि हम न केवल अपने लिए कार्य करें बल्कि मानवता के लाभ के लिए कार्य करें। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य और वरिष्ठ अधिकारियों में चंडीगढ़ में कनाडा के दूत सुश्री मिया येन, डॉ. नियति, प्रिंसिपल, चितकारा इंटरनेशनल स्कूल आदि शामिल थे ।

कॉस्मेटोलॉजी कैरियर की दी जानकारी

अंबाला (नस) : द एसडी विद्या स्कूल में लक्मे अकेडमी द्वारा एक कार्यशाला आयोजित की गई। रिसोर्स पर्सन मनीत कौर ने कॉस्मेटोलॉजी के क्षेत्र में कैरियर के मार्ग के बारे में बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र में बहुत से अवसर हैं। हर कोई अच्छा और आकर्षक दिखना चाहता है और कॉस्मेटोलॉजिस्ट हर किसी के अच्छा और आकर्षक दिखने की इच्छा को पूरा करने में मदद करते हैं। संसाधन व्यक्ति ने सौंदर्य संस्कृति में रुचि रखने वाले लोगों के लिए उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों और डिप्लोमा के बारे में भी बताया। विद्यालय की निदेशक प्राचार्य ने बच्चों को ब्यूटी एंड वेलनेस इंडस्ट्री में करियर के अवसरों की जानकारी देने के लिए धन्यवाद दिया।

बरोटीवाला कालेज में शपथ ग्रहण समारोह

बरोटीवाला कालेज में सी एस ए के शपथ ग्रहण समारोह में पदाधिकारी व सदस्य प्रिन्सिपल के साथ। -निस

बीबीएन (निस) : राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानाचार्य डॉ. रजनी वालिया ने दीप जला कर शुभारंभ किया। केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए उनको कर्तव्यों व अधिकारों को बताया। पदाधिकारीयो में प्रधान पद के लिए कोमल रानी, उपप्रधान के लिए अंजलि,सचिव पद के लिए पूजा,सयुंक्त सचिव पद के लिए मेघा यादव को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा हरीश कुमार, टीना, राणा, अकबर, विष्णुदत्त, ओंकार ठाकुर, वंदना को भी शपथ दिलाई गई। प्रधानचार्य डॉ. रजनी वालिया व डॉ. इना, डॉ. विपिन, डॉ. विजय, शीतल उपस्थित थे।

नुक्कड़ नाटक से वोट डालने के लिये किया प्रेरित

अम्बाला (नस) : द एसडी विद्या स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना सभा में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से उन्होंने चुनाव में वोट डालने के लिए सभी को जागरूक करने का प्रयास किया। बच्चों ने सभी को प्रजातंत्र में भागीदार बनने के लिए आह्वान किया और एक-एक वोट का महत्व बहुत ही अच्छी तरह से बताया। विद्यालय की निदेशक प्राचार्य नील इंदरजीत कौर संधु ने बच्चों को विश्व के सबसे बड़े प्रजातांत्रिक देश में चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की जयंती पर पोस्टर प्रस्तुति

चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल ने 'ग्रासरूट लेवल इनोवेशन्स' पर एक पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया। एक अन्य कार्यक्रम में कॉलेज के प्लेसमेंट सेल ने 'ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू स्किल' पर एक इंटरेक्टिव सत्र आयोजित किया। आईटीएम बिजनेस स्कूल की प्रोफेसर एवं एरिया को-ऑर्डिनेटर पीजीडीएम मार्केटिंग डॉ अर्पिता पांडे ने सत्र का संचालन किया। प्रिंसिपल डॉ. निशा भार्गव ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करने के प्लेसमेंट सेल के प्रयासों की सराहना की।

दोनों पक्षों में आरोप-प्रत्यारोप तेज

नहीं बनी सहमति, सरकार और एसजीपीसी सजा रहे अपने-अपने मंच

कपूरथला, 14 अक्तूबर (निस)

पंजाब सरकार और एसजीपीसी की तालमेल कमेटी श्री गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर अंतरराष्ट्रीय धार्मिक कार्यक्रम को लेकर एकमत नहीं हो पाईं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं की एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी ने एक मंच पर आने के आसार लगभग खत्म कर दिए हैं। जहां पंजाब सरकार की ओर से गुरुद्वारा श्री बेर साहिब के पीछे गांव माछीजोआ में स्टेज लगभग बनकर तैयार है वहीं एसजीपीसी ने भी दिल्ली के पवेलियन फर्नीशर्स को गुरु नानक स्टेडियम में स्टेज बनाने के लिए 10 करोड़ में टेंडर दे दिया है। समागम के उप-चेयरमैन और सुल्तानपुर लोधी के विधायक नवतेज सिंह चीमा ने बातचीत में कहा कि गुरुद्वारा श्री बेर साहिब के पीछे काली बेईं की दूसरी तरफ पंजाब सरकार की स्टेज लगभग तैयार है। विधायक चीमा के मुताबिक यहीं पर मुख्य समागम होने थे और इसके लिए एसजीपीसी के प्रधान गोबिंद सिंह लौंगोवाल भी सहमत थे। यहां पर करीब 50 हजार संगत के बैठने की व्यवस्था की गई है जबकि गुरु नानक स्टेडियम में तो पांच हजार संगत नहीं बैठ सकेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अलग-अलग स्टेज

सुल्तानपुर लोधी में सोमवार को विधायक नवतेज चीमा और हरमिंदर सिंह गिल प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए। -मलकीत सिंह

जगीर कौर की ही देन है। इसका पूरा खुलासा वह 22 अक्तूबर को करेंगे। उधर, एसजीपीसी की ओर से समागम इंचार्ज जगीर कौर ने आरोप लगाया कि एसजीपीसी पंजाब सरकार की ओर से सांझी स्टेज को लेकर सकारात्मक जवाब का इंतजार करती रही। अब तक एसजीपीसी की तालमेल कमेटी की मीटिंग में आने वाले पंजाब सरकार के नेता मुख्यमंत्री से पूछकर बताने की बात कहते रहे, लेकिन किसी ने अभी तक सही जवाब नहीं दिया। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गोबिंद सिंह लौंगोवाल ने कहा कि वह कभी पंजाब सरकार की स्टेज पर आने के लिए सहमत नहीं थे। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी तो हमेशा शताब्दी समारोह पर धार्मिक स्टेज बनाती आई है और अब भी बना रही है।

केंद्रीय गृह सचिव ने लिया सुरक्षा प्रबंधों का जायज़ा

कपूरथला : केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने सोमवार को पंजाब सरकार के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ सुल्तानपुर लोधी में 550वें प्रकाश पर्व के मद्देनजर सुरक्षा प्रबंधों का जायज़ा लिया गया। पंजाब सरकार की ओर से मुख्यमंत्री के मुख्य प्रमुख सचिव सुरेश कुमार और डीजीपी दिनकर गुप्ता के अलावा विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव मौजूद थे। केंद्रीय गृह सचिव ने माछीजोआ के नज़दीक मुख्य पंडाल और टेंट सिटी का दौरा कर सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली।

उन्होंने देश-विदेश से आने वाली प्रमुख शख़्सियतों के प्रवेश और गुरुद्वारा श्री बेर साहिब में दर्शन के प्रबंधों का भी जायज़ा लिया। डीजीपी दिनकर गुप्ता ने जानकारी दी कि पंजाब पुलिस की तरफ से क्षेत्र को 15 सेक्टरों में बांटकर 9 बड़ी पार्किंग बनाई गई हैं। पंजाब पुलिस की तरफ से सुरक्षा के लिए पांच हज़ार के करीब पुलिस जवानों की तैनाती की जा रही है।

अकाल तख्त के जत्थेदार से नहीं मिल सके चन्नी

अमृतसर (ट्रिब्यू) : गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशोत्सव पर आयोजित किये जाने वाले समारोह को पंजाब सरकार और एसजीपीसी की ओर से मिलकर मनाने के मुद्दे पर गतिरोध सोमवार को भी जारी रहा। सांझा समारोह के संबंध में मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह का संदेश लेकर पहुंचे कैबिनेट मंत्री चरणजीत सिंह चन्नी अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के साथ मुलाकात न हो पाने के कारण संदेश वाला लिफाफा लेकर वापस लौट गये। अब उनके कल दोबारा अकाल तख्त के जत्थेदार से मुलाकात करने की संभावना है। चन्नी आज सर्किट हाउस में अकाल तख्त के जत्थेदार के बुलावे का इंतजार करते रहे लेकिन उन्हें मुलाकात का समय नहीं दिया गया। उधर, ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा है कि सांझा कार्यक्रम की संभावना अंत तक बरकरार रहेगी।

सम्मान और मंच संचालन पर भी विवाद

प्रकाश पर्व के आयोजन को लेकर एसजीपीसी और पंजाब सरकार के बीच गठित तालमेल कमेटी का अस्तित्व लगभग खत्म हो गया है। अब सुल्तानपुर लोधी में गुरुद्वारा बेर साहिब में आयोजित कार्यक्रम में मंच की सरदारी को लेकर मतभेद पैदा हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार पंजाब सरकार सुल्तानपुर लोधी में गुरुद्वारा बेर साहिब में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य मंच के संचालन के साथ-साथ प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति, सोनिया गांधी सहित दिग्गज नेताओं को कैप्टन अमरेंद्र सिंह के हाथों सम्मानित करवाना चाहती है। साथ ही मंच के संचालन की जिम्मेदारी एक मंत्री को सौंपना चाहती है। उधर, एसजीपीसी मंच के संचालन के साथ-साथ सभी राजनीतिक हस्तियों और धार्मिक नेताओं को बादल परिवार से सम्मानित करवाना चाहती है। यही कारण है कि एसजीपीसी व पंजाब सरकार के बीच तालमेल नहीं बन सका।

श्रद्धा का सैलाब...

अमृतसर में सोमवार को गुरु रामदास के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में निकाले गये 'नगर कीर्तन' में बड़ी संख्या में भाग लेते श्रद्धालु। -विशाल कुमार

पठानकोट में वंदे भारत एक्सप्रेस पर बरसाये पत्थर

पठानकोट, 14 अक्तूबर (निस)

दिल्ली से माता वैष्णो देवी (कटरा) के बीच शुरू की गई बहुचर्चित वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने पठानकोट कैंट रेलवे स्टेशन के पास पत्थर बरसाये। इसकी पुष्टि करते हुए आरपीएफ पठानकोट के पोस्ट कमांडर इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जब पठानकोट कैंट रेलवे स्टेशन से निकल रही थी तो रेलवे स्टेशन के यार्ड से किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेन पर पथराव किया गया। उन्होंने कहा कि ट्रेन सी-4 के एक यात्री की ओर से इसकी शिकायत आरपीएफ में करने के बाद अज्ञात पत्थरबाज पर मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पत्थरबाजी करने वालों को पकड़ने के लिए स्पेशल टीम बनाई गई है।

वन्यजीव मंजूरी प्रक्रिया के लिए कदम उठाये हिमाचल : एनजीटी

नयी दिल्ली, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने हिमाचल प्रदेश सरकार को पालचन-रोहतांग दर्रा रोपवे के लिए एक महीने के भीतर द्वितीय वन एवं वन्यजीव मंजूरी प्रक्रिया शुरू करने के लिए कदम उठाने तथा पर्यावरण मसौदा अधिसूचना के लिए नया प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल ने राज्य सरकार को मामले में वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के साथ सहयोग करने का भी निर्देश दिया है।

मोहाली में लोक अवास प्रोजेक्ट

चंडीगढ़ (ट्रिब्यू) : लोक आवास प्रोजेक्ट के तहत मोहाली में घर की बुकिंग करायी जा सकती है। बुकिंग 15 अक्तूबर तक होगी। 2 बेड रूम सेट की कीमत 15 लाख 90 हजार रूपये रखी गयी है। इस प्रोजेक्ट के तहत काफी संख्या में लोगों ने बुकिंग के लिये आवेदन किया हुआ है। लोक आवास नाम से इस प्रोजेक्ट में घर लेने वाले को स्वीमिंग पुल, जिम, योगा रूम रेस्टोरेंट आदि की सुविधा कालोनी में दी जायेगी।

खेल उत्सव में 250 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी में पिछले दिनों वार्षिक खेल उत्सव 'पराक्रम 6.0' अयोजित किया गया। स्पोर्ट्स क्लब जेवाईसी की ओर से दो दिवसीय

इस खेल प्रतियोगिता में पेक, आईआईटी रोपड़, यूआईईटी, एनआईटी और जेएनजीईसी सहित देशभर के विभिन्न कॉलेजों के 250 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, हैंडबॉल, बैडमिंटन और शतरंज के खेलों का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन वाइस चांसलर प्रो. विनोद कुमार, रिटायर्ड मेजर जनरल राकेश बस्सी, जेवाईसी इंचार्ज डा. अमित श्रीवास्तव, प्रो. अशोक गुप्ता ने किया।

दीपावली पर्व पर वीआर पंजाब का शॉपिंग फिएस्टा

वीआर पंजाब अपने उपभोक्ताओं को पर्व के मौके पर खरीददारी करने पर लुभावने ऑफर दे रहा है। इस के तहत मोहाली में वीआर पंजाब ने शॉपिंग फिएस्टा शुरू किया है। शॉपिंग फिएस्टा में खरीददारी करने वाले उपभोक्ता इंटरनेशनल फैमिली ट्रिप भी जीत सकते हैं। शॉपिंग फिएस्टा की शुरूआत हो गई है।

डा. सुमिता सोफत को इंगलैंड में मिला सम्मान

लुधियाना के टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की इन्फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डा. सुमिता सोफत को इंगलैंड की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से ऑनरेरी प्रोफेसर

ऑफ एकेडमिक यूनियन का अवार्ड दिया गया है। वे देश की पहली डॉक्टर हैं, जिन्हें यह अवार्ड दिया गया है। उन्हें यह सम्मान इन्फर्टिलिटी ट्रीटमेंट के क्षेत्र में पिछले 24 साल से दिए गए उनके सहयोग के लिए दिया गया है। सम्मान समारोह का आयोजन ऑक्सफोर्ड टाउन हॉल में किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

अंबाला शहर, 14 अक्तूबर (हप्र)

उत्तर भारत के प्रमुख त्योहार करवाचौथ की पूर्व संध्या पर शहर के एक होटल में महिलाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आरती जैन व प्रियंका शर्मा द्वारा किया गया। इसमें सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ लोक परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुए कौरवा चौथ मनाने की कड़ी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। नगर की कई महिलाओं ने करवा चौथ के उपलक्ष्य में गीत-संगीत के साथ-साथ अनेक स्वादिष्ट व्यंजनों का आनन्द लिया। सभी महिलाएं करवा चौथ की खुशी में सजधज कर शामिल हुईं। कार्यक्रम में पारूल जैन को मिसेज कारवा चौथ के खिताब से नवाजा गया। इस कार्यक्रम में नीलम शर्मा, सुनिधि, रजनी, मीनाक्षी, गीता पांडे आदि का विशेष योगदान रहा।

कोटरूपी सड़क न सुधरी तो आंदोलन

मंडी, 14 अक्तूबर (निस)

पद्धर-कोटरूपी-चुक्कू-खजरी राज्यमार्ग पर लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के चलते सफर करना जान जोखिम में डालने वाला साबित हो रहा है। यहां आम आदमी को तो छोड़ो पशुओं का चलना भी मुश्किल हो गया है। कोटरूपी-चुक्कू-खजरी मार्ग में नागणी के समीप गैल नाला के पास सड़क तालाब में तबदील हो गई है। यहां बरसात में नाले का रुख सड़क की ओर आ गया था। बरसात खत्म होने के बाद भी लोक निर्माण विभाग पानी की निकासी नहीं कर पाया है। यहां बने तालाब में बड़े-बड़े खड्डे पड़े हुए हैं, जिससे जहां वाहनों को नुकसान हो रहा है, वहीं राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग खस्ताहाल मार्ग की कोई सुध नहीं ले रहा है। महकमे ने सड़क को चौड़ा करने के लिए बरसात से पहले यहां लगभग तीन किलोमीटर एरिया में कटिंग की है। बरसात में किए गए कटिंग कार्य ने इस मार्ग पर खासी तबाही मचाई। लगभग 15 बार से अधिक यह मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह बंद रहा।

लोगों ने बताया कि इस दौरान पहाड़ी से हुए भू-स्खलन की जद में आने से चुक्कू स्कूल का स्टाफ भी बाल-बाल बचा था। लोगों ने चेतावनी भी दी है कि सरकार ने जल्द ही इस मार्ग की मरम्मत के आदेश विभाग के अधिकारियों को नहीं दिए गए तो उपमंडल मुख्यालय पद्धर में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

अमरेंद्र क्या जानें सिख मर्यादा : सुखबीर

अमृतधारी युवक की पगड़ी उछालने के मामले पर भी सरकार पर साधा निशाना

दाखा क्षेत्र में सोमवार को शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल पार्टी प्रत्याशी मनप्रीत अयाली के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए। -दैनिक ट्रिब्यून

लुधियाना, 14 अक्तूबर (निस)

शिरोमणि अकाली दल के प्रधान एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने कहा है कि जो कांग्रेस श्री अकाल तख्त साहिब पर टैंकों-तोपों से हमला करवा सकती है, उसके लिए किसी सिख की पगड़ी उछालना कोई बड़ी बात नहीं है। वह आज जिले के दाखा विधानसभा क्षेत्र से अकाली उम्मीदवार मनप्रीत सिंह अयाली के समर्थन में आयोजित चुनाव रैलियों को संबोधित करने आये हुए थे। सुखबीर बादल गत दिवस दाखा विधानसभा क्षेत्र के गांव बद्दोवाल के एक अमृतधारी सिख युवक को कथित रूप पर कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशू द्वारा थप्पड़ मारने और उसकी पगड़ी उछालने तथा उसके केशों की बेअदबी करने की घटना पर संवाददाताओं के प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे।

अपने भाषणो के दौरान सुखबीर ने सुल्तानपुर लोधी में गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशोत्सव फर आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में मंच लगाने को लेकर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह सरकार बनाने के तीन महीने बाद श्री दरबार साहिब में माथा टेकने गए थे। उनके घर में तो श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश भी नहीं है। ऐसे में जिन्हें सिख मर्यादा का पता नहीं, वे कैसे शिरोमणि कमेटी के काम में रुकावट डाल सकते हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह पार्टी अब पंजाब में कहीं नहीं दिखती।

कांग्रेस की प्रदेश चुनाव आयोग को चेतावनी

बिंदल, महेंद्र सिंह के प्रचार पर रोक न लगी तो राष्ट्रपति से होगी शिकायत

शिमला, 14 अक्तूबर (निस)

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस महासचिव रजनीश किमटा ने कहा है कि अगर प्रदेश चुनाव आयोग ने विधानसभा अध्यक्ष राजीव बिंदल और महेंद्र सिंह ठाकुर के चुनाव प्रचार पर तुरंत रोक नहीं लगाई तो इसकी शिकायत राष्ट्रपति को भेजी जाएगी। उन्होंने प्रदेश चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि प्रदेश चुनाव आयोग इस समय भारी दबाव में काम करने को मजबूर है।

किमटा ने कहा कि पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है लेकिन चुनाव आयोग और इनके ऑब्जर्वर द्वारा इसे अनदेखा किया जा रहा है। आयोग को देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपना संवैधानिक कर्तव्य को पूरी निष्ठा के साथ निभाना चाहिए। किमटा ने कहा कि प्रदेश में पहली बार किसी विधानसभा अध्यक्ष को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए चुनाव आयोग को नोटिस जारी करना पड़ा है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर चुनाव आयोग के कार्यों और उनके अधिकारों का हनन करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश में नई परंपराओं को शुरू कर प्रदेश की साफ सुथरी राजनीति को दूषित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पच्छाद और धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में मजबूत स्थिति में है और दोनों सीटों पर विजय हासिल करेगी।

सरकार के गले की फांस बनी इनवेस्टर मीट

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के चेयरमैन अभिषेक राणा ने कहा है कि इनवेस्टर मीट को सरकार अपनी उपलब्धि बता रही है जबकि यही इनवेस्टर मीट सरकार के गले की फांस बन गई है। आज एक बयान में उन्होंने उपचुनाव को लेकर भाजपा व प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि अपनी हार सामने देखकर प्रदेश सरकार घबराहट में है तथा उसी हड़बड़ाहट में अब सरकारी मशीनरी का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग की पेयजल पाइपें इसका जीवंत उदाहरण हैं। दो साल तक जनता की सुध न लेने वाली सरकार अब घर-घर जाने को मजबूर हुई है। उन्होंने कहा कि अगर काम किए होते तो उपचुनाव में मुख्यमंत्री, मंत्रियों व भाजपा नेताओं को धूल नहीं फांकनी पड़ती। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मात्र एकजुट होने का दिखावा कर रही है जबकि अंदरखाते भीतरघात की चिंगारी ऐसी धधकी है कि उपचुनाव के बाद भाजपा की फूट का ज्वालामुखी बाहर निकलने के इंतजार में है।

कांग्रेस, भाजपा नेता बहा रहे खूब पसीना

शिमला (निस) : धर्मशाला और पच्छाद विधानसभा क्षेत्रों में 21 अक्तूबर को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार लगातार जारी है। धर्मशाला में आज सत्तादल भाजपा की ओर से अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती, स्वास्थ्य मंत्री विपिन परमार, शहरी विकास मंत्री सरवीण चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार और अन्य नेताओं ने चुनाव प्रचार कर पार्टी प्रत्याशी विशाल नैहरिया के लिए वोट मांगे। विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री, विधायक आशा कुमारी और विप्लव ठाकुर व चंद्र कुमार ने चुनाव प्रचार कर पार्टी प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण के लिए वोट मांगे। पच्छाद में भाजपा की ओर से आज सिंचाई व जनस्वास्थ्य मंत्री महेन्द्र सिंह और सरकार में मुख्य सचेतक नरेन्द्र बरागटा ने जबकि कांग्रेस की ओर से अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर, विधायक धनीराम शांडिल, मोहन लाल ब्राक्टा और नंदलाल ने अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर कल से पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी रीना कश्यप के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री ने की घोषणा

देवी-देवताओं के नज़राने में बढ़ोतरी

कुल्लू/शिमला, 14 अक्तूबर (निस)

सप्ताह भर चला अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा आज हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। कुल्लू जिले के विभिन्न भागों से आए 281 देवी-देवताओं ने इस सांस्कृतिक उत्सव में भाग लिया। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने लाल चन्द प्रार्थी कलाकेन्द्र कुल्लू में समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए दशहरे में भाग लेने वाले स्थानीय देवी-देवताओं के नजराने को पांच प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने देवताओं के दूरी भत्ता 25 प्रतिशत बढ़ाने की भी घोषणा की। उन्होंने उत्सव में भाग लेने वाले देवताओं के साथ आए बजंतरियों के पारिश्रमिक को 15 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की तथा हरिपुर व मणिकर्ण दशहरा आयोजन राशि को 75 हजार से एक लाख रुपये, वशिष्ठ दशहरा उत्सव राशि 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपये करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि देवताओं के

कुल्लू में सोमवार को लालचंद प्रार्थी कला मंच पर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर दशहरे पर स्मारिका का विमोचन करते हुए।-निस

'गुर' को अलग से एक हजार रुपये की अतिरिक्त राशि दी जाएगी।

जयराम ठाकुर ने कहा कि दशहरा उत्सव स्थानीय लोगों को आजीविका उपलब्ध करवाने का अवसर प्रदान करता है और उन्हें अपने उत्पादों को प्रदर्शित करवाने के लिए एक मंच भी प्रदान करता है। जय राम ठाकुर ने कहा कि रोहतांग सुरंग को समय पर पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजली महादेव और रोहतांग सुरंग तक रोपवे बनाने के प्रयास जारी हैं।

उन्होंने इस अवसर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने दशहरा आयोजन समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया। उन्होंने भाषा एवं संस्कृति अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तिका 'गैलेंटरी सागा-बीआरओ' पर वृत्तचित्र के पोस्टर तथा कुल्लू संस्कृति विकास मंच द्वारा 'अटल स्मृतियां' नामक स्मारिका का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री को वास्तुकार एवं पारंपरिक कथकुनी घर निर्माता विशेषज्ञ युवा लेखक राहुल भूषण द्वारा 'इंडिजनस प्रेक्टिस सिस्टम इन वैस्ट्रन हिमालयाज' पर तुलनात्मक अध्ययन से संबंधित पुस्तक भी भेंट की गई।

सांस्कृतिक धरोहर को प्रोत्साहन में दशहरे की अहम भूमिका

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र कुल्लू में अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की छठी सांस्कृतिक संध्या की अध्यक्षता की। प्रसिद्ध बालीवुड गायक सोनू निगम ने अपनी मधुर आवाज से हिन्दी फिल्मों के नगमें प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि कुल्लू दशहरा उत्सव प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस उत्सव का अपना ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व धार्मिक महत्व है और यह व्यापारिक व पर्यटन की दृष्टि से भी प्रसिद्ध उत्सव है, जिसमें देश के अलग-अलग भागों से व्यापारी भाग लेते हैं तथा विदेशों के सांस्कृतिक दल पूरे जोश व उत्साह के साथ इस उत्सव की शोभा बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र पर छत की संभावनाओं को तलाशा जाएगा, ताकि खराब मौसम में भी इस तरह के आयोजन बिना किसी बाधा के सम्पन्न हो सकें। इससे पूर्व, कुल्लू नगर परिषद द्वारा आयोजित नागरिक स्वागत समारोह में मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कुल्लू नगर परिषद को अपशिष्ट निपटान की सुविधा के लिए एक ट्रक और एक 'हनी सक्कर' यंत्र देने की भी घोषणा की।

टीम मुझ पर निर्भर नहीं : छेत्री

बोले- कई खिलाड़ियों में मेरे से बेहतर खेलने का माद्दा

कोलकाता, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

भारत के लिए रिकॉर्ड गोल करने वाले सुनील छेत्री पर बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार सायं साढ़े सात बजे होने वाले विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में गोल करने की जिम्मेदारी होगी लेकिन भारतीय कप्तान ने कहा कि टीम में ऐसे कई खिलाड़ी है, जो उससे बेहतर प्रदर्शन करने का माद्दा रखते है। एशियाई चैम्पियन कतर को गोलरहित ड्रा मुकाबले से बाहर रहे छेत्री टीम के साथ जुड़ गये हैं। विश्व कप क्वालीफायर ग्रुप ई के इस मुकाबले की पूर्व संध्या पर छेत्री ने कहा कि यह कभी भी मेरे बारे नहीं था, न ही कभी होगा। यह हमेशा भारत बनाम बांग्लादेश मुकाबला होगा। मैं टीम में शामिल 23 खिलाड़ियों में से एक हूं। जाहिर है मैं थोड़ा भाग्यशाली हूं क्योंकि मुझे ज्यादा अनुभव है। मेरे खिलाड़ी हालांकि मुझ पर निर्भर नहीं है। हम एक टीम है और एक टीम की तरह ही खेलते है।

सफलता का श्रेय कोच इगोर स्टिमक को

छेत्री की गैरमौजूदगी में गुरप्रीत सिंह संधू ने कतर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर टूर्नामेंट में भारत को पहला अंक दिलाया। पैंतीस साल के इस खिलाड़ी ने भारतीय सफलता का श्रेय कोच इगोर स्टिमक के टीम चयन को दिया, जो पूरी तरह से प्रशिक्षण के दौरान प्रदर्शन पर आधारित है। छेत्री ने कहा कि हमारे लिये यह सर्वश्रेष्ठ मौके की तरह है। टीम के लिए मैदान पर कौन उतरेगा यह ज्यादा जरूरी है कि हम उनकी (स्टिमक) देखरेख में खेलेंगे। वह बिना किसी पूर्वाग्रह के साथ आए हैं।

शीर्ष खिलाड़ियों के शिविर में नहीं रहने से चिंता

कोलकाता (एजेंसी) : भारतीय फुटबाल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक को चिंता है कि नवंबर में अधिकतर खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा नहीं ले पाएंगे जबकि टीम को अफगानिस्तान और ओमान के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मैच खेलने हैं। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 20 अक्तूबर से शुरू होगा, जिसके बाद आई लीग खेला जाएगा और अधिकतर खिलाड़ी अपनी फ्रेंचाइजी टीमों की तरफ से खेलेंगे। स्टिमक को चिंता है कि ऐसे में उन्हें शिविर के लिये पर्याप्त खिलाड़ी नहीं मिलेंगे। स्टिमक ने बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि मैं नवंबर के शिविर को लेकर चिंतित हूं। हम आईएसएल से जुड़े लोगों से मिलकर कोई हल निकालने की कोशिश करेंगे क्योंकि अभी ये हमारे लिये अच्छा नहीं लग रहा है।

बीसीसीआई चुनाव 23 को

गांगुली, जय शाह, अरुण धूमल ने भरा नामांकन

मुंबई, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

मुंबई में सोमवार को बीसीसीआई मुख्यालय में नामांकन भरने आते सौरव गांगुली (अध्यक्ष), जय शाह (सचिव), एवं बृजेश पटेल और अरुण धूमल (कोषाध्यक्ष)। -प्रेट्र

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और गृहमंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह ने 23 अक्तूबर को होने वाले बीसीसीआई चुनावों के लिए सोमवार को क्रमशः अध्यक्ष और सचिव पद के लिए अपने नामांकन दाखिल किये, जहां सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चुना जाना तय है। गांगुली ने बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन, पूर्व सचिव और सौराष्ट्र के दिग्गज निरंजन शाह और आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष राजीव शुक्ला की मौजूदगी में बोर्ड मुख्यालय में निर्वाचन अधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा।

बाद में शुक्ला ने पत्रकारों को बताया कि कुल आठ नामांकन दाखिल किये गये है। गांगुली और शाह के अलावा माहिम वर्मा (उपाध्यक्ष), वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर के भाई अरुण सिंह धूमल (कोषाध्यक्ष), बृजेश पटेल (आईपीएल संचालन परिषद सदस्य), जयेश जार्ज (संयुक्त सचिव), खैरुल जमील मजूमदार (संचालन परिषद सदस्य) और प्रभजोत सिंह भाटिया (पार्षद) ने नामांकन भरा है। इन उम्मीदवारों का 23 अक्तूबर को बीसीसीआई की सालाना आम बैठक में निर्विरोध चुना जाना तय है। गांगुली और जार्ज को बीसीसीआई में पद संभालने के बाद क्रमशः बंगाल क्रिकेट संघ और केरल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पद को छोड़ना होगा।

क्रिकेट के गुरु

चेन्नई में सोमवार को एक निजी स्कूल में समारोह के दौरान पूर्व आस्ट्रेलियन क्रिकेटर शेन वॉटसन हस्ताक्षर करते हुए। -प्रेट्र

स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी

दक्षिण अफ्रीका को हराकर महिला क्रिकेट टीम बनी चैंपियन

वड़ोदरा, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

अनुभवी एकता बिष्ट की अगुवाई में स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी से भारतीय महिला टीम ने कम स्कोर वाले तीसरे और अंतिम एक-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सोमवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 6 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.5 ओवर में 146 रन पर आउट हो गयी थी, लेकिन स्पिनरों ने इस स्कोर का बखूबी बचाव किया तथा दक्षिण अफ्रीकी टीम को 48 ओवर में 140 रन पर समेट दिया था।

भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही तथा दूसरे ओवर तक उसकी दोनों सलामी बल्लेबाजों प्रिया पूनिया (शून्य) और रोड्रिग्स (तीन) ने पवेलियन का रास्ता देखा। पूनम राउत (15) और कप्तान मिताली राज (11) भी पर्याप्त समय क्रीज पर बिताने के बावजूद लंबी पारी नहीं खेल पायीं।

भारत का स्कोर 30वें ओवर में 6 विकेट पर 71 रन था लेकिन हरमनप्रीत (38) और शिखा पांडे (40 गेंदों पर 35) के प्रयासों से टीम 150 रन के करीब पहुंच पायी। हरमनप्रीत ने अपनी 76 गेंद की पारी में पांच चौके लगाये जबकि शिखा की पारी में छह चौके शामिल हैं।

एकता बिष्ट बनी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गयी बायें हाथ की स्पिनर एकता बिष्ट ने 32 रन देकर तीन विकेट लिये। बायें हाथ की एक अन्य स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ ने 22 रन देकर दो जबकि आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने 24 रन देकर दो विकेट लिये। हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और मानसी जोशी ने एक-एक विकेट हासिल किया। उधर, दक्षिण अफ्रीका की मारिजान कैप को श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया।

एकता बिष्ट

क्रिकेटर होटल में बंद रहकर उकता गये : सिल्वा

श्रीलंका के बयान पर पाक क्रिकेट बोर्ड खफा

कराची, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका क्रिकेट के प्रमुख शम्मी सिल्वा के इस बयान पर निराशा जताई है कि हाल ही में हुए पाकिस्तान दौरे पर कड़े सुरक्षा इंतजामात के कारण उनकी टीम को काफी परेशानी हुई। श्रीलंकाई टीम ने कराची में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और लाहौर में तीन मैचों की टी 20 श्रृंखला खेली, जिसमें उसे 3-0 से जीत मिली।

कोलंबो लौटने पर सिल्वा ने मीडिया से कहा कि श्रीलंकाई क्रिकेटर तीन से चार दिन होटल में बंद रहकर उकता गए थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्र ने कहा कि उन्होंने सिल्वा के बयान सुनने के बाद श्रीलंका क्रिकेट से नाराजगी जता दी है।

सूत्र ने कहा कि पीसीबी इन बयानों से काफी निराश और आहत है। श्रीलंकाई टीम को आला दर्जे की सुरक्षा उसके बोर्ड के कहने पर ही मुहैया कराई गई थी। हम उनके दौरे को सुविधाजनक भी बनाना चाहते थे।

कोहली टेस्ट रैंकिंग में स्मिथ के करीब पहुंचे

आस्ट्रेलियन स्टीव स्मिथ से सिर्फ एक अंक पीछे

दुबई, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में नाबाद 254 रन की पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान विराट कोहली सोमवार को जारी आईसीसी की नवीनतम रैंकिंग में टेस्ट बल्लेबाजों में शीर्ष पर काबिज आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के सिर्फ एक अंक पीछे हैं। इस टेस्ट में शतक लगाने वाले सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल भी शीर्ष 20 बल्लेबाजों में शामिल हो गये। वह 108 रन की पारी की बदौलत 17वें स्थान पर आ गये। चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे शीर्ष 10 में शामिल दो अन्य बल्लेबाज हैं, जो चौथे और नौवें स्थान पर बने हुए है। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तीन पायदान चढ़ते हुए सातवें स्थान पर पहुंच गये जबकि चोट के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हुए जसप्रीत बुमराह तीसरे स्थान पर बने हुए है। हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में रविन्द्र जडेजा वेस्टइंडीज के कप्तान जैसन होल्डर के बाद दूसरे स्थान पर है जबकि अश्विन इस सूची में पांचवें पायदान पर हैं। श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के बाद 900 से अंक (जनवरी 2018 के बाद पहली बार) से नीचे पहुंचे कोहली के नाम अब 936 अंक हैं।

स्मिथ को पछाड़कर शीर्ष पर आने का मौका

19 से रांची में विराट कोहली का सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक 937 है, जहां वह पिछले साल अगस्त में पहुंचे थे। एक-दिवसीय में पहले स्थान पर काबिज कोहली के पास 19 अक्तूबर से रांची में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट में स्मिथ को पछाड़कर शीर्ष पर आने का मौका होगा।

डेनमार्क ओपन से फार्म में लौटने की कोशिश करेगी सिंधू

ओडेन्से, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

विश्व चैंपियन पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 775,000 डालर इनामी डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से फार्म में वापसी करने की कोशिश करेगी। अगस्त में विश्व चैंपियन बनने के बाद सिंधू पिछले महीने चीन ओपन और कोरिया ओपन में क्रमशः पहले और दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पायी थी। विश्व में छठे नंबर की सिंधू ने इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर का खिताब नहीं जीता है। अब इस विश्व टूर सुपर 750 टूर्नामेंट में उनका पहला मुकाबला इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजंग से होगा। सिंधू का विश्व में 16वें नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ 5-0 का रिकार्ड है।

विश्व में आठवें नंबर की साइना नेहवाल भी मुश्किल दौर से गुजर रही है। जनवरी में इंडोनेशिया ओपन जीतने के बाद से ही वह फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझ रही हैं। पिछली बार की फाइनलिस्ट साइना पहले दौर में जापान की 12वें नंबर की सयाका तकाहाशी से भिड़ेगी, जिसने इस भारतीय खिलाड़ी को अगस्त में थाईलैंड ओपन में हराया था।

सुडोकू

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

2		1			4			
			8				7	
				5	1		6	
1	8		4			2		
		3		9		6		
		9			6		1	3
	9		5	1				
	6				2			
			9			5		4

पिछले कल का उत्तर

1	7	9	2	5	6	3	4	8
2	6	4	1	3	8	5	7	9
8	3	5	7	9	4	1	6	2
6	4	2	9	8	5	7	3	1
9	8	7	6	1	3	2	5	4
3	5	1	4	7	2	8	9	6
4	2	3	8	6	7	9	1	5
5	9	8	3	4	1	6	2	7
7	1	6	5	2	9	4	8	3

आज का दिन

-सत्यव्रत बैंजवाल

मंगलवार, 15 अक्तूबर, परिधावी नामक विक्रमी संवत् 2076, कार्तिक कृष्ण पक्ष 2 तिथि (16 की सुबह 5.45 तक), अश्वनी नक्षत्र (दोपहर 12.30 तक), वज्र योग (16 की सुबह 5.00 तक), आश्विन 29 प्रविष्टे।

व्रत पर्व : गंडमूल (दोपहर 12.30 तक), अशून्यशयन व्रत ।

दिशाशूल : उत्तर दिशा की यात्रा पर गुड़ खाकर जाएं।

राहुकाल : दोपहर 3.00 से 4.30 तक।

	जम्मू	दिल्ली	चंडीगढ़
सूर्योदय	6.38	6.26	6.29
सूर्यास्त	5.54	5.47	5.47

सितारों के इशारे

-मदन गुप्ता सपाटू

आज 15 अक्तूबर को जन्मदिन तो कैसा रहेगा साल

आप अथाह ऊर्जा के साथ जिंदादिली से कामों को अंजाम देंगे। शुक्र ग्रह आपको जीवंत शिष्ट, आकर्षक, दूसरों की मदद करने वाला, डिप्लोमेटिक और यथार्थवादी बनायेगा। विद्यार्थियों के लिए नववर्ष विशेष होगा। छात्र जीवन में आपकी कड़ी मेहनत एवं समर्पण शिक्षा में बेहतर बनायेगा। जो विद्यार्थी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उन्हें इस वर्ष सफलता मिलेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले विद्यार्थियों को इस वर्ष सुनहरी अवसर मिलेगा। मेडिकल एवं इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को कड़ा परिश्रम करना होगा।

शुभ रंग : नीला, हरा, गुलाबी

शुभ दिन : मंगलवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार

शुभ अंक : 3, 5, 6, 9

शुभ रत्न : डायमंड, एमराल्ड जेड

राशिफल

मेष 21 मार्च से 20 अप्रैल
अनुबंध मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में सराहना संभव है। धन मिल सकता है।

वृष 21 अप्रैल से 21 मई
अनुबंध मिलने में बाधा है। निवेशक का सम्मान करें। विदेश यात्रा में तनाव हो सकता है।

मिथुन 22 मई से 21 जून
आय में वृद्धि हो सकती है। संगीत में रुचि हो सकती है। व्यापार में लाभ संभव हैं।

कर्क 22 जून से 22 जुलाई
लोन मिल सकता है। विदेश यात्रा संभव है। अनुबंध मिल सकता है। वाहन सुख में वृद्धि संभव है।

सिंह 23 जुलाई से 22 अगस्त
बुजुर्गों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम संबंध में विवाद हो सकता है। संगीत में रुचि संभव है।

कन्या 23 अगस्त से 22 सितंबर
निवेश न करें। वाहन सुख में कमी हो सकती है। चल रहा कानूनी विवाद तनाव दे सकता है।

तुला 23 सितंबर से 23 अक्तूबर
विदेश यात्रा संभव है। उच्च शिक्षा में प्रगति हो सकती है। निवेश प्रस्ताव मिल सकता है।

वृश्चिक 24 अक्तूबर से 22 नवंबर
धन मिल सकता है। पदोन्नति की संभावना है। सेहत में सुधार हो सकता है।

धनु 23 नवंबर से 21 दिसंबर
अनुबंध मिलने में बाधा है। सामाजिक आयोजन में विवाद से बचें।

मकर 22 दिसंबर से 20 जनवरी
निवेशक का सम्मान करें। वाहन विवाद में तनाव हो सकता है। धन मिलने में बाधा है।

कुंभ 21 जनवरी से 18 फरवरी
परिजनों के साथ यात्रा कर सकते हैं। आय में वृद्धि हो सकती है। पदोन्नति की संभावना है।

मीन 19 फरवरी से 20 मार्च
साक्षात्कार परीक्षा में आलस न करें। गीत-संगीत में रुचि संभव है।

पं. भानुप्रतापनारायण मिश्र

बीसीसीआई के भावी अध्यक्ष सौरव गांगुली बोले बेबाक

ऐसे में पद संभाल रहा हूं, जब बीसीसीआई की छवि खराब

मुंबई, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

बीसीसीआई के भावी अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को कहा कि उनके लिये यह कुछ अच्छा करने का सुनहरा मौका है क्योंकि वह ऐसे समय में बोर्ड की कमान संभालने जा रहे हैं, जब उसकी छवि काफी खराब हुई है। गांगुली ने अध्यक्ष पद की होड़ में बृजेश पटेल को पछाड़ दिया है और अब इस पद के लिये अकेले उम्मीदवार हैं। निश्चित तौर पर यह बहुत अच्छा अहसास है क्योंकि मैंने देश के लिये खेला है और कप्तान रहा हूं। गांगुली ने कहा, 'मैं ऐसे समय में कमान संभालने जा रहा हूं जब पिछले 3 साल से बोर्ड की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। इसकी छवि बहुत खराब हुई है। मेरे लिये यह कुछ अच्छा करने का सुनहरा मौका है।' उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता प्रथम श्रेणी क्रिकेटरों की देखभाल होगी। उन्होंने कहा, 'पहले मैं सभी से बात करूंगा और फिर फैसला लूंगा। मैं तीन साल से सीओए से भी यही कहता आया हूं लेकिन उन्होंने नहीं सुनी। सबसे पहले मैं प्रथम श्रेणी क्रिकेटरों की आर्थिक स्थिति दुरुस्त करूंगा।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18000 से अधिक रन बना चुके पूर्व कप्तान ने कहा कि निर्विरोध चुना जाना ही बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा, 'यह विश्व क्रिकेट का सबसे बड़ा संगठन है और जिम्मेदारी तो है ही, चाहे आप निर्विरोध चुने गए हों या नहीं। भारत क्रिकेट की महाशक्ति है तो यह चुनौती भी बड़ी होगी।' यह पूछने पर कि कार्यकाल सिर्फ 9 महीने का होने का क्या उन्हें अफसोस है, उन्होंने कहा, 'हां, यही नियम है और हमें इसका पालन करना है।'

मीडिया अधिकार जंग : बीसीसीआई के सामने बड़ी चुनौती

मुंबई (एजेंसी) : बीसीसीआई के नये पदाधिकारियों को जल्दी ही आईसीसी के साथ द्वंद्व का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि उसके प्रस्तावित भावी दौरों के कार्यक्रम (एफटीपी) का भारतीय क्रिकेट बोर्ड के राजस्व पर विपरीत असर पड़ सकता है। नये प्रस्ताव में टी-20 विश्व कप हर साल और 50 ओवरों का विश्व कप तीन साल में एक बार कराने की पेशकश है। इसके जरिये आईसीसी 2023-2028 की अवधि के लिये वैश्विक मीडिया अधिकार बाजार में प्रवेश करना चाहती है ताकि उसे स्टार स्पोर्ट्स जैसे संभावित प्रसारकों से राजस्व का मोटा हिस्सा मिल सके। सौरव गांगुली की अध्यक्षता वाले बीसीसीआई के सामने यह बड़ी चुनौती होगी।

पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए नहीं करूंगा प्रचार

बीसीसीआई के भावी अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि जब मैं आया तो मुझे पता नहीं था कि मैं अध्यक्ष बनूंगा। पत्रकारों ने मुझसे पूछा तो मैंने बृजेश का नाम लिया। मुझे बाद में पता चला कि हालात बदल गए हैं। गांगुली ने शनिवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। यह पूछने पर कि पश्चिम बंगाल में चुनाव में क्या वह भाजपा के लिए प्रचार करेंगे, उन्होंने ना में जवाब दिया। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष जगमोहन डालमिया का जिक्र आने पर भावुक हुए गांगुली ने कहा, 'मैंने कभी सोचा नहीं था कि इस पद पर मैं भी काबिज होऊंगा। वह मेरे लिये पितातुल्य थे। क्या यह पारी कप्तानी से उच्च होगी, यह पूछने पर गांगुली ने कहा , 'भारतीय टीम का कप्तान होने से बढ़ कर कुछ नहीं।'

भारत, बंगाल को गौरवान्वित किया : ममता

कोलकाता (एजेंसी) : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को बधाई दी, जो बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिये सर्वसम्मति से एकमात्र उम्मीदवार हैं। गांगुली को बधाई देते हुए बनर्जी ने कहा कि उन्होंने भारत और पश्चिम बंगाल को गौरवान्वित किया है। उन्होंने ट्वीट किया, 'आपको आपके कार्यकाल के लिये शुभकामनायें। हमें बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष के तौर पर भी आपके कार्यकाल पर गर्व रहा है। अगली शानदार पारी के लिये शुभकामनाएं।'

'एक व्यक्ति एक पद' के नियम को लकेर गांगुली मुखर

मुंबई (एजेंसी) : बीसीसीबाई के भावी अध्यक्ष सौरव गांगूली ने सोमवार को कहा कि 'हितों का टकराव' भारतीय क्रिकेट के सामने सबसे बड़े मुद्दों में से एक है क्योंकि इसके विवादास्पद नियम सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों को इस खेल के प्रशासन में आने से रोक रहे हैं। गांगुली खुद भी हितों के टकराव के मुद्दे का सामना कर चुके है। उन पर बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) और आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर रहने के कारण दोहरी भूमिका निभाने का आरोप लगा था। वह पहले ही दिल्ली कैपिटल्स से अलग हो चुके हैं जबकि 23 अक्तूबर को बीसीसीआई अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद वह सीएबी के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे देंगे। गांगुली ने साफ किया कि 'एक व्यक्ति एक पद' के मौजूदा नियम क्रिकेट के पूर्व दिग्गजों को प्रशासन में आने से रोकेगा क्योंकि उन्हें अपनी आजीविका कमाने की भी जरूरत होगी।

विजय हजारे क्रिकेट ट्राफी

गुजरात की जेएंडके पर जीत, चमके प्रियांक पांचाल

जयपुर, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

सलामी बल्लेबाज प्रियांक पांचाल के नाबाद 135 रन की मदद से गुजरात ने सोमवार को यहां विजय हजारे ट्राफी ग्रुप सी मैच में जम्मू-कश्मीर पर 8 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। जम्मू-कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 279 रन बनाये। उसकी तरफ से अब्दुल समद ने 68, शुभम खजूरिया ने 66 और परवेज रसूल ने 49 रन बनाये। गुजरात की तरफ से रस कलारिया, चिंतन गजा ओर ए नागेशवल्ला ने दो-दो विकेट लिये। पार्थिव पटेल की अगुवाई वाले गुजरात ने 37.3 ओवर में दो विकेट पर 282 रन बनाकर जीत दर्ज की।

पांचाल ने अपनी पारी में 122 गेंदें खेली तथा 17 चौके और तीन छक्के लगाये। पार्थिव ने 36 गेंदों पर 63 रन बनाकर गुजरात को तूफानी शुरुआत दिलायी और पांचाल के साथ पहले विकेट के लिये 83 रन जोड़े। इसके बाद पांचाल और भार्गव मेराई (नाबाद 70) ने तीसरे विकेट के लिये 176 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। गुजरात और तमिलनाडु दोनों ने आठ-आठ मैच जीते हैं। उनके बीच 16 अक्तूबर को मैच होगा, जिससे ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण होगा। ग्रुप सी के ही एक अन्य मैच में सेना ने बिहार को पांच विकेट से हराया। बंगाल और रेलवे का मैच टाई छूटा।

पुडुचेरी बड़ी जीत से प्लेट ग्रुप में शीर्ष पर

देहरादून (एजेंसी) : अनुभवी तेज गेंदबाज आर विनय कुमार के 4 विकेट की मदद से पुडुचेरी ने मणिपुर को 9 विकेट से हराकर विजय हजारे ट्राफी के प्लेट ग्रुप की तालिका में फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया। विनयकुमार ने 21 रन देकर चार विकेट लिये और मणिपुर का शीर्ष क्रम झकझोर दिया। सागर उदेशी ने 26 रन देकर तीन विकेट लिये और मणिपुर को 30.1 ओवर में 109 रन पर ढेर करने में अहम भूमिका निभायी। पुडुचेरी ने अरुण कार्तिक के नाबाद 67 रन की मदद से 16.1 ओवर में एक विकेट पर 115 रन बनाकर जीत दर्ज की। पुडुचेरी के आठ मैचों में 28 अंक हैं और वह प्लेट ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है।

epaper.dainiktribuneonline.com

सिलेंडर फटने से इमारत ध्वस्त, 13 की मौत

विस्फोट में अगल-बगल के 3 मकान भी धराशायी

मऊ, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

जिले के मोहम्दाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के वलीदपुर कस्बे में दोमंजिला मकान में रसोई गैस का सिलेंडर फट जाने के कारण 13 लोगों की मौत हो गयी और 15 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए आजमगढ़ जिला अस्पताल और मऊ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर पंचायत वालिदपुर मुहल्ले में रहने वाले छोटू विश्वकर्मा के घर पर सुबह नाश्ता बनाते समय गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। छोटू विश्वकर्मा के पड़ोसियों कन्हैया विश्वकर्मा और कटवारी धोबी के मकान अगल-बगल थे। विस्फोट में तीनों के मकान धराशायी हो गये। छोटू विश्वकर्मा के घर पर उनकी पत्नी रीता सुबह बच्चियों को स्कूल भेजने के लिए नाश्ता बना रही थी। तभी अचानक रसोई गैस के सिलेंडर में विस्फोट हो गया।छोटू विश्वकर्मा के परिवार में उनकी पत्नी रीता और उनकी पांच बेटियां है। छोटू की करीब दस साल पहले मौत हो गई। पड़ोसी कन्हैया विश्वकर्मा के परिवार में उनकी पत्नी रीना (25) तथा तीन बेटियों- सरिता, सोनम, सिम्पी की मौत हो गई। पड़ोस के एक और मकान में रहने वाले सुरेंद्र विश्वकर्मा और उनकी 10 साल की बेटी निधि की भी मौत हो गयी। इस हादसे में वहां से गुजर रहे राहगीर शिवम, इम्तियाज (25), जीशान (15) और यासिर (13) की भी मौत हो गयी।

मऊ में सोमवार को सिलेंडर फटने से गिरे मकान के मलबे से लोगों को निकालते लोग। -प्रेट्र

पत्नी रीता सिलाई करके परिवार चलाती थी। आज छोटी बेटी की परीक्षा थी।

रीता सुबह उसके लिए नाश्ता बनाने गई और गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। हादसे में रीता की पांच बेटियों में से तीन की मौत हो गई जिनके नाम मोना (20), ममता (18) और संजना (15) हैं। हादसे में रीता बच गई। विस्फोट के कारण

सेना की जवाबी कार्रवाई

पाक की कई चौकियां, आतंकी कैंप तबाह

सुरेश एस डुग्गर
जम्मू, 14 अक्तूबर

पाकिस्तान की तरफ से लगातार संघर्ष विराम उल्लंघन के जवाब में भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में बड़ी कार्रवाई की है। नौशहरा और उड़ी सेक्टर में जवानों की शहादत के जवाब में की गयी इस कार्रवाई में नीलम घाटी और हाजी-पीर इलाके में पाकिस्तानी सेना के कई चौकियां तबाह हो गयीं। इन चौकियों के पास बनाए गये जैश-ए-मोहम्मद के कई कैंप भी तबाह कर दिए गये हैं। जानकारी के अनुसार पाकिस्तानी सेना के 4 जवान मारे गये हैं। पाकिस्तानी रेंजरों ने भी कठुआ जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास के इलाकों को छोटे हथियारों से निशाना बनाया।

2 आतंकी गिरफ्तार : गंदरबल जिले के नारानाग से सुरक्षाबलों ने 2 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार उनसे हथियार, गोला-बारूद बरामद हुआ है।

आतंकवाद की गिरफ्त में न आयें : चिश्ती

श्रीनगर (एजेंसी) : ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीं काउंसिल ने कश्मीर के लोगों से आतंकवाद के गिरफ्त में नहीं आने की अपील की है। काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल के कश्मीर दौरे के बाद संस्था के अध्यक्ष सैयन नसरूद्दीन चिश्ती ने कहा, 'सीमापार से हो रहे विषवमन से जम्मू-कश्मीर के विकास के सपने को धराशायी नहीं होने दें। जिहाद की आड़ में पेश किये जा रहे आतंकवाद की गिरफ्त में न आयें।'

हांगकांग में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को रैली निकाली और अमेरिका के झंडे लहराए गए। -एजेंसी

यूएस सीनेटर की चेतावनी

'पुलिसिया राज' बन रहा हांगकांग

हांगकांग, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

अमेरिकी सीनेटर जोश हावले ने सोमवार को आगाह किया कि हांगकांग पुलिसिया राज की दिशा में बढ़ रहा है। यह आर्थिक केंद्र एक रैली की तैयारी कर रहा है, जिसमें अमेरिका से आह्वान किया जाएगा कि वह स्वतंत्रता को कम किए जाने को लेकर चीन को दंडित करे। अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक केंद्र में उस समय एक बार फिर अशांत हालात बन गए, जब शहर में लोकतंत्र समर्थकों और पुलिस के बीच कई जगहों पर झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारी 19 हफ्तों से लोकतांत्रिक आजादी और पुलिस की जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। चीन और स्थानीय नेताओं ने उनकी मांगों को लेकर झुकने से इनकार कर दिया है। ऐसे में इस संकट का जल्द हल निकलता नजर नहीं आता।

शहर के वाणिज्यिक जिले में प्रदर्शनकारियों की भीड़ जुटने की उम्मीद है। इन लोगों की मांग अमेरिकी नेताओं से उस विधेयक को पारित करने की है, जिससे अमेरिका के इस कारोबारी केंद्र के साथ रिश्तों में कमी आ सकती है। इस विधेयक के प्रस्तावकों में मिसूरी से रिपब्लिकन सीनेटर हावले भी हैं। उन्होंने दो दिन का हांगकांग दौरा किया और इस दौरान रविवार को मांगकॉक जिले में प्रदर्शन देखे। बाद में हावले ने प्रमुख लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता जोशुआ वांग से मुलाकात की। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वहां स्थिति गंभीर है। उन्होंने कहा कि हांगकांग में प्रतिनिधि सरकार खतरे में हैं और एक देश दो व्यवस्था का मॉडल भी खतरे में है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं...

पीएमसी बैंक मामले पर सरकार की नजर

निकासी की सीमा 40 हजार रुपये की

नयी दिल्ली, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

सरकार पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक मामले पर नजर रखे हुए है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक के गवर्नर ने भरोसा दिया है कि पीएमसी बैंक के ग्राहकों के हितों की रक्षा की जाएगी।

पीएमसी बैंक में वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आने के बाद केंद्रीय बैंक ने इस बैंक के ग्राहकों के लिये नकद निकासी की सीमा तय करने के साथ ही बैंक पर कई तरह के अन्य प्रतिबंध लगा दिये। इस बीच, सोमवार को रिजर्व बैंक ने ग्राहकों को राहत देते हुए निकासी की सीमा को बढ़ाकर 40 हजार रुपये कर दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के प्रमुखों के साथ बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि आरबीआई गवर्नर ने मुझे आश्वासन दिया है कि वह ग्राहकों के हित को ध्यान में रखेंगे और जल्द उनकी दिक्कतें दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा- 'मैंने आज दोपहर आरबीआई गवर्नर के साथ चर्चा की थी और मैं इसकी बारीकी से निगरानी कर रही हूं।' वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार जमा पर गारंटी की सीमा को एक लाख से बढ़ाने पर विचार कर सकती है। यदि ऐसा होता है तो इसे संसद के माध्यम से किया जाएगा।

वधावन की हिरासत बढ़ी : उधर, मुंबई की एक अदालत ने पीएमसी बैंक घोटाले में सोमवार को एचडीआईएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राकेश वधावन और उनके बेटे सारंग और बैंक के पूर्व चेयरमैन वरयाम सिंह की पुलिस हिरासत 16 अक्तूबर तक बढ़ा दी।

खट्टर के बयान पर बवाल, महिला कांग्रेस ने फूंका सीएम का पुतला

कहा-सोनिया गांधी व महिलाओं से माफी मांगें मुख्यमंत्री

नयी दिल्ली, 14 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की आपत्तिजनक टिप्पणी से नाराज दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस ने सोमवार को यहां भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। महिला कांग्रेस ने मांग की कि खट्टर को अपने विवादित बयान के लिए सोनिया गांधी से और देश की सभी महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए।

यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष शर्मिष्ठा मुखर्जी ने आरोप लगाया कि खट्टर महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि खट्टर राज में हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ अपराध कई गुना बढ़ गए हैं। बलात्कार की घटनाओं में 4.5 प्रतिशत तथा महिलाओं के अपहरण की घटनाएं 100 प्रतिशत से भी ज्यादा बढ़ी हैं। उनके साथ अखिल भारतीय कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनाते, अल्का लांबा, दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नयी दिल्ली में सोमवार को हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर का पुतला जलाती महिला कांग्रेस कार्यकर्ता। -मानस रंजन भुई

महिलाओं का अपमान : सैलजा

नयी दिल्ली (एजेंसी) : कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा कथित तौर अपमानजनक टिप्पणी को लेकर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की प्रमुख सुष्मिता देव ने सोमवार को कहा कि इस 'असंसदीय एवं निंदनीय' बयान के लिए बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा, यह महिलाओं के प्रति उनके और भाजपा के अपमानजनक रुख को दर्शाता है। उधर कांग्रेस ने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा, 'कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ अपने तुच्छ बयान, महिलाओं के अपमान और असामाजिक सोच के लिए मुख्यमंत्री खट्टर को देश की समस्त महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए।' हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा, 'मुख्यमंत्री खट्टर जी, आपके लिए महिलाओं के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना कोई नई बात नहीं है। लेकिन अपने सोनिया जी के खिलाफ जो टिप्पणी की है वह पूरे नारी समाज का घोर अपमान है। आपके शासन में हरियाणा क्राइम कैपिटल बन गया है।'

यह कहा था सीएम खट्टर ने

खट्टर ने एक सभा में कथित तौर पर कहा, 'लोकसभा चुनाव में हार के बाद राहुल (राहुल गांधी) ने पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ दिया और कहा कि नया कांग्रेस अध्यक्ष गांधी परिवार से नहीं होगा... हमने इस निर्णय का स्वागत किया था... वंशवाद की राजनीति को खत्म करने के लिए यह अच्छा फैसला था... फिर, इन लोगों ने देशभर में (नए अध्यक्ष की) तलाश शुरू की... तीन महीने के बाद, उन्होंने सोनिया गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बना दिया... यह तो ऐसा हुआ, जैसे खोदा पहाड़, निकली चुहिया, वह भी मरी हुई।'

आईएनएक्स मामले में चिदंबरम के रिमांड पर फैसला आज

नयी दिल्ली, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

आईएनएक्स मीडिया मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की गिरफ्तारी और रिमांड के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अर्जी पर सोमवार को दिल्ली की एक विशेष अदालत ने फैसला मंगलवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया। एजेंसी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने विशेष जज को बताया कि सुप्रीमकोर्ट ने अपने निष्कर्ष में कहा है कि चिदंबरम को हिरासत में लेकर पूछताछ की जानी जरूरी है।

वहीं, चिदंबरम की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने याचिका का विरोध किया। उन्होंने कहा कि चिदंबरम पहले से ही सीबीआई की हिरासत में हैं, उसी अपराध में उन्हें हिरासत में लेने का ईडी के पास कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा, 'सीबीआई ने पहले ही भुगतान और विदेशी कंपनियों की जांच के लिए उनकी हिरासत मांगी है और अब ईडी इसकी जांच करना चाहती है।'

हादसा हॉकी के 4 राष्ट्रीय खिलाड़ियों की मौत

कार पेड़ से टकराई, 3 अन्य प्लेयर जख्मी

होशंगाबाद (मध्यप्रदेश), 14 अक्तूबर (एजेंसी)

ध्यानचंद ट्राफी हॉकी टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच खेलने जा रहे 4 राष्ट्रीय खिलाड़ियों की सोमवार को सड़क हादसे में मौत हो गयी, जबकि 3 घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि कार हादसा सुबह करीब 7 बजे होशंगाबाद जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग 69 पर हुआ। सामने से आ रहे एक वाहन के साथ टक्कर से बचने की कोशिश में कार के चालक ने संतुलन खो दिया, जिससे कार पेड़ से टकराकर पलट गई। ये खिलाड़ी इटारसी में अपने एक दोस्त का जन्मदिन मनाकर होशंगाबाद लौट रहे थे, जहां उन्हें मैच खेलना था।

हादसे में मारे गये खिलाड़ियों की पहचान शाहनवाज हुसैन (इंदौर), आदर्श हरदुआ (इटारसी), आशीष लाल (जबलपुर) और अनिकेत वरुण (ग्वालियर) के रूप में हुई है। इनकी उम्र 18 से 22 साल के बीच थी। घायल हुए शान ग्लैडविन (22), साहिल चौरे (19) और अक्षय अवस्थी (18) को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रशासन ने स्थगित किया मैच

सड़क हादसे के बाद ध्यानचंद हॉकी अकादमी के सचिव नीरज राय बहोत्रा ने बताया कि ये सातों राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी थे। हादसे के बाद ध्यानचंद ट्राफी हॉकी टूर्नामेंट बीच में स्थगित कर दिया गया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने खिलाड़ियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपने शोक संदेश में कहा, 'इन खिलाड़ियों की मृत्यु से प्रदेश के हॉकी जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।'

5 साल में एक लाख करोड़ होगा टोल राजस्व : गडकरी

नयी दिल्ली, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

इलेक्ट्रॉनिक पथ कर संग्रह कार्यक्रम जैसी पहलों से देश का टोल संग्रह अगले पांच साल में बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये सालाना हो सकता है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार 'एक राष्ट्र एक फास्टैग' पर आयोजित एक सम्मेलन में यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने फास्टैग के लिए प्रीमियम एनएचएआई वॉलेट भी पेश किया।

गडकरी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधीन कुल 1.4 लाख किलोमीटर राजमार्ग आता है, जिसमें से 24996 किलोमीटर राजमार्ग टोल के दायरे में है। साल के आखिर में यह बढ़कर 27,000 किलोमीटर हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक दिसंबर 2019 से टोल भुगतान केवल फास्टैग के जरिए होगा।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में भूकंप

इस्लामाबाद, अक्तूबर (एजेंसी) : पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान की हिंदूकुश पहाड़ियां थी। कुछ दिन पहले पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आए भूकंप में 40 लोगों की मौत हो गई थी।

जापान में थमा तूफान का कहर

टोक्यो, 14 अक्तूबर (एजेंसी)

जापान की राजधानी टोक्यो समेत देश के अन्य हिस्सों में तूफान 'हगिबिस' का कहर थम चुका है, लेकिन इससे देश के मध्य एवं उत्तरी हिस्से में काफी नुकसान हुआ और दर्जनों लोग या तो मारे गए या लापता हैं। तूफान से शनिवार को मूसलाधार बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं, जिससे हजारों मकान क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए। तूफान से बिजली एवं संचार व्यवस्था प्रभावित हो गई।

प्राधिकारियों ने आगाह किया कि सोमवार को भी प्रभावित इलाके में बारिश हो सकती है। क्योदो समाचार एजेंसी के अनुसार, तूफान में 56 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है और 17 लापता हैं।

सर्कुलेशन, विज्ञापन बुकिंग तथा अन्य संबंधित जानकारी हेतु कृपया निम्नांकित नंबरों पर सोमवार से शनिवार तक सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सम्पर्क करें :
सर्कुलेशन : 0172-2670419
या ई-मेल करें : circulation@tribunemail.com
विज्ञापन :
क्लासिफाइड : 0172-2670257
या ई-मेल करें : classified@tribunemail.com
डिस्पले : 0172-2670256
या ई-मेल करें : advt@tribunemail.com

प्रकाशक व मुद्रक राजकुमार सिंह द्वारा द ट्रिब्यून ट्रस्ट की ओर से द ट्रिब्यून प्रेस, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से मुद्रित व द ट्रिब्यून, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से प्रकाशित।
कॉपीराइट © द ट्रिब्यून ट्रस्ट, सर्वाधिकार सुरक्षित।
आर.एन.आई. रजि. नंबर 32198/78.
चंडीगढ़ फोन : 2655066, 2655067, 2655068.
सर्कुलेशन : 0172-2670419, विज्ञापन : 0172-2670256-257.
संपादक : राजकुमार सिंह*
*पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु जिम्मेदार।

पेज 1 का शेष

हिन्दू पक्ष से नहीं...

'धवन के इस कथन का राम लला का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने जोरदार प्रतिवाद किया और कहा, 'यह पूरी तरह से अनावश्यक है।' धवन ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब संविधान पीठ ने कहा कि विवादित स्थल पर लोहे की ग्रिल लगाने का मकसद हिन्दुओं और मुसलमानों को अलग अलग करना था और यह तथ्य सराहनीय है कि हिन्दु बाहरी बरामदे में पूजा अर्चना करते थे जहां 'राम चबूतरा', 'सीता रसोई' 'भण्डार गृह' थे।

शीर्ष अदालत ने धवन के इस कथन का भी संज्ञान लिया कि हिन्दुओं को सिर्फ अंदर प्रवेश करने और स्थल पर पूजा अर्चना करने का 'निर्देशात्मक अधिकार' था और इसका मतलब यह नहीं है कि विवादित संपत्ति पर उनका मालिकाना हक था। पीठ ने सवाल किया कि आप कह रहे हैं कि उनके पास प्रवेश और पूजा अर्चना का अधिकार था, क्या यह आपके मालिकाना अधिकार को कमतर नहीं करता? पीठ का यह भी कहना था कि संपत्ति पर पूर्ण स्वामित्व के मामले मे क्या किसी तीसरे पक्ष को प्रवेश और पूजा अर्चना का अधिकार दिया जा सकता है?

संविधान पीठ दशहरा अवकाश के बाद सोमवार को 38वें दिन इस प्रकरण पर सुनवाई शुरू की जो 17 अक्तूबर तक जारी रहेगी। पीठ 2.77 एकड़ विवादित भूमि तीन पक्षकारों-सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और राम लला- में बराबर बांटने का आदेश देने संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर 14 अपीलों पर सुनवाई कर रही है।

अयोध्या में निषेधाज्ञा लागू

अयोध्या (एजेंसी) : अयोध्या में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है, जो कि 10 दिसंबर तक लागू रहेगी। निषेधाज्ञा का आदेश अपने आधिकारिक ट्विटर पर पोस्ट करते हुए जिला मजिस्ट्रेट अनुज कुमार झा ने कहा 'अयोध्या और यहां आने वालों की सुरक्षा तथा संरक्षा को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किया गया है।...मैं यह भी कहना चाहूंगा कि 31 अगस्त 2019 से यहां एक और आदेश लागू है जो गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और अवांछित गतिविधियों के बारे में है। 12 अक्तूबर 2019 को जारी आदेश उन बिंदुओं के सिलसिले में है जो पूर्व के आदेश में नहीं थे।' कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने भी बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की मांग की है। झा ने कहा कि ड्रोन आदि से अयोध्या के अंदर शूटिंग करने या फिल्म बनाने पर भी रोक है। दीपावली के अवसर पर मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना पटाखों की खरीदी या बिक्री की इजाजत नहीं होगी।

epaper.dainiktribuneonline.com